RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 3 अंक 336
फरीदाबाद, रविवार, 17 जनवरी, 2021
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए   YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana




चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हों

पेज- 12


ANIL GENERATOR
SILENT GENERATOR
on Hire 62 KVA to 1250 KVA
Sale-Purchase of Old Generator
Surendra Kapoor, Prop.
Add.: 20/6, Mathura Road, Nuchem compound Faridabad
Ph. 0129-4873365,
Mob.: 9811056365, 9311056365
Email : anil.kapoor74@yahoo.com
surendra.kapoor@gmail.com


**मौसम** फरीदाबाद
अधिकतम 19.01°C
न्यूनतम 08.09°C

आज का राशिफल 17 जनवरी
>> पढ़े पेज-10

# अब विदेश भेजने के नाम पर नहीं होगी लूट-खसोट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**195 देशों में किसी भी श्रेणी का वीजा एक ही प्लेटफॉर्म पर कर सकते हैं आवेदन**

**स्टार्टअप इंडस्ट्री में नया कदम वीसामेन के नाम से वीजा सर्विस का सुपरमैन**

**अब** विदेश भेजने के नाम पर लूट-खसोट नहीं होगी। इसको लेकर वीजा इंडस्ट्री के अनुभवी लोगों ने मिलकर स्टार्टअप शुरू किया है। पूरे भारत में वीजा सेवाएं देने वाली पहली मोबाइल ऐप शनिवार को लांच की गई। ऐप के माध्यम से कोई भी व्यक्ति 195 देशों में किसी भी श्रेणी का वीजा एक ही प्लेटफार्म से एप्लाई कर सकता है।

स्टार्टअप के पहले चरण में वीसामेन के नाम से मोबाइल ऐप और वेबसाइट लांच की गई है। वीसामेन के सीईओ गुरबिंदर सिंह ने यह जानकारी दी। बताया कि हमारा उद्देश्य लोगों को सभी तरह के वीजा प्रोग्राम से अवगत कराना है। उन्होंने बताया कि भारत में मुख्य देशों का वीजा लगवाने संबंधित जो भी जानकारी उपलब्ध है वो आधी-अधूरी और बहुत अधिक जटिल है, जिससे पढ़े लिखे व्यक्ति को भी वीजा एप्लाई करने में दिक्कत का सामना करना पड़ता है और उसे भी दलालों के चक्कर काटने पड़ते हैं। जिससे कई बार वे अपनी मेहनत की कमाई लुटवा बैठता है और उसे वीजा भी नहीं मिलता।

लोगों को इसी लूट से बचाने के उद्देश्य से वीसामन एक पारदर्शी प्लेटफार्म का स्टार्टअप शुरू किया गया है। सिंह ने बताया, वीसामेन तीन मुख्य सेवाओं द्वारा पहला चरण पूरा करेगा। जिसमें लाइव वीडियो चैट, हर शहर में वीजा प्रोफेशनल और डू इट योरसेल्फ किट। सिंह ने बताया कि शुरुआत में वीसामेन की सेवाएं देश के 26 शहरों में वीजा प्रोफेशनल द्वारा शुरू की जा रही हैं। अप्रैल 2021 तक वीसामेन की सेवाओं का लक्ष्य 150 शहरों को पार करने का है।

# आईपीएल: चार फरवरी है रजिस्ट्रेशन की डेडलाइन

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**16 को हो सकती है नीलामी**

**बीसीसीआई** ने कहा है कि आईपीएल के 2021 सीजन के लिए होने वाली नीलामी में अगर कोई खिलाड़ी व्यक्तिगत रूप से शामिल होना चाहता है, तो वह सीधे राज्य संघों से बात करेगी और इसके लिए किसी भी हाल में खिलाड़ी के एजेंट से बात नहीं की जाएगी।

बीसीसीआई ने कहा है कि फ्रेंजाइटी जिन खिलाड़ियों की रिटेन कर रही हैं, उनकी सूची 20 जनवरी तक हर हाल में जारी कर देनी होगी। और जिन खिलाड़ियों के साथ कोई करार नहीं है, वे आईपीएल 2021 प्लेअर अग्रीमेंट के साथ चार फरवरी तक अपनी दावेदारी पेश कर सकते हैं। आईपीएल की नीलामी संभवत: इस साल 16 फरवरी को होगी। राज्य संघों से कहा गया है कि अगर वे किसी खिलाड़ी को नीलामी में शामिल करना चाहते हैं तो वे उनका नाम सारी औपचारिकताओं के साथ भेजें। बीसीसीआई ने नीलामी में हिस्सा लेने के इच्छुक यू-19 खिलाड़ियों के लिए भी कुछ शर्तें तय की हैं।

## क्विक न्यूज

### शाहनवाज हुसैन बने बिहार में एमएलसी प्रत्याशी

**नई दिल्ली।** भाजपा ने अपने राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन को बिहार से अपना एमएलसी प्रत्याशी बनाने की घोषणा की है। इसके साथ ही पार्टी ने हुसैन को बिहार में दो विधान परिषद सीटों पर उपचुनाव के लिए भी जिम्मेदारी दी है। इसके अलावा पार्टी ने उत्तर प्रदेश में विधान परिषद की 12 सीटों पर आगामी द्विवार्षिक चुनाव के लिए प्रत्याशियों की सूची भी जारी की। इसके साथ ही पूर्व केंद्रीय मंत्री हुसैन की चुनावी राजनीति में वापसी हो गई है।

### पंजाब निकाय चुनाव: 14 फरवरी को होगा मतदान

**चंडीगढ़।** पंजाब में आठ नगर निगमों और 109 नगर परिषदों और नगर पंचायतों की आम/उपचुनाव की समय-सारणी का ऐलान हो गया है। इसके साथ ही राज्य के सभी चुनावी हलकों में आदर्श चुनाव आचार संहिता तुरंत प्रभाव से लागू हो गई है। यह जानकारी के राज्य चुनाव आयुक्त, जगपाल सिंह संधू ने दी। संधू ने कहा कि नामांकन भरने की प्रक्रिया 30 जनवरी 2021 से शुरू होगी और 3 फरवरी 2021 नामांकन भरने की अंतिम तारीख होगी।

### निठारी कांड : कोली को 12वें केस में भी मृत्युदंड की सजा

**गाजियाबाद।** नोएडा के बहुचर्चित निठारी कांड के 12वें मामले में भी अभियुक्त सुरेंद्र कोली को विशेष सीबीआई कोर्ट ने दोषी पाया। अदालत ने उसे मृत्युदंड की सजा सुनाई है। अलग-अलग धाराओं में आरोपी कोली पर अदालत ने 1.20 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। इसके पहले भी 11 मामलों में कोली को फांसी की सजा सुनाई जा चुकी है। अदालत ने कोली को लड़की से दुष्कर्म करने के बाद हत्या और साक्ष्य मिटाने के मामले में सजा सुनाई है। वहीं दूसरे आरोपी मोनिंदर सिंह पंढेर को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। सुरेंद्र कोली की सजा पर शनिवार को सीबीआई के न्यायाधीश अमित वीर सिंह की अदालत में बहस हुई। जिसके बाद फांसी की सजा सुनाई गई। निठारी कांड में चार और मामलों में सुनवाई चल रही है। बता दें, निठारी गांव में रहने वाली एक लड़की सेक्टर-30 में कोठियों में काम करती थी।

## दुनिया का सबसे बड़ा वैक्सीनेशन प्रोग्राम भारत में शुरू

# पहले दिन टीकाकरण का 60 प्रतिशत टारगेट पूरा

### 3.15 लाख को लगना था, लेकिन 1.91 लाख को लग पाया

**पहले चरण में 3 करोड़ को लगाई जाएगी वैक्सीन**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली एम्स के सफाईकर्मी मनीष कुमार को लगाई गई पहली वैक्सीन।



कोरोना को टीका लगवाते एम्स के डॉयरेक्टर डॉ. रणदीप गुलेरिया।

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शनिवार सुबह 11.05 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोरोना वैक्सीनेशन की शुरुआत की। 'सर्वे भवन्तु सुखिन:, सर्वे सन्तु निरामया:' श्लोक से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। वैक्सीनेशन की शुरुआत में 35 मिनट के भाषण में प्रधानमंत्री ने कहा कि वैक्सीन बहुत ही कम समय में आ गई है। पहले चरण में 3 करोड़ लोगों को वैक्सीन लगाई जाएगी। दुनिया के 100 देशों की तो इतनी आबादी भी नहीं है। संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री भावुक भी हो गए। कहा कि हमें बचाने के लिए कई लोगों ने प्राण संकट में डाल दिए।

दुनिया का सबसे बड़ा वैक्सीनेशन प्रोग्राम शनिवार से भारत में शुरू हुआ। हालांकि, टारगेट के मुकाबले पहले दिन महज 60 फीसद लोगों को ही कोरोना वैक्सीन लगाई गई। सरकार ने पहले कहा था कि 3006 जगहों पर 3,01,537 लोगों को टीका लगेगा। शाम को सरकार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि वैक्सीन की साइट्स तो बढ़ाकर 3351 हो गई थीं, लेकिन यहां 1,65,714 को टीका लगाया जा सका। 07:45 बजे तक यह डेटा 1,91,181 हो गया। सरकार की ओर से जारी बयान में बताया कि कुछ जगहों पर बेनिफिशियरी लिस्ट अपलोड होने में देरी हुई। कुछ जगहों पर ऐसा हुआ कि जिन हेल्थ वर्कर्स को वैक्सीन लगाई गई, वे पहले दिन के लिए शेड्यूल्ड नहीं थे। हालांकि, पहले दिन के फाइनल आंकड़े सरकार बाद में जारी करेगी।

● संबंधित खबरें पेज-09

**ये हैं सबसे ज्यादा वैक्सीनेशन वाले 15 राज्य**

| | |
|---|---|
| आंध्रप्रदेश | 16,963 |
| बिहार | 16,401 |
| उत्तर प्रदेश | 15,975 |
| महाराष्ट्र | 15,727 |
| कर्नाटक | 12,637 |
| प. बंगाल | 9,578 |
| राजस्थान | 9,279 |
| ओडिशा | 8,675 |
| गुजरात | 8,557 |
| केरल | 7,206 |
| मध्यप्रदेश | 6,739 |
| छत्तीसगढ़ | 4,985 |
| हरियाणा | 4,656 |
| तेलंगाना | 3,600 |
| तमिलनाडु | 2,728 |

### हरियाणा में 77 सेंटर पर 10.90 लाख को लगेगा टीका

**पंचकूला।** टीकाकरण अभियान के तहत प्रदेश को कोवीशील्ड की 2,41,500 डोज और कोवैक्सीन की 20 हजार डोज मिली हैं। पहले चरण में 10,90,000 हेल्थ वर्करों को यह वैक्सीन दी जाएगी। इसके लिए प्रदेश की 77 साइट्स तय की गई हैं। इनमें से गुरुग्राम और पंचकूला दो साइट्स पीएम के कार्यक्रम से सीधे जुड़ी थी। 12 बजे सीएम मनोहर लाल ने वीसी के माध्यम से टीम की हौसला अफजाई की। हालांकि, कैथल में किसानों के विरोध का सामना करना पड़ा। यहां विरोध प्रदर्शन के चलते वैक्सीनेशन सेंटर को बदलना पड़ा। सेहत विभाग की टीम सामान उठाकर जाती दिखाई दी। सर्वाधिक फोकस एनसीआर के गुरुग्राम-फरीदाबाद पर है। गुरुग्राम में 44950 और फरीदाबाद में 22620 डोज भेजी गई हैं। इसी तरह हिसार में 21770, करनाल में 13160, अंबाला में 12840, जींद में 10540, रोहतक में 10950 और सोनीपत में 10310 डोज भेजी गई हैं।

**एम्स के पूर्व डायरेक्टर्स ने स्वदेशी वैक्सीन को बताया सुरक्षित:** वैक्सीनेशन पर उठे तमाम संदेहों के बीच एम्स के पूर्व डायरेक्टर्स समेत 45 विशेषज्ञों का ग्रुप सामने आया है। इस ग्रुप का दावा है कि भारत में बनी वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित हैं। ग्रुप ने यह भी कहा कि जो लोग इनकी आलोचना कर रहे हैं, वे भारतीय वैज्ञानिक बिरादरी की विश्वसनीयता पर संकट खड़ा कर रहे हैं। कोवीशील्ड और कोवैक्सिन को 3 जनवरी को केंद्र ने इमरजेंसी इस्तेमाल की मंजूरी दी थी। कोवीशील्ड को ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी और एस्ट्राजेनेका ने मिलकर बनाया है। भारत में इसे सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया बना रही है। कोवैक्सिन को हैदराबाद की कंपनी भारत बायोटेक बना रही है।

### वैक्सीनेशन पर राजनीति भी शुरू, कांग्रेस का सवाल



**टीका भरोसेमंद, तो सरकार क्यों नहीं लगवा रही ?**

**नई दिल्ली।** देश में दुनिया के सबसे बड़े टीकाकरण अभियान की शुरुआत के साथ ही इस पर सियासत भी शुरू हो गई है। कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि फेज-3 के ट्रायल के बिना ही वैक्सीन को इमरजेंसी अप्रूवल दिया गया। अगर वैक्सीन इतनी ही भरोसेमंद है, तो सरकार से जुड़े लोग इसका डोज क्यों नहीं लगवा रहे? वहीं, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने वैक्सीनेशन ड्राइव की शुरुआत होने के बाद कहा कि यह कोरोना के खिलाफ संजीवनी का काम करेगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और वैज्ञानिकों-एक्सपर्ट्स पर भरोसा रखें। आनंदपुर साहिब (पंजाब) से कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा कि दुनिया के हर देश, जहां वैक्सीनेशन शुरू हो चुका है, वहां लीडर्स ने टीका लगवाया। प्रेसिडेंट इलेक्ट जो बाइडेन और वाइस प्रेसिडेंट इलेक्ट कमला हैरिस ने भी वैक्सीन लगवाई। ब्रिटेन में क्वीन एलिजाबेथ और प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने भी वैक्सीन लगवाई। ऐसा इसलिए ताकि वे अपने लोगों में वैक्सीन के प्रति भरोसा जगा सकें। फिर हमारे यहां क्यों सरकार ऐसा नहीं कर रही?

# पुराने सहपाठियों के साथ गोवा घूमने जा रही 11 महिलाओं की हादसे में मौत

**एजेंसी।** धारवाड़



**पीएम मोदी ने प्रकट की संवेदना :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने ने हादसे में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा, 'दुख ही इस घड़ी में हम शोकाकुल परिवारों के साथ हैं। मैं घायलों के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।'

**स्कूल** की सहपाठियों के साथ गोवा घूमने और पुराने दिनों को याद करने की योजना 11 महिलाओं के लिए जीवन का आखिरी सफर साबित हुआ, जिनकी सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसे में मृत सभी 11 महिलाएं दावणगेरे स्थित सेंट पॉल स्कूल के 1989 बैच की छात्रा थीं और यह समूह जिस मिनी बस से जा रहा था उसकी शुक्रवार को इतिगत्ति गांव के पास लॉरी से टक्कर हो गई।

पुलिस के मुताबिक पूर्व छात्राओं ने तीन दिन की गोवा यात्रा की योजना बनाई थी और इनमें से दो के साथ उनकी बेटियां भी थी। उन्होंने बताया कि 14 पूर्व छात्राएं शुक्रवार सुबह दावणगेरे से रवाना हुई थीं, जिनमें से 13 दावणगेरे जिला मुख्यालय के कस्बे की ही थीं, जबकि एक महिला बेंगलुरु की थी। पुलिस ने बताया कि वे एक सहपाठी को धारवाड़ से लेने जा रही थी तभी यह हादसा हो गया।

वाहन के चालक और खलासी को रानेबेन्नूर से पकड़ा गया है। हादसे में ट्रक ड्राइवर और पांच अन्य महिलाएं घायल हुई हैं। दो घायलों की गंभीर स्थिति है और एक महिला को हवाई जहाज की मदद से बेंगलुरु के अस्पताल में स्थानांतरित किया गया है। पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज कर घटना की जांच की जा रही है।

### 11 राज्यों में फैला बर्ड फ्लू: छत्तीसगढ़ में 10 हजार मुर्गियों को मारा

**नई दिल्ली।** देश के 11 राज्यों में बर्ड फ्लू की पुष्टि हो चुकी है। छत्तीसगढ़ के बालोद में बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद शनिवार को गिधाली के पोल्ट्री फार्म की 10 हजार मुर्गियों को दफनाया गया। संक्रमित पोल्ट्री फॉर्म को सील कर दिया गया है। इसके संचालक और वहां काम करने वाले 2 कर्मचारियों समेत 15 लोगों को होम आइसोलेशन में रहने के निर्देश दिए गए हैं।

इससे पहले शुक्रवार को गिधाली के ही दूसरे पोल्ट्री फॉर्म में लगभग 1200 मुर्गियों को दफनाया गया था। 10 किमी के इलाके में प्रशासन हालात की मॉनिटरिंग कर रहा है। इधर, पंजाब में बर्ड फ्लू के संकेत मिले हैं। जालंधर की नॉदर्न रीजनल डिजीज डायग्नोस्टिक लैबोरेटेरी ने मोहाली के दो पोल्ट्री फार्म के सैंपल को संदिग्ध माना है। फाइनल टेस्टिंग के लिए सैंपल भोपाल भेजे गए हैं।

# बजट: अमीरों पर 'कोविड सेस' लगाने की तैयारी

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**कोरोना** वायरस के खिलाफ दुनिया के सबसे बड़े टीकाकरण अभियान की शनिवार को शुरुआत हो गई है। महामारी से निपटने में हुए अतिरिक्त खर्च की भरपाई के लिए मोदी सरकार सेस लगाने की संभावना पर विचार कर रही है। एक फरवरी 2021 को सुबह 11 बजे वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण केंद्रीय बजट पेश करेंगी।

माना जा रहा है कि वैक्सीन के खर्च की भरपाई के लिए सरकार आम बजट में वैक्सीन सेस लगा सकती है। ऐसा इसलिए क्योंकि महामारी की वजह से सरकार का रेवेन्यू बुरी तरह से प्रभावित हुआ है और डिफेंस जैसे महत्वपूर्ण सेक्टर्स में अधिक फंड्स के आवंटन की मांग उठ रही है। आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए सरकार पर इंफ्रास्ट्रक्चर और ज्यादा रोजगार देने वाले क्षेत्रों पर अधिक खर्च करने का भी दबाव है। इससे सरकारी खजाने पर बोझ पड़ेगा। वैक्सीन का खर्च पीएम केयर्स फंड उठाएगा।

दरअसल, लॉकडाउन के दौरान टैक्स अधिकारियों ने सुझाव दिया था कि टैक्स डेफिसिट की भरपाई के लिए सरकार आय पर सेस या सरचार्ज लगा सकती है। मालूम हो कि सरकार ने नुकसान की भरपाई के लिए पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी बढ़ाई थी। इसके साथ ही राज्यों ने भी शराब पर एक्साइज ड्यूटी बढ़ा दी थी। अब आर्थिक गतिविधि को पटरी पर लाने के लिए सरकार का एक वर्ग और टैक्स कंसल्टेंट वैक्सीन के नाम पर टैक्स लगाने के पक्ष में हैं।



**श्रीनगर में लगातार ठंड का प्रकोप जारी:** **जम्मू।** श्रीनगर समेत पूरी कश्मीर घाटी भीषण ठंड के प्रकोप से जूझ रही है। स्थानीय लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं पारा लगातार शून्य से नीचे रिकॉर्ड किया जा रहा है। श्रीनगर में न्यूनतम तापमान माइनस 8.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार अगले एक सप्ताह तक मौसम साफ बने रहने की संभावना है। इस भीषण ठंड के चलते श्रीनगर की विश्व प्रसिद्ध डल झील के अधिकतर हिस्से जम गए हैं।

## हरियाणा में साढ़े छह लाख युवाओं का भविष्य दांव पर

# प्रश्न पत्र लीक होने पर ग्राम सचिव की परीक्षा रद्द

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**पुलिस ने जांच में एक दर्जन से अधिक को किया गिरफ्तार**

**हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने जारी की सूचना**

**हरियाणा** में साढ़े छह लाख युवाओं का भविष्य दांव पर लग गया है। प्रदेश में ग्राम सचिव के पद पर भर्ती होकर सरकारी नौकरी का सपना देखने वाले युवाओं को अभी इंतजार करना पड़ेगा। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने शनिवार को एक आदेश जारी करके हाल में हुई ग्राम सचिव की परीक्षा को रद्द कर दिया है। यह फैसला प्रश्न पत्र लीक होने के कारण लिया गया है।

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा बीती 9 व 10 जनवरी को ग्राम सचिव के 600 पदों के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन किया था। इसके लिए हरियाणा के 17 जिलों में 879 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जिनमें छह लाख 72 हजार अभ्यार्थियों ने भाग लिया। पानीपत पुलिस ने ग्राम सचिव परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक होने का भंडाफोड़ किया था। ग्राम सचिव का पेपर लीक कर परीक्षार्थियों को पास कराने की साजिश के मामले में एसआईटी ने एक स्कूल के मालिक जगदीप की पत्नी निशा और दो महिला परीक्षार्थी संगीता और जेबीटी जगपाल को गिरफ्तार किया है। एएसपी पूजा वशिष्ट ने बताया कि अब तक 18 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। दो मास्टरमाइंड समेत 12 अन्यनाम सामने और आए हैं।

आरोपी स्कूल मालिक ने पेपर लीक करने के लिए पत्नी को स्कूल में केंद्र निरीक्षक लगाया। इसी रूम में संगीता परीक्षा दे रही थी। स्कूल मालिक संगीता का पेपर क्लास से बाहर ले गया और फोटो खींचकर गन्नौर के राहुल को भेजी। पुलिस के अनुसार संगीता को बुधवार रात और सीमा, निशा और जगपाल को गुरुवार को गिरफ्तार किया गया। संगीता अन्य निजी स्कूल मालिक चरण सिंह की पत्नी है। प्रश्न पत्र लीक प्रकरण में एसआईटी द्वारा अब तक करनाल, रोहतक समेत कई जगहों से आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। एसआईटी द्वारा हरियाणा सरकार को दी गई रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इस मामले के तार प्रदेश के कई जिलों से जुड़े हुए हैं और धीरे-धीरे परतें खुल रही हैं। इस प्रकरण में कई लोगों के शामिल होने की आशंका है। पुलिस की कार्रवाई के चलते सरकार ने 9 व 10 जनवरी को हुई परीक्षा को रद्द कर दिया है। इस संबंध में दोबारा नया परीक्षा कार्यक्रम जारी किया जाएगा।

### 'युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही सरकार'



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने ग्राम सचिव परीक्षा रद्द होने पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा है कि प्रदेश की खट्टर-दुष्यंत सरकार को लाखों युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने की आदत पड़ गई है। उन्होंने कहा कि ग्राम सचिव की परीक्षा रद्द करके सरकार ने हेराफेरी स्वीकार ली है। ऐसी 'पेपर लीक सरकार' के हरियाणा कर्मचारी चयन बोर्ड को बर्खास्त किया जाना चाहिए, जो इस समय लूट व धांधली का अड्डा बन गया है।

फरीदाबाद पायनियर
हरियाणा, रविवार, 17 जनवरी 2021 | ग्रेटर फरीदाबाद • सराय • एनआईटी इंडस्ट्रियल एरिया • बल्लभगढ़ • तिगांव | ई-पेपर www.pioneerhindi.com

-राइट विजन-

# डरकर नहीं सतर्कता से एहतियात बरत कर पाएंगे कोरोना पर विजय : डॉ. तुली

*कोरोना वैक्सिन टिकाकरण का शनिवार को देशभर में पहला चरण शुरू हो गया है। जल्दी ही कोरोना वैक्सिन आम लोगों तक भी पहुंच जाएगी। लेकिन इसके बावजूद हमें लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। हमें अभी भी इस वायरस से बचने के लिए सरकार द्वारा जारी गाइडलाइंस के मुताबिक मास्क का उपयोग, सोशल डिस्टेंसिंग और स्वच्छता के नियम का पालन करते रहना होगा। बुजुर्ग और गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों को ज्यादा एहतियात बरतने की जरूरत है। यह कहना ऑथो वन हॉस्पीटल के संचालक डॉ. पकंज तुली का। डा. तुली आरएसएस के साथ मिलकर समाजसेवा के कार्यो में भी काफी हिस्सा लेते हैं। पेश है पायनियर के वरिष्ठ संवाददाता राजेश दास और डॉ. पकंज तुली की बातचीत के अंश :-*



**जीवन परिचय**

| | |
|---|---|
| **नाम** | : डॉ. पकंज तुली |
| **जन्मदिन** | : 2 जून 1976 |
| **पिता** | : सतीश कुमार तुली |
| **माता** | : सुदेश तुली |
| **पत्नी** | : सुमेधा तुली |
| **परिवार** | : बेटी रिया तुली |
| **स्कूल** | : 12वीं कुलाची हंसराज मॉडल स्कूल, अशोक विहार, दिल्ली |
| **उच्चशिक्षा** | : एमबीबीएस, एमएस ऑर्थो – बीजे मेडिकल कॉलेज, अहमदाबाद |

**सवाल : आपने डॉक्टर का पेशा किसकी प्रेरणा से अपनाया।**

**जवाब :** कुछ डाक्टरों के साथ हमारे पारिवारिक संबंध थे। समाज में उन्हें काफी सम्मान मिलते देखकर काफी अच्छा लगता था। इसके माध्यम से समाज की सेवा करने का मौका भी मिलता है। इन्हीं कारणों से मैंने डॉक्टर बनने का फैसला लिया।

**सवाल : शिक्षा के दौरान क्या आप अन्य गतिविधियों में हिस्सा लेते थे।**

**जवाब :** उस दौरान मैं वाद-विवाद, पेंटिंग और संगीत प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेता था। इनमें मैंने काफी पुरस्कार भी जीते हैं।

**सवाल : शिक्षा के बाद आपने करियर की शुरुआत कैसे की।**

**जवाब :** एमएस के बाद मैंने फरीदाबाद का नीम्स अस्पताल ज्वॉइंन किया। कुछ समय बाद हम तीन मित्रों ने मिलकर सेक्टर 23 में नवचेतना अस्पताल की शुरुआत की।

**सवाल : अपने अस्पताल की शुरुआत आपने कब की।**

**जवाब :** वर्ष 2014 में मैंने सेक्टर 55 में ऑर्थो वन के नाम से अपने अस्पताल की शुरुआत की थी।

**सवाल : ऑर्थो वन अस्पताल में किस तरह की सुविधाएं उपलब्ध हैं।**

**जवाब :** यहां बिना चीर फाड़ और दूरबीन से ऑपरेशन करने की सुविधा है। यहां घुटने एवं अन्य जोड़ों का प्रत्यारोपण किया जाता है। इसके अलावा अस्पताल में हड्डी संबंधित किसी भी परेशानी के इलाज की सभी आधुनिक सुविधाएं मौजूद हैं।

**सवाल : अब कम उम्र के लोग भी क्यों जोड़ों के दर्द का शिकार हो रहे हैं।**

**जवाब :** बदलती जीवनशैली, खानपान और शारीरिक श्रम न करने की वजह से जोड़ों में दर्द की बीमारी बढ़ रही है। इन बीमारियों से बचने के लिए खानपान पर ध्यान देने के साथ नियमित रूप से व्यायाम करना चाहिए।

**सवाल : लॉकडाउन के दौरान आपने मरीजों का इलाज कैसे किया।**

**जवाब :** उस समय एहतियात बरतते हुए कई आपातकालीन ऑपरेशन हमने किए थे। हम मरीजों को फोन, व्हाटसेप और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नि:शुल्क इलाज की सुविधा दे रहे थे।

**सवाल : क्या आप किसी सामाजिक संस्था से भी जुड़े हुए हैं।**

**जवाब :** मैं बचपन से ही आरएसएस के साथ जुड़ा रहा हूं। वर्तमान में मैं आरएसएस की शाखा धर्म जागरण का काम देखता हूं। यह संस्था समाज में व्याप्त बुराइयों को उजागर कर उनका कानूनी तरीके से समाधान करवाती है।

**सवाल : लॉकडाउन के दौरान आपने जरूरतमंदों की कैसे मदद की।**

**जवाब :** हमने सेवा भारती के साथ मिलकर सम्पन्न लोगों से काफी दान एकत्रित किया था। इस पैसे से हम भोजन तैयार कर जरूरतमंदों को वितरित कर रहे थे। साथ ही हमने जरूरतमंद परिवारों को राशन भी उपलब्ध कराया था।

**सवाल : कोरोना के नए स्ट्रेन से कैसे बच सकते हैं।**

**जवाब :** नए स्ट्रेन से डरने की जरूरत नहीं हैं। इससे बचने के लिए भी हमें पहले की तरह मास्क, सोशल डिस्टेंसिंग और स्वच्छता का पालन करना होगा है।

**सवाल : जानबूझ कर नियम तोड़ने वालों को क्या संदेश देना चाहते हैं।**

**जवाब :** लापरवाही बरत रहे लोगों को अभी भी जागरूक करने के लिए सभी को आगे आना होगा।

**शहर का तापमान**

- अधिकतम 19.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 06.02 डिग्री सेल्सियस

**शहर में आज**

- प्याली चौक, जाट संस्था, में भारती चैरिटेबल ट्रस्ट के सौजन्य से रक्तदान शिविर एवं स्वास्थ्य जांच कैम्प : सुबह 10 बजे
- किसानो पक्ष में सारन चौक से पलवल तक बाईक रैली आयोजन: सुबह 10 बजे
- मंत्री मूलचंद शर्मा करेंगे अपने कार्यालय के पीछे रोड व पार्क का उद्घाटन: सुबह 11.30 बजे
- रविन्द्र फागना अकादमी में क्रिकेट मैच : सुबह 9 बजे

**निवेश गुरु**

**इक्विटी** और डेट म्यूचुअल फंड, पीपीएफ, गवर्नमेंट बांड, नेशनल पेंशन सिस्टम, फिक्स्ड डिपॉजिट। यहां म्यूचुअल फंड में लंबी अवधि में 8 से 10 फीसदी रिटर्न मिल रहा है तो एनपीएस में 6 से 8 फीसदी सालाना रिटर्न संभव है। पीपीएफ में अभी ब्याज 7.1 फीसदी सालाना है तो गवर्नमेंट बांड पर 7 से 8 फीसदी रिटर्न हासिल किया जा सकता है। वहीं एफडी पर 5.25 फीसदी से 7.25 फीसदी सालाना रिटर्न मिल रहा है। यहां कुछ विकल्पों में 5 साल या 15 साल मेच्योरिटी पीरियड है, लेकिन उसे आगे 5-5 साल के लिए बढ़ा सकते हैं।

**यूटीलिटी न्यूज**

## डीएवी के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**फरीदाबाद।** डीएवी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट हमेशा छात्रों के लिए अतिरिक्त द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने का प्रयास करता है। डीएवीएम के छात्रों ने अक्टूबर 2020 की विश्वविद्यालय परीक्षाओं में शीर्ष पद हासिल कर यह साबित किया है। संस्थान छात्रों के ज्ञान को उन्नत करने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है। हाल ही में घोषित विश्वविद्यालय परिणामों में एवीआईएम ने कुल 110 विश्वविद्यालय पदों को हासिल किया है। बीबीए की पहली यूनिवर्सिटी पोजीशन आंशिका गर्ग ने हासिल की। बीबीए (सीएएम) का दूसरा स्थान दीपक ने हासिल किया और 8वां स्थान प्रांजल शर्मा ने हासिल किया। बीबीए (बीई) के छात्रों में कंचन गोयल ने पहला स्थान जो इस पाठ्यक्रम के ओवरऑल टॉपर भी हैं और उसके साथ सभी शीर्ष 10 विश्वविद्यालय पदों को हासिल किया। अनुकृति पांडे और वाणी सेठी ने क्रमश: दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। बीएससी ऑनर्स (सीएस) के छात्रों ने प्रथम चार स्थान हासिल किये।

**क्विक न्यूज**

## ट्रेन से कटकर व्यक्ति की मौत

**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ जीआरपी क्षेत्र में शनिवार को ट्रेन से कटकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। यह घटना गांव खेड़े के निकट हुई। मरने वाले व्यक्ति के शव की पहचान नहीं हो पाई है। सबइंस्पेक्टर विश्वास कुमार ने बताया कि मृतक की उम्र करीब 45 साल है, जिसने सफेद जर्सी, सफेद चेकदार कमीज पहनी हुई थी। स्लेटी रंग की पैंट व नीली रंग का लोवर पहन रखा था। घायल अवस्था में व्यक्ति को पहले बल्लभगढ़ के सिविल अस्पताल में ले जाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिय। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए बीके अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया है।

# कंगाल नगर निगम : पार्क हैं नहीं, उजड़ गई ग्रीनबेल्ट, क्या करेंगे चीफ इंजीनियर

### घोटाले की जांच कर रहे अधिकारी की जगह अन्य की तैनाती से संदेह

**राजेश दास। फरीदाबाद**

सिटी इश्यू



**शहर** के आम लोगों को जनसुविधाएं उपलब्ध कराने के नाम पर नगर निगम द्वारा हमेशा आर्थिक तंगी का रोना रोया जाता है। दिखावटी विकास के नाम पर और बिना काम के ठेकेदारों को भुगतान कर सरकारी धन का दुरुपयोग करना भी आम बात हो चुकी है। अब आर्थिक हालत खराब होने के बाद भी नगर निगम में मुख्य अभियंता उद्यान का पद सृजित कर दिया गया है। जिस अधिकारी को मुख्य अभियंता उद्यान के पद पर तैनात किया गया है, वे मैकेनिकल इंजीनियर हैं। एक मुख्य अभियंता पर निगम का करीब पांच लाख रुपये मासिक खर्च होता है।

निगम पर आर्थिक बोझ बढ़ने के बावजूद इस पद का शहर में सद उपयोग नहीं हो पाएगा। वहीं दूसरी तरफ नगर निगम क्षेत्र में उद्यान से संबंधित कार्य मौजूद ही नहीं हैं। क्योंकि निगम ने अपने ज्यादातर पार्क आरडब्ल्युए को रख रखाव के लिए दिए हुए हैं। जिनका करोड़ों रुपये का भुगतान भी किया जाता है। इसके अलावा शहर की करीब 60 प्रतिशत से ज्यादा ग्रीनबेल्टों पर अवैध कब्जे हैं। शेष ग्रीनबेल्ट उजाड़ी पड़ी है। यदि एक और चीफ इंजीनियर तैनात करना ही था तो 200 करोड़ के घोटाले की जांच करने वाले अधिकारी को ही तैनाती देनी चाहिए थी।

### प्रमोशन और लाभ है मकसद


**आवश्यकता** के बिना चीफ इंजीनियर उद्यान का पद सृजित करने से स्पष्ट है कि प्रमोशन और फायदा देना इसका मकसद है। शुरुआत में चीफ इंजीनियर का एक ही पद था, लेकिन बाद में यहां चीफ इंजीनियर का एक और पद सृजित किया गया था, लेकिन कुछ समय पहले सरकार ने फिर से चीफ इंजीनियर का एक पद कर दिया गया था। लेकिन अब फिर नाटकीय तरीके से चीफ इंजीनियर उद्यान का पद सृजित किया गया है। इस पर सरकार ने विरेंद्र कर्दम को तैनात किया है। विरेंद्र कर्दम मैकेनिकल इंजीनियर हैं। वहीं दूसरी तरफ निगम के उद्यान विभाग में एसई तैनात नहीं हैं। ऐसे में वे उद्यान विभाग में चीफ इंजीनियर का काम कैसे करेंगे, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। एक चीफ इंजीनियर के वेतन और अन्य चीजों पर सरकार का हर महीने करीब पांच लाख रुपये खर्च होता है। नया पद सृजित होने से निगम पर सालाना 60 लाख रुपये का बोझ बढ़ गया है। अधिकारियों को प्रमोशन और फायदा देने के लिए इसी तरह से लगातार सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है।

### न पार्क न ग्रीनबेल्ट

**निगम** क्षेत्र के सेक्टरों और एनआईटी इलाके में दर्जनों की संख्या में पार्क हैं। नगर निगम के अधिकारियों ने कर्मचारियों के अभाव का रोना रोते हुए ज्यादातर पार्क रखरखाव के लिए उन इलाकों की आरडब्ल्युए को -सौंपे हुए हैं। पार्क में मरम्मत और रख-रखाव करने के बदले में नगर निगम द्वारा इन आरडब्ल्युए को करोड़ों रुपये का भुगतान भी किया जाता है। नगर निगम क्षेत्र के शेष पार्कों पर या तो लोगों ने अवैध कब्जे किए हुए हैं या फिर देखरेख के अभाव में अनेक पार्क उजड़ चुके हैं। क्षेत्र में पड़ने वाली ग्रीनबेल्टों के रख-रखाव की जिम्मेदारी भी नगर निगम की ही होती है, लेकिन इलाके में पड़ने वाली करीब 60 प्रतिशत से ज्यादा ग्रीनबेल्टों पर लोगों ने अवैध रूप से कब्जे किए हुए हैं। निगम की तरफ से इन कब्जों को हटाने का भी कोई सार्थक प्रयास नहीं किया जाता है। जो ग्रीनबेल्ट अवैध कब्जों से बची हुई हैं, वह देखरेख और रख-रखाव के अभाव में उजड़ चुकी हैं। यहां तक कि निगम मुख्यालय की दीवार से लगती ग्रीनबेल्ट भी उजड़ी हुई है।



### मामले की सीबीआई जांच



**एनआईटी** 86 के विधायक नीरज शर्मा ने बताया कि पिछले दिनों उन्होंने सीएम को पत्र लिखकर घोटाले के दौरान तैनात रहे अधिकारियों को पब्लिक डीलिंग और जांच से दूर रखने की मांग की थी, लेकिन रामजीलाल की जगह यहां घोटाले की जांच कर रहे ठाकुर लाल को तैनात किया जाना चाहिए था। वैसे इस मामले में पूरी तरह खुलासा तभी होगा, जब सरकार नगर निगम की फोरेंसिक ऑडिट और घोटाले की सीबीआई से जांच कराएगी।

### घोटाले की जांच पर सवाल

**पिछले** दिनों बिना काम के 50 करोड़ का घोटाला उजागर होने के बाद मामले की जांच तत्कालीन चीफ इंजीनियर ठाकुर लाल को सौंपी गई थी। उन्होंने मामले की गहनता के साथ जांच की तो घोटाला बढ़कर 200 करोड़ रुपये तक पहुंच गया, लेकिन तभी उनका तबादला कर विरेंद्र कर्दम को चीफ इंजीनियर तैनात किया गया। ठाकुर लाल के निवेदन पर सरकार ने तबादला तो रोक दिया, लेकिन विरेंद्र कर्दम तबादले पर स्थगन आदेश ले आए। ऐसे में सरकार को ठाकुर लाल का तबादला करना पड़ा। पिछले दिनों विधायक नीरज शर्मा ने घोटाले के दौरान तैनात रहे अधिकारियों को जांच से दूर रखने की मांग की थी। जिस पर निगम में चीफ इंजीनियर उद्यान का पद सृजित कर विरेंद्र कर्दम को तैनात किया गया है। उनके स्थान पर रामजी लाल को चीफ इंजीनियर नियुक्त किया गया है। ऐसे में ठाकुरलाल को भी यहां भेजा जा सकता था। जांच के दौरान उन्हें पूरे मामले की अच्छी तरह जानकारी हो गई थी। नए चीफ इंजीनियर रामजी लाल को मामला समझने में समय लगेगा। जिससे जांच अधर में लटकी रहेगी।

# स्लेजहैमर अकादमी ने 8 विकेट से जीता टूर्नामेंट का मैच

### टूर्नामेंट में 24 टीमों ने भाग लिया

**कविता। फरीदाबाद**





**प्रथम** रविन्द्र फागना सोहना टी 20 क्रिकेट लीग मैच टूर्नामेंट का आयोजन सोहना स्थित रविन्द्र फागना क्रिकेट अकादमी में किया गया। टूर्नामेंट में 24 टीमों ने भाग लिया। जिसमें 89 मैच खेले गए। शनिवार को टूर्नामेंट का समापन किया गया। शनिवार देर शाम तक टूर्नामेंट के समापन पर टीमों का मैच चलता रहा।

इस बारे में जानकारी देते हुए बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया कि इस मैच में आईपीएल के करीब 35 खिलाड़ियों ने भाग लिया। रणजी प्लेयर करीब 50 और अंडर-19 के करीब 15 खिलाड़ी शामिल हुए। समापन के अवसर पर स्लेजहैमर फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी और बस्सी क्रिकेट क्लब के बीच मैच खेला गया। जिसमें स्लेजहैमर ने आठ विकेट से मैच जीत लिया। स्लेजहैमर फाउंडेशन क्रिकेट टीम को एक लाख रुपये नकद पुरस्कार दिया गया।

### शानदार मैच

**स्लेजहैमर** फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करते हुए बस्सी क्रिकेट क्लब ने छह विकेट के नुकसान पर 20 ओवर में 116 रन बनाए। जिसमें सर्वाधिक रन संदीप सैनी ने 33 गेंदों पर दो चौके और एक छक्के के साथ 27 रन बनाए। एकांश डौबाल ने 17 गेंदों पर एक चौका और दो छक्के के साथ 25 रन बनाए। प्रशांत गुर्जर ने 15 गेंदों पर एक चौका और दो छक्के लगाते हुए 22 रन बनाए। स्लेजहैमर के गेंदबाज उदित मोहन ने दो विकेट लिए और कुलदीप ठाकुर, कपील राजपुत, दीपांश कुमार और दिलीप ने एक-एक विकेट लिए।

लक्ष्य का पीछा करते हुए स्लेजहैमर फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी की तरफ से दो विकेट के नुकसान पर 16 ओवर पर 117 रन बनाए। जिसमें दीपक शर्मा ने 43 गेंदों पर तीन चौके, दो छक्के मारते हुए बिना आउट हुए सर्वाधिक 47 रन बनाए। अनुभव अहुजा ने भी बिना आउट हुए 38 गेंदों पर 3 चौके और दो छक्कों की मदद से 47 रन लिए। उदित मोहन ने छह गेंदों पर दो छक्के मारते हुए 13 रन लिए। बस्सी के गेंदबाज ऋषभ शर्मा और फैजान आलम ने एक-एक विकेट लिया। स्लेजहैमर फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी ने यह मैच आठ विकेट से जीत लिया। प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब उदित मोहन को दिया गया। बेस्ट गेंदबाज के खिताब से दिलीप को नवाजा गया। वहीं वेस्ट बेट्समैन का खिताब दीपक शर्मा को दिया गया।

### दी शुभकामनाएं



**स्लेजहैमर** ग्रुप के एमडी प्रदीप मोहंती ने स्लेजहैमर फाउंडेशन क्रिकेट टीम को टूर्नामेंट जीतने पर शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि रणजी और आईपीएल खिलाड़ियों के साथ मैच खेलना काफी अच्छा लगता है। ऐसे टूर्नामेंट जिले में होने चाहिए। ताकि युवा खिलाड़ियों का हौसला बुलंद हो और वे आगे बढ़कर देश का नाम दुनिया भर में रोशन कर सके।

**संक्षिप्त समाचार**

## वैक्सीनेशन पूर्ण होने तक मास्क पहनना जरूरी : डॉ. जैन



**फरीदाबाद।** कोरोना वैक्सीन बाजार में आ चुकी है परंतु कोरोना से बचाव के लिए मास्क लगाना अभी भी अनिवार्य है। जब तक वैक्सीनेशन प्रोग्राम पूर्ण रूप से संपन्न नहीं हो जाता फरीदाबाद पुलिस लोगों को इस महामारी से बचाने का हरसंभव प्रयास करती रहेगी। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार फरीदाबाद पुलिस ने कल 2486 लोगों को नुक्कड़ सभाएं करके कोरोना के बारे में जागरूक किया और मास्क न पहनने वाले 107 लोगों के चालान किए हैं। पुलिस ने कोरोना वायरस के दौरान अभी तक 73318 लोगों के चालान किए हैं और साथ ही नुक्कड़ सभाएं करके 4,58,826 लोगों को कोरोना वायरस के प्रति जागरूक भी किया है। पुलिस उपायुक्त मुख्यालय, डॉक्टर अर्पित जैन ने कहा कि फरीदाबाद की जनता ने पुलिस प्रशासन का बहुत सहयोग किया है। बस अब कुछ समय और हमें इस महामारी से बचने के लिए सावधानी बरतने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि देश में आज से वैक्सीनेशन प्रोग्राम शुरू हो चुका है। जब हर व्यक्ति को कोरोना वायरस की वैक्सीन लग जाएगी उसके बाद इसका खतरा लगभग खत्म हो जाएगा, जनता से अनुरोध है कि सावधानी बरतकर अपने और अपने परिवार की सुरक्षा करने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।

## वान्या अकादमी ने 256 रन से जीता मैच



**फरीदाबाद।** छठें ऑल इंडिया रविंद्र फागना अंडर 15 क्रिकेट टूर्नामेंट मैच में वान्या क्रिकेट अकादमी ने युवराज सिंह क्रिकेट अकादमी को 256 रन से हराया। यह मुकाबला रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी स्थित मैदान पर खेला गया। बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया कि यह मैच 40-40 ओवर का था। वान्या क्रिकेट अकादमी (फरीदाबाद) ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। वान्या क्रिकेट अकादमी टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 40 ओवर में 02 विकेट पर 370 रन बनाए। टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए शिवम पायल ने 116 रन, हर्ष बिधूड़ी ने 113 रन और अंशुल यादव ने 103 रन बनाए। युवराज सिंह क्रिकेट अकादमी (होडल) की ओर से गेंदबाजी करते हुए मो. कैफ और जय देशवाल ने एक-एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए युवराज सिंह क्रिकेट अकादमी (होडल) की टीम ने 29.3 ओवर में 10 विकेट में 114 रन बनाकर हार का सामना करना पड़ा। टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए सुजल गर्ग ने 42 रन, ध्रुव अत्री ने 28 रन और विवेक ने 11 रन बनाए। वान्या क्रिकेट अकादमी के गेंदबाज संदीप, शिवांश यजुर्वेदी और शिवम पायल ने 2-2 विकेट और हिमांशु, रूद्र रावत और प्रीत कुमार ने 1-1 विकेट लिए। निक्की (एंपायर, रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी) के द्वारा मैन आफ दा मैच का पुरस्कार शिवम पायल को दिया। शिवम पायल ने 66 बॉल पर 116 रन और 02 विकेट लिए।

## एशियन 12 ने डीसी 11 को 59 रन से हराया



**फरीदाबाद।** सेक्टर-74 स्थित लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में एशियन कॉरपोरेट क्रिकेट लीग का पहला मैच हुआ। यह मैच एशियन 12 और डीसी 11 के बीच खेला गया। एशियन 12 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और 20 ओवर में डीसी 11 के सामने 177 रनों का लक्ष्य रखा। एशियन हॉस्पिटल के बल्लेबाज अर्जुन ने 34 बॉल में 7 चौके और तीन छक्कों के साथ 66 रन बनाए। रोहन राणा ने 41 बॉल में 33 रन बनाए। विनीत गांधी 30 बॉल में 48 रन बनाकर नॉट आउट रहे। डीसी 11 के गेंदबाज शिव भरद्वाज ने चार ओवर में 35 रन देकर दो विकेट लिए और अनिल देशवाल ने 23 रन देकर एक विकेट और निर्वान अत्री ने भी एक विकेट लिया। जवाबी करवाई में डीसी 11 ने 9 विकेट के नुकसान पर 20 ओवर में 118 रन बनाए। अनिल देशवाल ने 26 बॉल में 26 रन बनाए। संदीप मोर ने 22 बॉल में 17 रन बनाए। प्रदीप यादव ने 19 बॉल में 10 रन बनाए। डीसी यशपाल यादव ने 12 बॉल में 7 रन बनाए। एशियन 12 के गेंदबाज सनी ने चार ओवर में 17 रन देकर 2 विकेट लिए। नवीन बेगराज ने 4 ओवर में 19 रन देकर दो विकेट लिए। जिससे डीसी 11 टीम एशियन अस्पताल से 59 रनों से हार गई। मैच के अंत में अर्जुन को आल राउंडर प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ मैच दिया गया।

## दा क्रिकेट गुरुकुल ने जीता पांच विकेट से मैच



**फरीदाबाद।** छठें ऑल इंडिया रविंद्र फागना अंडर 15 क्रिकेट टूर्नामेंट मैच में दा क्रिकेट गुरुकुल ने कालका मनीराम क्रिकेट अकादमी को 5 विकेट से हराया। यह मुकाबला रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी स्थित मैदान पर खेला गया। बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया कि यह मैच 30-30 ओवर का था। कालका मनीराम क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्यण लिया। कालका मनीराम क्रिकेट अकादमी टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 29.03 ओवर में 10 विकेट पर 172 रन बनाए। टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए आश्विन भंडारी ने 48 रन, रवि ने 43 रन और अभिनव ने 23 रन बनाए। दा क्रिकेट गुरुकुल की ओर से गेंदबाजी करते हुए। पियूष चंदिला ने 05 विकेट, विशाल यादव ने 02 विकेट और मोहित भाटी ने 01 विकेट लिया। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए दा क्रिकेट गुरुकुल की टीम ने 28.2 ओवर में 05 विकेट में 173 रन बनाकर लक्ष्य को हासिल किया। टीम की और से बल्लेबाजी करते हुए शिवांश ने 37 रन, यश अधाना ने 36 रन ओर लोकेश बेनीवाल ने 27 रन बनाए। कालका मनीराम क्रिकेट अकादमी ओर से गेंदबाजी करते हुए सचिन वर्मा ने 02 विकेट ओर रवि ने 01 विकेट लिया। रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी के द्वारा मैन आफ दा मैच का पुरस्कार पियूष चंदिला को दिया गया। पियूष चंडीला ने 5.3 ओवर में 37 रन देकर 05 विकेट लिए।

## भक्ति भाव : हनुमान चालीसा चौपाई 37 एवं श्रीमद्भगवदगीता : 4.11 अनुसार :



हमें भगवान को ही अपना गुरु मानना चाहिये, क्योंकि जिस भाव से हम भक्त भगवान की शरण ग्रहण करते हैं, प्रभु भी हमारे उसी भाव के अनुरूप ही हमें फल प्रदान कर हमारा कल्याण करते हैं!

**जै जै जै हनुमान गोसाईं,**
**कृपा करहु गुरुदेव की नाईं** –

ये यथा मां प्रपद्यन्ते तांस्तथैव भजाम्यहम्।
मम वर्त्मानुवर्तन्ते मनुष्या: पार्थ सर्वश:।।
(श्रीमदभगवदगीता: 4.11)

**भावार्थ:**
जो भक्त मुझे जिस प्रकार भजते हैं, मैं भी उनको उसी प्रकार भजता हूं क्योंकि सभी मनुष्य सब प्रकार से मेरे ही मार्ग का अनुसरण करते हैं!

**व्याख्या:**
भक्त भगवान की जिस भाव से, जिस सम्बन्ध से, जिस प्रकार शरण लेता है, भगवान् भी उसे उसी भाव से, उसी सम्बन्ध से और उसी प्रकार से आश्रय व फल देते हैं।

चूंकि आजके युग में – स्वार्थी एवं नकली गुरुओं की भरमार है, अत: हनुमान चालीसा की उपरोक्त चौपाई एवं श्रीमदभगवदगीता के ज्ञाननुसार – सही भक्ति मार्ग चुनने के लिए – भक्त का भगवान को ही अपना गुरु मानना शुरू कर देना चाहिए ताकि भगवान हमारे अंत:करण को शुद्ध कर हमें उचित राह दिखला हम भक्तों का अवशय ही कल्याण करे सकें!

यही ध्रुव सत्य है की भक्त यदि भगवान् के बिना व्याकुल हो जाता है, तो भगवान् भी भक्त के बिना व्याकुल हो उठते हैं!

**प्रस्तुति : शिक्षाविद् डीसी चौधरी**

**नोट :-** विषय संबंधित अन्य जानकारी हासिल करने के लिए आप अपनी समस्या ई-मेल आईडी : pioneerhry@gmail.com पर भेजें।


# वैक्सीन के साइडइफैक्ट से बचाएंगी एईएफआई किट : डॉ. मोहित

कविता। फरीदाबाद

जिले में कोवीशील्ड और कोवैक्सीन का टीकाकरण शुरू हो चुका है। जिले में पूरे एहतियात के साथ टीकाकरण किया जा रहा है। लेकिन इसके बावजूद यदि जिले में किए जा रहे टीकाकरण से किसी भी तरह का कोई साइडइफैक्ट या कुछ और समस्या टीकाकरण के बाद सामने आती है, तो उसके लिए सरकार की तरफ से बचाव के लिए एनाफिलैक्सिस किट भी उपलब्ध करवाई गई हैं।

शहर के बीके सिविल अस्पताल में यह किट शनिवार को स्टाफ को उपलब्ध करवा दी गई हैं, ताकि टीकाकरण के बाद किसी भी प्रकार की समस्या हो तो इस किट के माध्यम से किसी के जीवन को बचाया जा सके।

इस किट के बारे में जानकारी देते हुए बीके अस्पताल के कोविड-19 के इंचार्ज डॉ. मोहित अग्रवाल ने बताया कि एईएफआई किट टीकाकरण के बाद होने वाले साइडइफैक्ट से लोगों को बचाव करेंगी। इस किट में दो इंजेक्शन हैं,


एईएफआई कीट देखते डॉ. मोहित और स्टाफ नर्स ज्योति

जिसमें एक हाईड्रोफोटिजोन और दूसरा एडिनली शामिल है। तीन-तीन सिरिंज (एक एमएल की 3 और 5 एमएल की 3 सिरिंज शामिल है), एक फ्लूड की बोतल, आरएल, डी-5 के अलावा मेडिकल टेप, 2 बैंडेज आदि सभी सामान उपलब्ध हैं। ताकि रोगी का इलाज समय पर किया जा सके।

### किट पर हैं नोट्स

डॉ. मोहित अग्रवाल ने बताया कि किट पर नोट्स उपलब्ध है, कि किस उम्र के व्यक्ति को कितनी डोज में इस इंजेक्शन को दिया जाना है। वहीं दूसरी तरफ इंजेक्शन की कौन सी सिरिंज का इस्तेमाल करना है। इस सबकी जानकारी किट में उपलब्ध करवाई गई है।

### अपातकालीन कक्ष में किट

स्टाफ नर्स ज्योति ने बताया कि अपातकालीन कक्ष में एनाफिलैक्सिस किट को उपलब्ध करवाया गया है। ताकि यहां टीकाकरण के बाद आने वाले मरीजों को तुरंत इसकी सुविधा उपलब्ध करवाई जा सके। उन्होंने बताया कि पहले दिन कोई भी मरीज टीकाकरण के बाद नहीं आया है।

### तत्काल उपचार

डॉ. मोहित ने बताया कि एनाफिलैक्सिस किट के माध्यम से अपातकालीन कक्ष में रोगियों को तत्काल उपचार दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह एलर्जी प्रतिक्रिया की गंभीरता को कम करेगा और कुछ हद तक एलर्जी को भी हटा सकता है। अगर एलर्जी उच्च होती है और इसमें मौजूद इंजेक्शन के बाद लक्षण दूर हो जाएंगे।

# जिले में मंत्रियों और विधायकों ने की कोरोना टीकाकरण शुरुआत

## पहले चरण में हेल्थ वर्करों को दी जा रही वैक्सीन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



फोटो : राजेश पुंजानी

आखिर वह समय आ गया, जिसका सभी को बेसब्री से इंतजार था। कोरोना पर अंतिम वार के लिए शनिवार को टीकाकरण शुरू हो गया। प्रदेश को कोवीशील्ड की 2 लाख 41 हजार 500 डोज और कोवैक्सीन की 20 हजार डोज मिली हैं। पहले चरण में हेल्थ वर्करों को यह वैक्सीन दी जा रही है। जिले में विभिन्न स्थानों पर इसकी शुरुआत धूमधाम से की गई। जिसमें केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, मंत्री मूलचंद शर्मा, विधायक राजेश नागर, नरेंद्र गुप्ता, सीमा त्रिखा, जिला उपायुक्त यशपाल यादव और सीएमओ रणदीप सिंह पूनिया के अलावा अन्य स्वास्थ्य कर्मी मुख्य रूप से मौजूद रहे। पहली डोज सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर स्टाफ को लगाई गई।

**पहला केंद्र:** सेक्टर-30 में स्थित प्रथम रेफरल सेंटर में केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने शनिवार को कोविड-19 के संक्रमण से बचाव के लिए बनाए गए वैक्सीनेशन सेंटर से वैक्सीन लगाने की विधिवत शुरुआत की। उन्होंने देश और प्रदेश वासियों को सम्बोधित करते हुए वैक्सीन लगाने के कार्य के शुभारंभ होने की शुभकामनाएं और बधाई दी। उन्होंने कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना के संक्रमण से पूरे विश्व की मनुष्य जाति प्रभावित हो रही। जिसे देखते हुए टीकाकरण शुरू किया गया है।

इस मौके पर विधायक सीमा त्रिखा, विधायक नरेंद्र गुप्ता, उपायुक्त यशपाल, आईएमए से डॉ. पुनीता हसीजा और सीएमओ डॉक्टर रणदीप पूनिया, डॉ. जयंत आहूजा सहित एफआरयू सेंटर का पूरा स्टाफ उपस्थित था।

**दूसरा केंद्र:** एफआरयू दो सेक्टर-3 में हरियाणा के परिवहन एवं खनन विभाग के कैबिनेट मंत्री पंडित मूलचंद शर्मा ने कोविड-19 महामारी से बचाने के लिए वैक्सीन लगाने के कार्य का शुभारंभ किया। मंत्री मूलचन्द शर्मा ने टीकारण कार्यक्रम का रिबन काटकर शुभारंभ किया। इस केन्द्र पर सबसे पहला टीका सफाई कर्मचारी माया को लगाया गया है। माया ने बताया कि यह टीका सामान्य टीके की तरह ही है। इस मौके पर डॉक्टर गजराज सहित एफआरयू सेंटर का पूरा स्टाफ मौजूद रहा। उन्होंने कहा कि लोगो को इससे डरने की जरूरत नही है।

**तीसरा केंद्र:** तिगांव स्थित स्वास्थ्य केन्द्र पर वहां के विधायक राजेश नागर ने वैक्सीन की शुरुआत की। तिगांव में पहला टीका आंगनबाड़ी हेल्पर विमला देवी को लगाया गया। यहां आशा वर्कर्स ने गीत गाकर अभियान की शुरुआत की। नागर ने कहा कि प्रथम चरण में कोविड-19 से बचाने के लिए सबसे पहले सरकारी और प्राइवेट स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को वैक्सीन लगाई जाएगी।

दूसरे चरण में पुलिस विभाग, होमगार्ड और कोविड बचाने के लिए फ्रंट लाईन में कार्य कर रहे अधिकारियों और कर्मचारियों को, तीसरे चरण में 50 साल से अधिक आयु के उन लोगों को जो किसी भी बीमारी से ग्रस्त है तथा चौथे चरण में 50 से कम आयु के उन लोगों को लगाई जाएगी जो अन्य बीमारियों से ग्रस्त है।

### पहले दिन 508 लोगों को लगा टीका


उपायुक्त यशपाल ने बताया कि फरीदाबाद में पहले दिन 491 लोगों को कोविड-19 के टीकाकरण का लक्ष्य रखा गया था और 508 का टीकाकरण किया गया। पहले दिन 5 केंद्रों पर टीकाकरण किया गया।



# हर परिवार का सम्मान होती हैं बेटियां : त्रिखा

## गरीब लोगों की मदद के लिए आगे आएं : नरेंद्र गुप्ता

## कन्यादान से बड़ा कोई दान नहीं : ललित नागर



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

सामाजिक संस्था माता कैलाशो देवी मैमोरियल ट्रस्ट के वार्षिकोत्सव एवं संस्थान अशोक जिंदल स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट के 37वें वर्षगांठ के तत्वावधान में समाजसेवी अशोक जिंदल अशोका स्वीट्स रेस्टोरेंट परिसर में गरीब कन्या की शादी का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के राजनीतिक, सामाजिक, शैक्षणिक, धार्मिक संस्थाओं के सदस्य एवं शहर के गण्यमान्य लोगों ने हिस्सा लेकर नव दंपति के सुखद जीवन की कामना की।

बड़खल विधानसभा क्षेत्र की विधायक सीमा त्रिखा ने कहा कि ऐसे पुण्य कार्य करने से समाज को भी एक सीख मिलती है और सामाजिक संस्थाएं ऐसे पुनीत कार्यों में अपनी शक्ति का प्रदर्शन करें ताकि जरूरतमंद लोगों की मदद हो सके। उन्होंने कहा कि देश में बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ का अभियान तेजी से चल रहा है, क्योंकि बेटी एक नहीं दो परिवारों का सम्मान बढ़ाती है। इस अवसर पर बेटी का कन्यादान कर हमें पुण्य का लाभ मिलता है। विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि अशोक जिंदल के नेतृत्व में चल रहे विभिन्न प्रकार के सामाजिक कार्यों की श्रृंखला बहुत लंबी है और यह शादी इसका एक उदाहरण है।

उन्होंने कहा कि संस्था द्वारा किए जा रहे गरीबों को वस्त्र वितरण, पक्षियों को दाना, स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन जैसे पुण्य कार्यों में संलग्न ट्रस्ट के सभी सदस्य बधाई के पात्र है। पूर्व विधायक ललित नागर ने कहा कि कन्यादान से बड़ा कोई दान नहीं है जिंदल परिवार ने जिस तरह कन्या का विवाह कर समाज के लिए उदाहरण पेश किया है उसी तरह हमारा भी कर्तव्य बनता है कि हम लोग मजबूर और गरीब लोगों की मदद के लिए आगे आए। मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव अजय गौड़ ने कहा कि संस्थान की 37वीं वर्षगांठ के अवसर पर गरीब कन्या का विवाह कर जिंदल परिवार ने पुनीत का कार्य किया है। विजय प्रताप सिंह, अनीता शर्मा, सुरेंद्र बबली, कुलदीप सिंह साहनी, टोनी पहलवान, रविंद्र मंगला, राजेंद्र कुमार, सीपी कटारिया, रणबीर चंदीला, रमेश मंगला, राधेश्याम श्याम, ग्यासीराम शर्मा, निशांत जिंदल, राजेंद्र जिंदल, के.के. मित्तल, सहित सैंकड़ों गण्यमान्य लोगों ने विवाह समारोह में शिरकत कर नवदंपति को अपना आशीर्वाद दिया।

# संक्षिप्त समाचार

## मंगला आरडब्ल्यूए के प्रधान चुने गए



फरीदाबाद। समाजसेवी रविंद्र मंगला स्वामी दयानंद एनक्लेव सेक्टर-16 आरडब्ल्यूए के सर्वसम्मति से प्रधान चुने गए। इस मौके पर सरबत दा भला चैरिटेबल ट्रस्ट के सभी सेवादारों ने रविंद्र मंगला को प्रधान बनने पर अपनी ओर से हार्दिक मुबारकबाद दी। इस अवसर पर मंगला ने कहा कि सेक्टर वासियों ने उनको जो जिम्मेदारी सौंपी उसको वे पूरी ईमानदारी से निभाएंगे। उन्होंने कहा कि वे आरडब्ल्यूए के विकास के लिए पूरी तरह समर्पित रहेंगे कार्य करेंगे ताकि यहां के निवासियों को शिकायत का कोई मौका नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि वे अपनी टीम के साथ आरडब्ल्यूए की समस्याओं को लेकर प्रशासन से शीघ्र मुलाकात करेंगे ताकि यहां नागरिकों को किसी भी प्रकार की कोई कठिनाई न रहे। उन्होंने उपस्थित सभी गणमान्य जनों का प्रधान मंगला ने धन्यवाद व्यक्त किया। रविंद्र मंगला के सर्वसम्मति से प्रधान बनने पर सरबत दा भला चैरिटेबल ट्रस्ट के सेवादारों जीवन छाबड़ा, टोनी पहलवान, कुलदीप सिंह साहनी, अनिल अरोड़ा, सुरेंद्र सांगा, प्रिया शाह, शिव गुप्ता, राजू बेदी, संजय खंडेलवाल एवं अन्य गणमान्य लोगों ने रविंद्र मंगला को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर मुबारकबाद दी।

## प्रतियोगिताओं के मध्यम से दिया सड़क सुरक्षा का संदेश



फरीदाबाद। एनएच-तीन स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एन एच तीन फरीदाबाद में जूनियर रेडक्रॉस, सैंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड और गाइडस ने मिलकर प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। प्राचार्य मनचन्दा ने कहा कि बालिकाओं ने निबंध और पेंटिंग प्रतियोगिता में भागीदारी कर सुरक्षित चले और सुरक्षित रहें का संदेश दिया। सड़क सुरक्षा में घायलों की मदद, प्राथमिक चिकित्सा के जरिए उनकी जीवन रक्षा करने का प्रशिक्षण, नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच शिविर जैसी गतिविधियां भी इस दौरान आयोजित की जाती हैं एवं विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ नाटक एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सड़क सुरक्षा का महत्व बताया जाता है। उन्होंने बताया कि हेलमेट-सीटबेल्ट, ओवर स्पीडिंग, नाबालिग द्वारा वाहन चालन, फिटनेस, परमिट, प्रदूषण जांच, प्रेशर हॉर्न, मल्टी ट्यून हॉर्न, हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट आदि विशेष जांच अभियान का आयोजन जिला स्तर पर किया जाता है। मनचन्दा ने प्राध्यापिका जसनीत कौर, आशा वर्मा और शीटू एवं जूनियर रेडक्रॉस, गाइडस और सैंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड सदस्य छात्राओं शीतल, अंजलि, नेहा, ताबिंदा, निशा, गायत्री, सोनी, पूनम, शिवानी और मानसी ने निबंध लेखन और पेंटिंग कर सड़क सुरक्षा के नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने की प्रार्थना की ताकि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली बहुमूल्य जिंदगियों को बचाया जा सके।

## मंडल स्तर पर कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण सत्र शुरू



फरीदाबाद। भारतीय जनता पार्टी जिला फरीदाबाद की तिगांव व पृथला विधानसभा क्षेत्र के सात मंडलों में मंडल स्तर पर कार्यकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण वर्ग शुरू हुआ। स्वागत सत्र के साथ सुबह 10.30 बजे प्रशिक्षण वर्ग की शुरुआत हुई। उद्घाटन सत्र में केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, वरिष्ठ बुद्धिजीवी गंगा शंकर मिश्र, लोकसभा निगरानी कमेटी के अध्यक्ष ओमप्रकाश रक्षवाल, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुखबीर मलेरना, जिला उपाध्यक्ष बिजेन्द्र नेहरा ने मुख्य वक्ता के तौर पर अलग-अलग विषय पर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया। अन्य सत्रों में प्रदेश महामंत्री संदीप जोशी, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार अजय गौड़, वरिष्ठ भाजपा नेता सोहनपाल सिंह, चेयरमैन हुकम सिंह भाटी, जिला महामंत्री आर एन सिंह, जिला उपाध्यक्ष बिजेंद्र नेहरा, जिला मीडिया प्रभारी विनोद गुप्ता, जिला सचिव भारती भाकुनी, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष लाजर रणजीत सेन, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्षा राजबाला सरधाना, जिला प्रशिक्षण प्रमुख प्रवीण चौधरी ने अखिल भारतीय मंडल प्रशिक्षण योजना के तहत फरीदाबाद जिले के इन 7 मंडलों में प्रशिक्षण वर्ग में वक्ता के तौर पर कार्यकर्ताओं को अलग अलग विषयों में प्रशिक्षित किया। जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा जी की अध्यक्षता में इन सभी प्रशिक्षण शिविरों की रूप-रेखा जिला महामंत्री मूलचन्द मित्तल, आरएन सिंह व जिला प्रशिक्षण प्रमुख प्रवीण चौधरी ने तैयार की एवं मंडलों के प्रशिक्षण शिविरों की व्यवस्था व रचना मंडल प्रभारियों मदन पुजारा, नरेंद्र पहलवान, राज कुमार वोहरा, रविंद्र त्यागी और मुकेश शर्मा व मंडल अध्यक्षों विरेंद्र यादव, विवेक मिश्रा, ज्ञानेंद्र नागर, गजराज कौशिक व भूपेन्द्र रावत ने मिलकर की।

## पर्यावरणीय समस्याओं से निपटने को हमें जुड़ना होगा : प्रो. वीरेंद्र

फरीदाबाद। वाईएमसीए स्थित जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सिविल इंजीनियरिंग विभाग और पर्यावरण विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सिविल इंजीनियरिंग और पर्यावरण विज्ञान के क्षेत्र में उन्नत तकनीकों पर आयोजित दो दिवसीय आनलाइन राष्ट्रीय सम्मेलन संपन्न हो गया। इस सम्मेलन शोधकर्ताओं, संकाय सदस्यों, औद्योगिक विशेषज्ञों और विद्यार्थियों सहित देश के विभिन्न हिस्सों से लगभग 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया। सम्मेलन के समापन सत्र में उन्नत भारत अभियान के राष्ट्रीय समन्वयक तथा ग्रामीण विकास और प्रौद्योगिकी केंद्र, आईआईटी, दिल्ली से प्रोफेसर वीरेंद्र कुमार विजय मुख्य अतिथि रहे। सत्र की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। निर्माण उद्योग विकास परिषद के वरिष्ठ सलाहकार बीआर चैहान विशिष्ट अतिथि रहे। इस अवसर पर बोलते हुए प्रो. वीरेंद्र कुमार विजय ने देश में विकास के साथ बढ़त जल एवं भूमि प्रदूषण के बारे में चिंता जताई।

# अर्थ सेवियर फाउंडेशन को दी खाद्य सामग्री व आर्थिक मदद

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

मानव कल्याण, जीव-जन्तुओं एवं पर्यावरण के उत्थान को समर्पित अर्थ सेवियर फाउंडेशन संस्था द्वारा बंधवाड़ी गांव के साथ-साथ अब मंडावर गांव में स्थापित अपने नए आश्रम में शनिवार को पंजाबी सेवा समिति बल्लभगढ़ के प्रधान प्रेम खट्टर, महासचिव ज्योति भाई, और फरीदाबाद एस्टेट एजेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के महासचिव गुरमीत सिंह देओल, संजय बिरमानी, बिट्टू पंजाबी, वेद प्रकाश छाबड़ा, ग्रोवर और कथूरिया आदि ने मिलकर वहां रह रहे मंदबुद्धि, बेसहारा, विकलांग लोगों को मिष्ठान सामग्री, बिस्किट के पैकेट, रसोई घर में भोजन आदि के लिए सूखा राशन 3 बोरी आटा, 7 कट्टे चावल, चीनी और गर्म कपड़े भेंट किये।



साथ-साथ एक लाख एक हजार रुपये सहयोग राशि के रूप में भी भेंट की। संस्था के संस्थापक रवि कालरा ने नवनिर्मित आश्रम जो अभी 4 एकड़ में अस्थाई रूप से चल रहा है। और भविष्य में यहां 9 मंजिला स्थाई पक्का निर्माण करवाकर लगभग 2000 आश्रितों के लिए स्थाई व्यवस्था की जाएगी।

आए हुए प्रतिनिधि मंडल ने उनके जन्म दिवस की पूर्व संध्या पर उन्हें एक गुलदस्ता भेंट किया और भविष्य में आश्रम की जरूरतों के लिए सदैव तन-मन-धन से सहयोग करने का आश्वासन भी दिया।

# गैस की पाइप लाइन फटी

फरीदाबाद। सेक्टर 16 ए श्री सनातन धर्म मंदिर के निकट शनिवार को गैस कनेक्शन के लिए बिछाई गई पाइप लाइफ फट गई। गैस की पाइप लाइन फटने के पीछे जियो कंपनी की तरफ से लाइन बिछाने के लिए खुदाई के चलते लाइन फटने का मुख्य कारण रहा। जहां पर काफी देर तक गैस लीकेज होती रही। गैस की दुर्गंध से एरिया के लोगों में दहशत का माहौल रहा। जिसकी सूचना संबंधित अधिकारियों के साथ फायर ब्रिगेड को दी गई। इस दौरान फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी मौके पर पहुंची। सेक्टर-16 ए आरडब्ल्यूए प्रधान संत गोपाल गुप्ता व वीरेंद्र गौड ने बताया कि शनिवार को पीएनजी की पाइप लाइन फट गई। अफसरों को सूचना देने के बाद पाइप लाइन बंद कराई गई, लेकिन इस बीच आसपास के इलाके में लोग दहशत में डूबे रहे। करीब 4 घंटे तक मरम्मत के बाद पाइप लाइन को दुरुस्त कर दोबारा सप्लाई शुरू की गई।

# ग्राम चौकीदारों के समर्थन में करेंगे प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन सीटू की सचिव मंडल की बसेलवा कॉलोनी स्थित यूनियन कार्यालय में हुई बैठक में आंदोलन की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में लिए निर्णय के अनुसार फरीदाबाद जिले के 24 गांव को नगर निगम में समायोजित करने से ग्रामीण चौकीदारों की सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। इनकी सेवा सुरक्षा की मांग को लेकर केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर के निवास पर ग्रामीण चौकीदार यूनियन के सैकड़ों सदस्य रविवार को प्रदर्शन करते हुए मांगों का ज्ञापन सौंपेंगे।

यह जानकारी सीटू के जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने दी। 18 जनवरी को डीसी ऑफिस में महिला किसान दिवस का आयोजन किया जाएगा। आयोजन में आशा वर्कर, आंगनबाड़ी वर्कर, मिड डे मील, सहित मदर ग्रुप समिति की सभी महिलाएं भाग लेंगी। इसके बाद 23 जनवरी को सुभाष चंद्र बोस की जयंती के उपलक्ष में एक सेमिनार का आयोजन सेक्टर 12 ओपन एयर थिएटर में किया जाएगा। महान क्रांतिकारी सुभाष चंद्र बोस ने देश की आजादी के लिए आजाद हिंद फौज की स्थापना की थी। वह महान स्वतंत्रता सेनानी थे।

बैठक में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के दिन देश के किसानों के आंदोलन के समर्थन में बाइक रैली निकाली जाएगी। यह रैली चावला कॉलोनी चौक से सोहना रोड होते हुए सेक्टर 24 और 25 के औद्योगिक क्षेत्र से होकर हार्डवेयर चौक पर समाप्त की जाएगी।

# मोस्ट वांटेड मनोज मंगरिया का साथी गिरफ्तार

फरीदाबाद। क्राइम ब्रांच 30 प्रभारी इंस्पेक्टर विमल की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर धौज थाना क्षेत्र से आरोपी सुंदर को स्विफ्ट गाड़ी में अवैध पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक देसी पिस्तौल व एक कारतूस बरामद किया गया।

आरोपी के खिलाफ थाना धौज में अवैध हथियार रखने के जुर्म के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी सुंदर पुत्र राजन, मांगरिया गांव का रहने वाला है और मोस्टवांटेड अपराधी मनोज मांगरिया का साथी है। मनोज मंगरिया ने ही आरोपी को अपने परिवार की सुरक्षा के लिए कट्टा उपलब्ध कराया था। आरोपी के अनुसार वह इसके अलावा अन्य किसी प्रकार की वारदात में शामिल नहीं है। आरोपी का भाई अशोक उर्फ पाटिल इससे पहले ही मनोज भाटी हत्याकांड में जेल में सजा काट रहा है।

# मानव तस्करी रोकने को व्यापक जांच जरूरी

## मानव तस्करी के लिए आजकल अपनाए जा रहे हैं नए-नए तरीके

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



जिला सत्र न्यायाधीश एवं चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दीपक गुप्ता के दिशा निर्देशानुसार एवं मंगलेश कुमार चौबे मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की देखरेख में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद ने शक्ति वाहिनी एनजीओ के साथ मिलकर सेक्टर 12 स्थित न्यायिक परिसर में शनिवार को एक कार्यशाला का आयोजन मानव तस्करी को लेकर किया गया।

कार्यशाला में जिला एवं सत्र न्यायधीश दीपक गुप्ता ने कहा कि नशीली दवाओं और हथियारों के कारोबार के बाद मानव तस्करी बुनियादी मानवाधिकारों का उल्लंघन करने वाला तीसरा सबसे बड़ा संगठित अपराध है मानव तस्करी। भारत की मुख्य समस्याओं में से एक है मानव तस्करी यानी लोगों का लेना-देना या लोगों को एक जगह से दूसरी जगह ट्रांसफर करना उन्हें कुछ समय के लिए डरा धमका कर रखना उसे हम मानव तस्करी कहते हैं। मानव तस्करी बहुत कारणों से होती है लेकिन 90 प्रतिशत मानव तस्करी सेक्स के लिए या कमर्शियल सेक्स के लिए या पोर्नोग्राफी के लिए होती है। कई बार देखा गया है कि एक राज्य से दूसरे राज्य में भेज कर या तो उसे जबरदस्ती शादी कर ली जाती है या डॉमेस्टिक वर्कर के नाम पर उन्हें प्रताड़ित किया जाता है। छोटे-छोटे गांव से मानव तस्कर एजेंट बच्चों को खरीद कर बड़े शहरों में बेच देते हैं और इस मानव तस्करी में 90 प्रतिशत छोटे बच्चे बच्चियां है।

दीपक गुप्ता ने कहा कि मानव तस्करी एक बड़ा सर्कल है और सभी स्टेकहोल्डर्स को मिलकर आगे आना होगा तभी हम इसको किसी हद तक रोक सकते हैं। शक्ति वाहिनी के प्रेसिडेंट रवि कांत ने लोगों को बताया कि मानव तस्करी के लिए आजकल नए-नए तरीक अपनाए जा रहे हैं। ऑनलाइन सिस्टम के द्वारा भी मानव तस्करी को बढ़ावा मिल रहा है और कहा कि मानव तस्करी पीड़ित व्यक्ति को पूरे जहन से प्रताड़ित करता है। उन्होंने यह भी बताया कि पुलिस को इसके लिए एक मानव तस्करी केस में डिटेल्स इंवेस्टीगेशन करनी चाहिए। बताया कि मानव तस्करी के बारे में पहले कोई विशेष कानून नहीं था लेकिन अब आईपीसी में सेक्शन 370 जोड़ा गया है जो कि मानव तस्करी से संबंधित लिप्त व्यक्तियों को 7 साल से 10 साल तक की सजा के कानून की बात करता है।

कार्यशाला में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश राजेश गर्ग ने भी लोगों का मार्गदर्शन किया। मंगलेश कुमार चौबे मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने हरियाणा विक्टिम कंपनसेशन स्कीम 2013 के बारे में संपूर्ण रूप से जानकारी दी और उपस्थित लोगों को बताया कि किस प्रकार एक रेप विक्टिम मानव तस्करी से पीड़ित एसिड अटैक विक्टिम या अन्य पीड़ित इस स्कीम के तहत मुआवजा ले सकता है। इस कार्यशाला में जुडिशल ऑफिसर एडवोकेट्स पुलिस ऑफिशल्स पैरा लीगल वालंटियर चाइल्ड हेल्पलाइन चाइल्ड वेलफेयर कमिटी व अन्य संस्थाओं के रिप्रेजेंटेटिव भी मौजूद थे।

# कोरोना : 21 पॉजिटिव से आंकड़ा पहुंचा 46017



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

जिले में कोरोना के लगातार मामले सामने आ रहे है। शनिवार को 21 मरीज सामने आए। जिससे जिले में कोविड-19 का आंकड़ा 46017 पर पहुंच गया। वहीं दूसरी तरफ जिले में राहत की बात यह रही कि जिले में 15 मरीजों ने कोरोना की जंग जीत ली। जिससे जिले का रिकवरी रेट 98.5 प्रतिशत पर पहुंच गया।

### यहां से पॉजिटिव

21 पॉजिटिव में सेक्टर-28 (1), सेक्टर-16 (2), सेक्टर-17 (1), झाड़सेंतली (1), सेक्टर-21 (3), एनएच-3 (1), नीमका जेल (1), सेक्टर-7 (1), जवाहर कालोनी (1), सेक्टर-9 (1), सेक्टर-35 (1), आर्या नगर (1), कृष्णा कालोनी (1), सूर्या विहार (1), मौर्या पार्क (1), अन्य एरियों से दो मरीज शामिल है।

### ये हैं आंकड़े

| | |
|---|---|
| अब तक कुल जांच | : 481087 |
| अब तक पॉजिटिव | : 46017 |
| अब तक नेगेटिव | : 433820 |
| रिपोर्ट आनी शेष | : 1250 |
| ऑक्सीजन पर | : 7 |
| वेंटीलेटर पर | : 2 |
| अब तक मौत | : 410 |
| अब तक ठीक | : 45322 |

**CHAUDHARY PARTAP SINGH MEMORIAL COLLEGE OF EDUCATION**
Near Hero Honda Chowk, Behind Marble Market Sector 34, Gurugram-122004 (Haryana)

Applications are invites from the candidates for the teaching and non-teaching posts for **M.Ed. / B.Ed.** on Regular Basis:

For **B.Ed:**


| TEACHING STAFF SUBJECT | ASSISTANT PROF. | NON-TEACHING | NO. OF POSTS |
|---|---|---|---|
| HINDI | 1 | LIBRARIAN | 1 |
| ENGLISH | 2 | LAB. ATT. | 1 |
| S.ST | 1 | CHOWKIDAR | 1 |
| SANSKRIT | 2 | LIBRARY ATTENDANT | 1 |
| ECONOIMICS | 1 | TECHNICAL ASSISTANT | 1 |
| COMMERCE | 1 | LAB ASSISTANT | |
| P.SC | 1 | | |
| COMPUTER SC. | 2 | | |
| HOME SC | 2 | | |
| MATHS | 2 | | |
| EDUCATION | 4 | | |
| HEALTH PHY. | 1 | | |
| FINE ARTS | 1 | | |
| PERFORMING | 1 | | |
| For M.Ed. | No. of Post | | |
| PROP. | 2 | | |
| ASSO. PROF. | 2 | | |
| ASSTT. PROF | 6 | | |

Qualifications, Pay-Scales and Experience as norms of NCTE/State Govt./MDU, Rohtak.
Applications along with copy of all testimonials (Experience, Publications etc.) should reach to the President, Governing Body within 21 days. A copy of the application form must be sent to the DEAN, COLLEGE DEVELOPMENT COUNCIL, MAHARSHI DAYANAND UNIVERSITY, ROHTAK-124001. Posts can be Increased / Decreased at the time of interview.
President

Contact : 9250925277
9212219832 / 9212475277
Email : cpsmcoe2004@gmail.com

# सांग संस्कृति को बचाना ही मेरा उद्देश्य : विष्णु दत्त

*100 साल पहले हरियाणा में पंडित लख्मीचंद ने जिन रागनियों के माध्यम से ना केवल समाज को कई तरह के संदेश दिए, बल्कि आने वाले समय के बारे में भी इन रागनियों में बहुत कुछ कहा गया। उनकी रागनियों में दिए गए संदेशों के मुताबिक आज बहुत कुछ घटित हो भी रहा है। अनपढ़ होते हुए पंडित लख्मीचंद ने लोक कला सांग को जन-जन में लोकप्रिय बनाया। आज उनकी इस कला को उनकी तीसरी पीढ़ी में विरासत के रूप में संभाले हुए उनके पौत्र विष्णु दत्त शर्मा। यहां बस अड्डे के सामने गोशाला में चल रहे सांग उत्सव के दौरान संवाददाता संजय कुमार मेहरा ने उनसे सांग के इतिहास और वर्तमान पर बातें की। पेश है उनसे बातचीत के अंश: -*


प्रसिद्ध सांगी पंडित लख्मीचंद की तीसरी पीढ़ी के सांगी उनके पौत्र विष्णु दत्त शर्मा।

**सवाल: आपकी सांग सीखने में रुचि कैसे हुई ?**

**जवाब:** मैं दादा लख्मीचंद की तीसरी पीढ़ी से हूं। मेरे दादा लख्मीचंद ने वर्ष 1944 तक सांग किया। फिर 15 साल तक उनके शिष्ट पंडित सुल्तान सिंह ने और वर्ष 2008 तक मेरे पिता पंडित तुलेराम ने सांग किया। 2009 से अब तक मैं सांग कर रहा हूं। हमें सांग कला विरासत में मिली है। सांग संस्कृति को बचाना ही मेरा उद्देश्य है।

**सवाल: क्या आपकी आगे की पीढ़ी की भी सांग में रुचि है ?**

**जवाब:** हां, बिल्कुल। मेरा बड़ा लड़का चेतन शर्मा भी सांग कर लेता है। वैसे वह रोहतक में फिल्म एंड टेलिविजन संस्थान में एक्टिंग का कोर्स भी कर रहा है। हमारा प्रयास यही है कि चाहे आगे की पीढ़ियां किसी भी क्षेत्र में जाएं, लेकिन सांग के गुण-सूत्र उनमें होने चाहिए।

**सवाल: दादा लख्मीचंद की कही कोई विशेष बात, जो आज सार्थक हुई हो ?**

**जवाब:** दादा लख्मीचंद ने 100 साल पहले एक महल का वर्णन अपनी रागनी में किया था। बताया था कि एक बटन दबेगा और रोशनी फैल जाएगी। तब लाइट नहीं थी। आज के समय को कोई सोच भी नहीं सकता था। तब उन्होंने यह रागनी बनाई।

**सवाल: सांग में आज भी महिला का किरदार पुरुष निभा रहे हैं, कोई विशेष कारण है क्या ?**

**जवाब:** जी हां, आज के समय में सिर्फ सांग ही बचा है, जहां महिलाओं का किरदार पुरुष निभाते हैं। यह सांग कला की विशेषता है। सांग के प्रति रुचि बढ़ाने को जरूरी नहीं कि उसमें गलैमर हो, सांग अपने आप में ही गलैमर है। पुराने समय के लोग आज भी सांग के मुरीद हैं। वैसे लोग राय भी देते हैं कि महिलाओं को मंच पर लाया जाए, लेकिन सांग कला इसकी इजाजत नहीं देती।

**सवाल: आज के समय की रागनियों में फूहड़ता परोसी जा रही है, क्या कहना चाहेंगे ?**

**जवाब:** यह बिल्कुल सच है कि आज के समय रागनियों का स्वरूप बदल गया है। डबल मीनिंग की रागनियां गायी जा रही हैं। यह हमारी भावी पीढ़ी को गलत रास्ते पर ले जा रहा है। हालांकि इसमें सुधार की गुंजाइश है।

**सवाल: वेस्टर्न कल्चर में पीढ़ी ज्यादा जा रही है, उसे सांग की तरफ कैसे लाएंगे ?**

**जवाब:** वेस्टर्न कल्चर की तरफ युवा पीढ़ी आकर्षित हो रही है। जैसे ही उनमें मैच्योरिटी आती है तो उन्हें अपनी कल्चर याद आती है। वे दावे के साथ कह सकते हैं कि ग्रामीण अंचल में एक उम्र के बाद लोग सांग, पौराणिक रागनियों को मनोरंजन का सहारा बना रहे हैं।

**सवाल: पौराणिक कलाकारों का नाम विलुप्त तो नहीं हो रहा ?**

**जवाब:** मैं इसे विलुप्त नहीं कहूंगा। पुराने कलाकारों की उपेक्षा कहूंगा। देश की आजादी में बलिदान देने वालों को याद किया जाता है। उस समय के कलाकारों ने भी देश में अपनी रागनियों, लोक गीतों के माध्यम से जागृति पैदा की थी। उनको भी उचित सम्मान मिलना चाहिए।

**सवाल: युवाओं को अपने संदेश में क्या कहेंगे ?**

**जवाब:** मेरा युवाओं से यही कहना है कि वे पाश्चात्य संस्कृति की तरफ ना भागें। अपनी संस्कृति को जानें। इतिहास को पढ़ेंगे तो पता चलेगा कि हमारी कला और संस्कृति कितनी महत्वपूर्ण है। आज बॉलीवुड भी हमारी संस्कृति, हमारी माटी के योद्धाओं के जीवन पर फिल्में बनाकर अरबों का कारोबार कर रहा है। फिल्में देखने की तरह हमें सांग कला को भी तवज्जो देनी चाहिए।

### दादा लख्मीचंद की सांग कला को आगे बढ़ा रहे विष्णु दत्त

### एक उम्र के बाद लोगों को याद आ रही है अपनी यह संस्कृति

# संक्षिप्त समाचार

## सोहना में फौजियों के लिए 155 यूनिट रक्तदान



**सोहना।** देश की सीमा पर रहते हुए देशवासियों की रक्षा कर रहे वीर जवानों के लिए रक्तदान शिविर लगाया। जिसमें शहर के समाजसेवियों, छात्र-छात्राओं, शिक्षक, दुकानदार और पुलिस कर्मियों ने रक्तदान किया। शनिवार को शहर की पंजाबी धर्मशाला में सामाजिक संगठनों द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर 155 यूनिट ब्लैड दान किया। एएमसी यूनिट हैडक्वार्टर से आई डॉक्टरों की टीम ने रक्त इक्ट्ठा किया। रक्तदान करने वालों में शहर के दुकानदारों से लेकर पार्षद, समाज सेवी, छात्र-छात्राओं, सेवा निवृत्त सेनानी, अधिवक्ता, पुलिस कर्मी, मजदूर और ठेला चलाने वाले शामिल थे। सोहना सीआईए पांच में तैनात हवलदार विनित जांगड़ा ने बताया कि देश की सीमा पर रहते देशवासियों की रक्षा कर रहे प्रहरियों के आम नागरिकों का भी दायित्व बनता है। देश के जवान की सजगता के लिए हमें भी अपना योगदान देने की जरुरत है। आज जो जोश देखा गया देश के वीर जवानों की हिफाजत के लिए खून दान करने का जोश था।

## कोलकाता के कलाकारों ने दिखाया गौड़िया नृत्य



**गुरुग्राम।** हरियाणा कला परिषद् द्वारा कोरोना महामारी के चलते विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया रहा है। जिसमें हरियाणा प्रदेश के अतिरिक्त अन्य प्रदेशों के कलाकारों की प्रतिभा से रूबरू होने का प्रदेशवासियों को अवसर मिल रहा है। इन कार्यक्रमों से न केवल आमजनमानस का मनोरंजन हो रहा है, अपितु सभी को संस्कृति के विभिन्न आयामों को जानने का अवसर भी मिल रहा है। इसी कड़ी में पश्चिम बंगाल के पारम्परिक नृत्य गौड़िया की प्रस्तुति हरियाणा कला परिषद द्वारा करवाई गई। जिसमें विश्व विख्यात नृत्यांगना डा. महुआ मुखर्जी व साथी कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। साप्ताहिक संध्या का संचालन हरियाणा कला परिषद के मीडिया प्रभारी विकास शर्मा ने किया। कार्यक्रम से पूर्व कला परिषद के निदेशक संजय भसीन ने अपने विचार सांझा करते हुए कहा कि सभी नृत्यों का मूल शास्त्रीय नृत्य हैं। नृत्य साधना में कलाकार अपनी प्रतिभा में निखार लाते हुए जहां एक ओर भारतीय संस्कृति को जन जन तक पहुंचाने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं वहीं देश को सांस्कृतिक दृष्टि से भी समृद्ध बना रहे हैं। इसी तजऱ पर प्रतिभावान कलाकार डॉ. महुआ मुखर्जी गौड़िया नृत्य को विश्व स्तर पर पहचान दिलाने में कामयाब रही हैं। डॉ. महुआ मुखर्जी के अनुसार गौड़िया नृत्य उस समय से प्रचलित है, जब बंगाल को गौड़िय के नाम से जाना जाता था। गौड़िया नृत्य की पहचान को कायम रखने के लिए डा. मुखर्जी द्वारा भारत में असंख्य जगहों पर इस नृत्य की प्रस्तुति के साथ साथ एंथेस, अमेरिका, ओकलाहोमा, मैमफिश, सिंगापुर, बांग्लादेश सहित दुनियां के कई देशों में अपनी नृत्य प्रतिभा का लोहा मनवा चुकी हैं। साप्ताहिक संध्या में पहली प्रस्तुति चण्डी वंदना की रही, जिसमें महिला कलाकारों ने नृत्य के माध्यम से मां चण्डी की आराधना की। इसके बाद सौम्य भौमिक, सुनिष्ठा मण्डल, पूर्णिमा चटर्जी, सुदेशना मजूमदार और पारोनीता बैनर्जी ने रास लीला नृत्य में भगवान कृष्ण और गोपियों को दर्शाया। अगली प्रस्तुति डा. महुआ मुखर्जी की रही, जिसमें बाल कृष्ण की अठखेलियों को नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। अयान मुखर्जी और सुदेशना मजूमदार द्वारा प्रस्तुत शिव पार्वती नृत्य ने सभी का मन मोहा। अंतिम प्रस्तुति नवदुर्गा नृत्य की रही, जिसमें महिला कलाकारों ने गौड़िया नृत्य के माध्यम से दुर्गा के नौ रुपों को दिखाया। कार्यक्रम में संगीत अमिताव मुखर्जी का रहा। एक के बाद एक बेहतरीन प्रस्तुति में कलाकारों की प्रतिभा और जोश ने सभी को मदमस्त कर दिया। अंत में मीडिया प्रभारी विकास शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## सरकारी सेवाओं एवं योजनाओं में परिवार पहचान पत्र जरूरी



**गुरुग्राम।** हरियाणा सरकार द्वारा परिवार पहचान पत्र बनाने के कार्य को लेकर शनिवार को सेक्टर-27 स्थित सामुदायिक भवन में अतिरिक्त उपायुक्त प्रशांत पंवार की अध्यक्षता में आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों की बैठक भी बुलाई गई। उन्होंने बताया कि परिवार पहचान पत्र बनाने का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। बैठक में उपस्थित आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों को संबोधित करते हुएअतिरिक्त उपायुक्त प्रशांत पंवार ने कहा कि आज हरियाणा में रहने वाले हर निवासी के लिए पहचान पत्र बनवाना अनिवार्य है। भले ही चाहे निवासी किराए पर हो या स्थायी तौर पर रहता है। पहचान पत्र के माध्यम से सभी सरकारी सुविधाओं का जोड़ा गया है। साथ ही सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए इसका होना आवश्यक है। इसके लिए अब निवासियों को अपने पारिवारिक सदस्यों की केवल मूल जानकारी ही मुहैया करानी है, जिसमें आधार, पैन कार्ड इत्यादि है। इसके लिए क्षेत्रीय पार्षद कार्यालय एवं चिन्हित स्थानों पर कैंप लगाए गए हैं, जहां लोग इन्हें बनवा सकते है। परिवार पहचान पत्र के बिना ड्राईविंग लाइसेंस, गाड़ियों के रजिस्ट्रेशन, किसी भी प्रकार की पेंशन का लाभ, मैरिज रजिस्ट्रेशन, जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र, सरकारी नौकरियां, संपत्ति की खरीद-फरोख्त व नगर निगम की सुविधा, बिजली मीटर कनेक्शन लेने समेत किसी भी कार्यों को कराना मुश्किल होगा। किसी भी परेशानी या जानकारी के लिए पार्षदों से संपर्क साध सकते है। बैठक में जोन-3 से वार्ड-30 से पार्षद महेश दायमा, वार्ड-31 के पार्षद कुलदीप बोहरा, वार्ड-32 से पार्षद पति अनिल यादव, वार्ड-34 से पार्षद आरएस राठी, जोन-3 के संयुक्त आयुक्त हरिओम अतरी, जोन-4 के संयुक्त आयुक्त प्रदीप अहलावत भी मौजूद रहे।

# टीकारण : 600 स्वास्थ्य कर्मियों को लगाई कोरोना की संजीवनी

### वजीराबाद पीएचसी में सफाईकर्मी राधा चौधरी बनीं पहली वैक्सीन लगवाने वाली महिला

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम में कोरोना की वैक्सीन लगवाते मेदांता मेडिसिटी के चेयरमैन डॉ. नरेश त्रेहान, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. एमपी सिंह, सिविल सर्जन डॉ. विरेंद्र यादव।

**देश** में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कोरोना वैक्सीन लगाने की शुरुआत के साथ ही देशभर के स्वास्थ्य केंद्रों में वैक्सीनेशन का कार्य शुरू हुआ। द्रोण नगरी गुरुग्राम में राजकीय विद्यालय वजीराबाद गांव समेत छह स्थानों पर टीकाकरण की शुरुआत की गई। वजीराबाद में पीएचसी की सफाईकर्मी राधा चौधरी वैक्सीन लगवाने वाली पहली महिला रहीं। लोगों में वैक्सीन के प्रति संशय दूर करने के लिए इस दौरान सिविल सर्जन डॉ. विरेंद्र यादव, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. एमपी सिंह ने भी कोरोना वैक्सीन लगवाई।

कोरोना वैक्सीन लगवाने को कई दिनों से की जा रही तैयारियों के बाद शनिवार को आखिरकार संजीवनी के रूप में कोरोना की दवा का वैक्सीनेशन शुरू हो गया। सबसे पहले स्वास्थ्यकर्मियों को यह वैक्सीन लगाने की शुरुआत की गई है। पूर्व में तैयार की गईसूची के अनुसार ही वैक्सीनेशन किया गया। वैक्सीन लगवाने को किसी पर किसी तरह का कोई दबाव नहीं होगा, इस बात को प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग पहले ही कह चुका है। यह सबकी मर्जी पर निर्भर करता है कि वे कोरोना की वैक्सीन लगवाएं या नहीं।

कोरोना वैक्सीनेशन के दौरान मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने चंडीगढ़ से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए गुरुग्राम स्थित मेदांता मेडिसिटी में बनाए गए सेंटर पर टीकाकरण की प्रक्रिया देखी। टीका लगवाने वाले स्वास्थ्य कर्मियों को संदेश दिया। उन्होंने कहा कि टीका पूरी तरह से सुरक्षित है। कोरोना लाइलाज बीमारी नहीं है। उन्हें भी हो गई थी। कोई चिंता की बात नहीं।

### वैक्सीनेशन के बाद भी बरतें सावधानी : सीएम

**सीएम** बोले, वैक्सीन की पहली डोज लगने के 42 दिन बाद व्यक्ति के शरीर में एंटीबॉडीज विकसित होनी शुरू होती हैं। इसलिए मास्क का प्रयोग, एक-दूसरे के बीच 2 गज की दूरी और साफ-सफाई का पूरा ध्यान रखें, सावधानी बरतें। जिसे पहली डोज लगे, वे दूसरी डोज अवश्य लगवाएं। वजीराबाद के राजकीय विद्यालय और मेदांता अस्पताल, दोनों जगहों पर गुरुग्राम के उपायुक्त डॉ. यश गर्ग भी रहे मौजूद। मेदांता मेडिसिटी के चेयरमैन डॉ. नरेश त्रेहान, मेदांता के सह-संस्थापक सुनील सचदेवा और डॉ. सुशीला कटारिया समेत मेदांता की पूरी टीम ने कोरोना का टीका लगवाया।

# ब्राह्मण समाज ने जरूरतमंद को दिए वस्त्र


जरूरतमंदों को वस्त्र भेंट करते ब्राह्मण समाज के सदस्य।

**गुरुग्राम।** ब्राह्मण समाज ने शनिवार को एक दर्जन से भी ज्यादा जगहों पर जरूरतमंद लोगों को कंबल व महिलाओं को साड़ी उपहार स्वरूप दी। ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ नेता टीपी शर्मा ने बताया कि ब्राह्मण समाज ने सदैव दान और ज्ञान देने में विश्वास किया है। उसी परम्परा को आगे बढ़ाते हुए आज में धर्मपुर, सेक्टर-108, साउथ सिटी वन, सिलोखरा गांव, मियांवाली कालोनी, साइबर सिटी, श्रीराधा-कृष्ण गौशाला सेक्टर-9 आदि स्थानों पर जरूरतमंदों को उपहार दिए गए।

यह सहायता समय-समय पर जरूरतमंद लोगों को उपहार स्वरूप दी जाएगी। जिसमें ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ नेताओं से सलाह मशवरा करके दी जाएगी। ब्राह्मण एकता मंच अध्यक्ष राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित पूर्व इंस्पेक्टर चंद्र प्रकाश भारद्वाज ने कहा कि दान देने से धन दो गुना होता है। यह परंपरा हमारी सदियों से चली आ रही है। मैंने और हमारी टीम ने सेवानिवृत्ति के बाद समाज सेवा में ज्यादा से ज्यादा काम करने का बीड़ा उठाया है। पूर्व पुलिस अधिकारी विजय शर्मा ने कहा कि सर्दियों में जरूरतमंद लोगों को गर्म वस्त्र देना एक पुण्य का कार्य है। यह हमने अपने बुजुर्गों से विरासत में सीखा है। ब्राह्मण समाज ने सदैव दान देने में विश्वास किया है। वह चाहे आशीर्वाद हो या और चीजों से दिया जाने वाला दान हो। ब्राह्मण समाज सदैव आगे रहा है। पूर्व पुलिस अधिकारी लालचंद शर्मा ने कहा कि आज के युग में जरूरतमंद को उसकी जरूरत का सामान मिल जाए तो वह बड़ा ही पुण्य का काम है।

# जिले में हुए 12 लाख 32 हजार 58 मतदाता

**गुरुग्राम।** एक जनवरी 2021 को अर्हता तिथि मानकर फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनर्निरीक्षण का अन्तिम प्रकाशन 15 जनवरी को सम्बन्धित बीएलओ के माध्यम से जिला के सभी मतदान केंद्रों पर कर दिया गया है। सूची के मुताबिक अब तक जिले में 16,701 नए मतदाताओं समेत कुल 12 लाख 32 हजार 58 मतदाता हो गए हैं।

पुनर्निरीक्षण के दौरान पटौदी निर्वाचन क्षेत्र में 4708 नए मतदाता, बादशाहपुर में 4146, गुरुग्राम में 1824 और सोहना में 6023 नए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल किये गये हैं। जिला उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी यश गर्ग के मुताबिक अन्तिम प्रकाशन अनुसार जिला गुरुग्राम में कुल 1232058 मतदाता हो गये हैं, जिनमें पटौदी निर्वाचन क्षेत्र में 224236, बादशाहपुर में 403399, गुरुग्राम में 367611 तथा सोहना में 236812 मतदाता हैं। मतदाता अपने क्षेत्र के बीएलओ के पास उपलब्ध वर्तमान मतदाता सूची में अपना नाम नि:शुल्क देख सकते हैं। कोई भी व्यक्ति अधिक जानकारी के लिये निर्वाचन अधिकारी हरियाणा की वेबसाईट पर अपना नाम चेक कर सकते हैं। अधिकारी ने बताया कि मतदाता सूचियों के संक्षिप्त पुनर्निरीक्षण 2021 के दौरान मृतक, स्थाई तौर पर स्थानांतरित मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से विलोपित किये हैं। यदि योग्य व्यक्ति का नाम फोटोयुक्त मतदाता सूची में दर्ज नहीं हैं तो वह अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवाने के लिए फार्म-6 अवश्य भरें।

### फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनर्निरीक्षण का हुआ अंतिम प्रकाशन

# जिला जेल में मिले मोबाइल, आठ बंदियों पर केस दर्ज

**सोहना।** भोंडसी जिला जेल में शुक्रवार को चले तलाशी अभियान में तीन मोबाइल फोन बरामद हुए। जेल अधिकारी की शिकायत पर भोंडसी पुलिस ने आठ बंदियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। भोंडसी जिला जेल के ब्लॉक 8 के भाग ए व बी में चलाए गए तलाशी अभियान के दौरान बी ब्लॉक में एक मोबाइल फोन कैदी आबादी से बरामद हुआ। पूछताछ में उसने बताया कि इसका इस्तेमाल बंदी फरीद, जमालुद्दीन और गौरव उर्फसोनू भी करते थे। यह फोन बंदी राजेश उर्फ राजे का है। राजेश उर्फराजे को फरीद ने मोबाइल फोन लाकर दिया दिया था। दूसरा मोबाइल फोन ब्लॉक 8ए में बंदी मंजीत से बरामद हुआ। मंजीत ने बताया उसके अलावा मोबाइल फोन का उपयोग राशिद व अभिषेक भी करता था। तीसरा मोबाइल फोन ब्लॉक 8ए के बाथरूम बंदी की पेंट की जेब से मिला।

# यूपी पॉवर कारपोरेशन लि. पर फर्जीवाड़े व भ्रष्टाचार के आरोप

पायनियर समाचार सेवा। ग्रेटर नोएडा

**उत्तर** प्रदेश पॉवर कारपोरेशन लिमिटेड पर एक बिजली उपभोक्ता ने फर्जीवाड़े व भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। उपभोक्ता के मुताबिक उनके स्वर्गीय पिता के नाम पर पावर कारपोरेशन ने हजारों रुपये का बकाया बिल भेजा है, जबकि उनके देहांत से पहले ही उनके नाम के बिजली कनेक्शन के बिल का पूरा भुगतान कर दिया गया था।

ग्रेटर नोएडा के गांव दयानतपुर निवासी एवं जेवर विधानसभा क्षेत्र से बीजेपी युवा नेता मंजीत ठाकुर की ओर से यूपी के ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा को भेजी गई शिकायत में कहा है कि उनके पिता जेवर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक ठाकुर छत्तरपाल सिंह के नाम से बिजली मीटर था। उनके देहांत से पहले ही उनके नाम से लगे बिजली के मीटर का पूरा भुगतान 9 अगस्त 2016 को जेवर बिजली घर के तत्कालीन एसडीओ सजूल कुमार व जेई महेंद्र शर्मा की मौजूदगी में कर दिया गया था। जिसकी पीडी फीस की रसीद की क्रम संख्या-521299 है।

अब चार साल बाद 86799 रुपये का बकाया बिल दिखाकर कारपोरेशन ने 16 जनवरी को भेजा है। मंजीत ठाकुर ने शिकायत में बताया है कि वर्ष 2016 में पूरा भुगतान करने के बाद और ठाकुर छत्तरपाल सिंह के देहांत के बाद उनके आवास का बिजली कनेक्शन उनकी पुत्रवधू बीना देवी के नाम करा दिया गया था। जिसका बिजली बिल हर माह भरा जा रहा है।

भाजपा नेता मंजीत ठाकुर ने ऊर्जा मंत्री को लिखे पत्र में गुहार लगाई है कि यहां की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में है। उपभोक्ताओं को यह सीधे तौर पर परेशान करने की कार्रवाई है। इसलिए विभाग के संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने बिजली विभाग में घूसखोरी व भ्रष्टाचार की बात कही है। इसे लेकर वे जल्द ही प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य से मुलाकात भी करेंगे।

### देहांत के चार साल बाद भेजा 86799 रुपये का बिल

### देहांत से पहले ही ठाकुर छत्तरपाल सिंह के नाम से बिजली कनेक्शन का पूरा भुगतान कर दिया था

# बस स्टैंड के अंदर नहीं आती हैं रोडवेज बसें

### सड़क पर बस देख यात्रियों को लगानी पड़ रही दौड़

एन रोहिल्ला। सोहना


सोहना बस स्टैंड परिसर में आने वाली बसें बूथ पर खड़ी नहीं होती है। यात्री स्वयं बसों तक बैठने के लिए दौड़ लगाते है।

**सोहना** के सामान्य बस स्टैंड पर सुबह के समय बसें अंदर न आने से यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दिन के समय में भी बसें बूथ पर नहीं लगती हैं। जिससे यात्रियों को दौड़-दौड़कर बसें पकड़नी पड़ती हैं। ऐसे में यात्रियों के चोटग्रस्त होने का खतरा बना रहता है।

सोहना के सामान्य बस स्टैंड पर जिला नूंह, पलवल की तरफ से आने वाली हरियाणा रोडवेज की बसें बाहर-बाहर से ही चली जाती हैं। जबकि दिल्ली, गुरुग्राम जाने वाले यात्री स्टैंड परिसर में बसों का इंतजार करते रह जाते हैं। ऐसे में यात्री समय पर अपने गंतव्य पर नहीं पहुंच पाने से परेशान हैं। सुबह के समय दिल्ली और गुरुग्राम के कॉलेज, यूनिवर्सिटी में शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएं भी शामिल हैं। जिन्हें कॉलेज, यूनिवर्सिटी पहुंचने में देर हो रही है।

### क्या कहना है यात्रियों का

**सोहना** निवासी छात्रा योगिता का कहना है कि वह दिल्ली यूनिवर्सिटी में शिक्षा प्राप्ती के लिए रोजाना सोहना से जाती है। वह और उसकी सहेली रोजाना सुबह 7 बजे सोहना बस स्टैंड पर पहुंच जाती हैं, लेकिन पलवल और नूंह की ओर से आने वाली हरियाणा रोडवेज की बसें अंदर नहीं आती हैं। ऐसे में कोहरा होने पर बसें बस स्टैंड से नजर नहीं आती। राजेश का कहना है कि वह मानेसर एक कंपनी में नौकरी करता है। उसे सुबह 8 बजे गुरुग्राम के लिए बस पकड़नी होती है, लेकिन बसें स्टैंड से बाहर चली जाती हैं। बस स्टैंड प्रभारी सुबह अपनी सीट से नदारद होने के कारण ऐसे अपनी शिकायत भी किसी को दर्ज नहीं करा पा रहे हैं। बस स्टैंड प्रभारी का यहां आने का कोई समय निरधारित नहीं है।

### बूथ पर नहीं लगती है

**सामान्य** बस स्टैंड के अंदर भी हरियाणा रोडवेज की बसें बूथ पर खड़ी नहीं होतीं। जबकि यात्री बूथ पर बस लगने का इंतजार करते रहते हैं। बस परिचालक द्वारा दूर से आवाज लगाई जाती है। जिसे सुनकर यात्री दौड़ पड़ते हैं। जिनमें बच्चे, युवा और वृद्ध यात्री शामिल होते हैं। जिनके दौड़ने पर चोटग्रस्त होने का खतरा बना रहता है। जगबीर का कहना है कि कई बार वृद्ध यात्री चोटिल हुए हैं। महिलाओं और बच्चों को चोटें लगी हैं। बाइक-स्कूटर चालक भी तेजी से निकलते हैं। इस संबंध में बस स्टैंड प्रभारी से सवाल किया गया तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया।

# तीन सट्टेबाजों से 10 हजार रुपये बरामद

**सोहना।** सट्टाखाई के खिलाफ सीआईए सोहना, सिटी थाना सोहना और भोंडसी थाना पुलिस द्वारा चलाए गए अभियान में तीन आरोपियों को काबू किया है। पुलिस ने आरोपियों से 10310 रुपये बरामद किए हैं। आरोपियों के खिलाफसिटी थाना सोहना में दो और भोंडसी थाना में एक मामला दर्ज किया गया है। सोहना सिटी थाना से एएसआई प्रहलाद सिंह ने अनाज मंडी में चाय की दुकान पर सट्टाखाई करने वाले इसराइस निवासी वार्ड-17 पठान वाड़ा मोहल्ला को गिरफ्तार किया। उसके पास से 940 रुपये बरामद किए हैं। सीआईए सोहना सीआईए पांच के हवलदार सोनू ने शहर की चुंगी नंबर के निकट शराब के ठेका के पास सट्टाखाई करने वाले सतीश निवासी गोराउपरवार थाना चौबेपुर जिला वाराणसी उत्तर प्रदेश को पकड़ा। उसके पास 4530 रुपये बरामद किए।

# मिवी रोम 2 रिव्यू : भारत में बना पहला ब्लूटूथ स्पीकर, बजट रेंज का सबसे बेहतरीन स्पीकर

### 2000 एमएएच (2000mah) की बैटरी से लैस है

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




**भारत** की जानी-मानी टेक कंपनी मिवी ने बाजार में देश में ही बना ब्लूटूथ स्पीकर मिवी रोम 2 पेश किया है। यह स्पीकर पूरी तरह से देश में ही निर्मित हुआ है और कंपनी ने इसे प्रीमियम लुक दिया है। इसकी सबसे खास बात है एक तो यह वाटर प्रूफ है और यह 2000 एमएएच (2000mah) की बैटरी से लैस है जिससे 24 घंटे बैकअप मिलता है और इसमें शानदार एचडी सटीरियो (Stereo) साउंड के लिए सुपर बास समेत पावरफुल ड्राइवर्स दिए गए हैं। रिव्यू में जानते हैं कि कैसा है यह भारत में बना पहला ब्लूटूथ स्पीकर। मिवी रोम 2 में 5 वॉट का स्पीकर दिया गया है और ब्लूटूथ 5.0 है, जिसकी कनेक्टिविटी रेंज 10 मी है। वहीं, इस स्पीकर को आईपीएक्स (IPX 67) की रेटिंग मिली है जिसका मतलब यह स्पीकर वाटरप्रूफ है। हमने मिवी रोम 2 (Mivi Roam 2) पर पानी का टेस्ट किया और यह उसमें खरा उतरा।

मिवी रोम 2 (MIVI Roam 2) ब्लूटूथ स्पीकर की एक और खास बात इसका प्रीमियम लुक है जो इसे काफी आकर्षक बनाता है। वजन में हल्का होने के कारण इस स्पीकर को आसानी से कहीं भी ले जाया जा सकता है। ट्रेवल करने वालों के लिए यह एक बेहतरीन विकल्प है।

**निष्कर्ष** : मिवी रोम 2 (MIVI Roam w) अपना प्रभाव पूरी तरह से छोड़ता है। इसकी ऑडियो क्वालिटी बेहतरीन हैं और कनेक्टिविटी भी दमदार है। इसके अलावा स्पीकर में माइक की सुविधा दी गई है, जिसकी मदद से आप फोन पर बात कर सकते हैं। अगर आपको 2,000 रुपये से कम कीमत में ब्लूटूथ स्पीकर खरीदना है तो आप मिवी रोम 2 (MIVI Roam 2) को खरीद सकते हैं। यह स्पीकर बैटरी, डिजाइन, साउंड और कनेक्टिविटी के मामलों में खरा उतारा है। अगर रेटिंग की बात की जाए तो हम इसे 10 में से नौ नंबर देंगे।

मेवात पायनियर पलवल 5
हरियाणा, रविवार 17 जनवरी, 2021 • नूंह • नगीना • फिरोजपुर झिरका • तावडू • पिनगवां • पुन्हाना • पुथला • होडल • हसनपुर • हथीन ई-पेपर www.pioneerhindi.com

# मेवात में कोरोना वैक्सीन की शुरुआत

## वैक्सीन का प्रथम टीका आंगनबाड़ी सुपरवाइजर सोनू को लगाया

दीपक कुमार। नूंह

**शनिवार** को देश प्रदेश के साथ जिले में कोरोना वैक्सीन का प्रारंभ किया गया। नूंह, तावडू व फिरोजपुर झिरका में सबसे पहले 300 स्वास्थ्य कर्मियों को टीका लगाया गया। स्वास्थ्य कर्मियों में आशा वर्करों के अलावा अस्पताल स्टाफ से एएनएम के अलावा अन्य स्टाफ के सदस्य शामिल रहे। नूंह सीएचसी में पहला इंजेक्शन आशा वर्कर सोनू को लगाया गया। सीएचसी में इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल, सीएमओ डॉ. सुरेंद्र यादव, एसएमओ संदीप राजपूत सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

### पीएम मोदी की वीडियो कांफ्रेंस से जुड़े अधिकारी

**कोरोना** टीकाकरण से पूर्व सीएचसी में पीएम मोदी के संवाद के साथ मुख्य अतिथि सहित अन्य अधिकारी जुड़े। मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि टीकाकरण अभियान के दौरान व बाद में भी मास्क लगाना, दो गज की दूरी बनाएं रखना व स्वच्छता पर अनिवार्य रूप से विशेष ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि यह एक बड़ा अभियान है और यह टीकाकरण अभियान भारत के सामर्थ्य को दिखाता है। उन्होंने कहा कि भारत में बनाई कोवैक्सीन व कोविशील्ड को आपातकालीन उपयोग की मंजूरी दी गई है। उन्होंने कहा कि इस पूरी प्रक्रिया की पूरे विश्व में विश्वसनीयता है। मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. मुनीष नागपाल ने बताया कि कोरोना महामारी को मात देने के लिए कोरोना वैक्सीन की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की है। प्रथम चरण में पूरे भारत में लगभग तीन करोड़ लोगों को कोरोना वैक्सीन दी जाएगी और एक महीने बाद दूसरे चरण में तीस करोड़ को टीकरण किया जाना है। उन्होंने बताया कि जिले के सीएचसी सेंटरों पर वैक्सीन दी जा रही है।


सामान्य अस्पताल नूंह में आंगनबाड़ी सुपरवाईजर सोनू वैक्सीन का सर्व प्रथम टीकाकरण कराती हुई।

### पहला टीका आशा वर्कर को लगाया

**वैक्सीन** का प्रथम टीकाकरण समान्य अस्पताल नूंह में आंगनबाड़ी सुपरवाईजर सोनू को लगाया गया। स्वास्थ्य विभाग के निदेशक डॉ. असरुद्दीन ने भी टीकाकरण कराने वाली आंगनबाड़ी वर्कर व सुपरवाईजरों को टीकाकरण के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पूरे देश के साथ-साथ नूंह जिले में भी कोरोना वैक्सीन टीकाकरण के लिए स्वास्थ्य मंत्रालय भारत सरकार व स्वास्थ्य विभाग हरियाणा ने पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। प्रथम टेबल पर सुरक्षा गार्ड द्वारा तापमान की जांच की जाती है, उसके बाद प्रतीक्षा कक्ष में व्यक्ति के सवालों का जवाब और टीकाकरण को लेकर उसकी शंका दूर की जाती है। कोविड एप पर रजिस्ट्रेशन चेक करने के बाद टीकाकरण किया जाता है। आब्जर्वेशन रूम में करीब 30 मिनट के लिए आराम कराया जाता है और उसका हालचाल के बारे में जानकारी ली जाती है और अंत में प्रोत्साहित करने के लिए बैज लगाकर उसे घर के लिए भेजा जाता है।

### दूसरा टीका 28 दिनों बाद लगाया जाएगा

**सिविल** सर्जन डॉ. सुरेन्द्र यादव बताया कि निर्धारित स्थानों पर पूरी सावधानी बरतते हुए वैक्सीन लगाने का काम किया जा रहा है। जिन स्वास्थ्य कर्मियों को अगला टीका 28 दिन बाद लगाया जाएगा। इसी बीच सभी लोगों के स्वास्थ्य के बारे में भी जानकारी ली जाएगी।

### भ्रांतियों से रहे दूर

**कई** बार लोगों में ऐसी वैक्सीन को लेकर भ्रांति फैलाई जाती है लेकिन यह दोनों वैक्सीन पूरी तरह से सुरक्षित हैं। सीएमओ डॉ. सुरेंद्र यादव ने स्पष्ट किया कि जिन व्यक्तियों को यह वैक्सीन लगेंगी। अगली डोज इसी वैक्सीन के तहत लगेगी। बशर्ते लाभार्थियों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी हिदायतों का पालन निरंतर करना होगा। मौके पर वैक्सीन अभियान के जिला नोडल अधिकारी डॉ. बंसत दूबे, एसएमओ नूंह डॉ. संदीप, एएनएम सुनीता, रबीना और हेल्थ इंस्पेक्टर मुकेश कुमार मौजूद रहे।

# शासन-प्रशासन की पूर्ण पाबंदी के दावों की खुली पोल

## हरियाणा सीमा के पहाड़ों में लगातार अवैध खनन जारी

सेनायत खां। फिरोजपुर झिरका

**शासन** प्रशासन के दावों के विपरीत अवैध खनन माफिया हरियाणा सीमा की कटी घाटी के समीप पहाड़ों से लगातार अवैध खनन कर प्रतिदिन लाखों रुपये कमाने में लगे हुए हैं। जिला प्रशासन अवैध खनन माफिया के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाए गांवों में छुटमुट खनन कर अपनी आजीविका चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर अपनी पीठ थपथपाने में लगा हुआ है।

घाटी से लेकर कोलगांव तक फैले पहाड़ का आधा हिस्सा हरियाणा का है और आधा हिस्सा राजस्थान सरकार का है। राजस्थान सरकार की ओर से अपने हिस्से के पहाड़ में लीज छोड़ कर खनन कराया जा रहा है। परंतु हरियाणा के हिस्से के पहाड़ में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा खनन पर पूर्ण रूप से पाबन्दी लगाई हुई है। शासन-प्रशासन भी हरियाणा सीमा के पहाड़ों में खनन पर पूर्ण पाबन्दी का दावा करता रहा है।

इसके विपरीत हरियाणा सीमा के पहाड़ में कटी घाटी पथराली, शाहपुर गांव के साथ लगते पहाड़ में खनन माफिया लगातार बड़े पैमानें पर दिन-रात खनन कर प्रतिदिन लाखों रुपये की राशि कमा कर अपनी जेब भरने में लगे हुए हैं। यह सिलसिला आज कोई नया नहीं है बल्कि कई सालों से बड़ी मशीनों के अलावा ब्लास्टिंग कर अवैध खनन किया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार बताया गया कि स्थानीय प्रशासन, वन एवं खनिज और पुलिस विभाग खनन माफिया द्वारा किये जा रहे अवैध खनन की कार्रवाई से पूरी तरह परिचित है। ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायतों पर पहाड़ में आते हैं और अवैध खनन करने वालों के साथ बैठक कर खाली हाथ लौट जाते हैं, लेकिन आज तक अवैध खनन माफियाओं के खिलाफ किसी भी तरह की शासकीय कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई है।


हरियाणा सीमा के पहाड़ में किया जा रहा अवैध खनन।

यही कारण है कि हरियाणा सीमा के पहाड़ में कई किलोमीटर तक अवैध खनन कर पहाड़ को समतल बनाया जा चुका है। कई बार ब्लास्टिंग करने और पत्थरों के टुकड़े घरों पर आ कर गिर कर नुकसान कर चुके है ग्रामीणों की ओर से शिकायत भी गई, लेकिन ग्रामीणों की शिकायत पर कार्रवाई करने के बजाए ठंडे बस्ते डाला जा चुका है। खनन करने वालों की ऊपर तक पकड़ होने व पैसे से मुंह बंद करने पर पहाड़ों से निरंतर अवैध खनन करने का काम बड़े पैमाने पर जारी है। ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से हरियाणा सीमा के पहाड़ों से हो रहे अवैध खनन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की है।

# संक्षिप्त समाचार

## ओएलएक्स पर विज्ञापन देकर लूटने वाला गिरफ्तार



**पुन्हाना।** पुलिस अधीक्षक नूंह के कुशल-मार्गदर्शन में अपराधों पर अंकुश लगाते हुये प्रबधक थाना बिछौर निरीक्षक कृष्ण कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने ओएलएक्स साइट पर विज्ञापन दिखाकर अवैध हथियार के बल पर लूट करने के मामले में संलिप्त आरोपी साहिद ऊर्फ साहिब ऊर्फ मोटा निवासी तिरवाड़ा को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार हरेंन्द्र सिंह पुत्र बिजेंद्र सिंह निवासी गांव जट्टारी जिला अलीगढ़ (यूपी) को ओलैक्स एप साइट पर स्कॉर्पियो कार दिखाकर व मोबाइल फोन द्वारा संपर्क करके उसे, उसके भाई अमित कुमार और विनोद कुमार को ठेक गांव पेट्रोल पंप पर बुलाया। वहां से बिजेंद्र सिंह दोनों को स्प्लैंडर मोटरसाइकिल पर गाड़ी दिखाने के बहाने डूडौली गांव के बीच ले गया। वहां पहले से चार-पांच अन्य शख्स मोटरसाइकिल सहित मौजूद थें। सभी ने मिलकर हरेंन्द्र सिंह, अमित कुमार और विनोद कुमार से अवैध हथियार के बल पर 3 लाख रुपये कैश और दो मोबाइल फोन लूट लिए। थाना बिछौर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर वारदात में लूटे गये रुपयों में से नौ हजार चार सौ पचास रुपये बरामद किए हैं।

## प्रशिक्षण की समाप्ति पर सर्टिफिकेट प्रदान किए



**पलवल।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण केंद्र के सौजन्य से शनिवार को रतीपुर पलवल में जूट प्रॉडेक्ट निर्माण ट्रेनिंग के प्रशिक्षण समापन अवसर पर जिला पलवल एवं फरीदाबाद के सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के रीजनल मैनेजेर एसके अग्रवाल, वरिष्ठ प्रबंधक प्रशांत शर्मा एवं डाइरेक्टर रवि शर्मा ने 35 प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र देकर कार्यक्रम का समापन किया। इस दौरान सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के रीजनल मैनेजेर एसके अग्रवाल ने बैंक ऋण सम्बन्धी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी एवं अपना खुद का रोजगार शुरू करने के लिए बैंक द्वारा चलाई जा योजनाओं का लाभ उठाने की प्रेरणा दी। साथ में एसके अग्रवाल ने बैंक की एक मुश्त ऋण निपटान योजना की भी विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि पंजाब नेशनल बैंक द्वारा जिला पलवल में चलाए जा रहे स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान से जिला के बेरोजगार युवक-युवतियों के कदम स्वरोजगार की तरफ बढ़ रहे हैं।

## खेलकूद में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



**पलवल।** जिला खेल विभाग पलवल की तरफ से दीप स्कूल असावटी गांव में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 400 मीटर, 200 मीटर, 100 मीटर दौड़ कराई गई। इस प्रतियोगिता में स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आस-पास के गांव के बच्चों ने भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिसमें 400 मीटर की दौड़ में स्कूल के छात्र जितेंद्र ने प्रथम, ओम सागर ने द्वितीय, गांव प्याला से अमित से तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 की दौड़ में प्याला गांव के नितिन ने प्रथम स्थान, जितेंद्र ने द्वितीय व दीपक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लड़कियों की 100 मीटर की दौड़ में स्कूल की छात्रा राखी ने प्रथम, तनीषा ने द्वितीय, लवली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर खेल विभाग की तरफ प्रकाश कादयान, चेयरमैन कुलदीप कौशिक, मैनेजर डायरेक्टर जगदीश कौशिक, प्रधानाचार्य गोपाल चौहान, शिल्पा, मुकेश, राम शर्मा, वीरेंद्र अध्यापक आदि उपस्थित रहे। सभी बच्चों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## जिला पुलिस अधीक्षक के आश्वासन के बाद माने परिजन



**होडल।** विक्रम की हत्या के मामले में लिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर होडल थाने के गेट पर शव रखकर धरने पर बैठे परिजन जिला पुलिस अधीक्षक दीपक गहलावत के आश्वासन के बाद घर को लौट गए। पुलिस ने इस मामले में चार लोगों लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। जिनमें गढ़िया मोहल्ला निवासी उमेश उर्फ भोंगा, हरकेश, सतवीर व तिलक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने पकड़े गए हत्यारों को दो दिन के रिमांड पर ले लिया। जिला पुलिस अधीक्षक ने मृतक विक्रम के परिजनों को आश्वासन दिया कि विक्रम की हत्या मामले में जो भी आरोपी लिप्त हैं उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि हत्या के मामले में अगर वार्ड पार्षद भी लिप्त हैं तो उसे भी गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। ज्ञात रहे कि हत्यारों ने गुरुवार देर रात गढ़िया मोहल्ला निवासी विक्रम की हत्या कर शव गढ़ी रोड स्थित मोक्षधाम की जोहड में डाल दिया था। शुक्रवार सुबह विक्रम के परिजनों और पुलिस ने शव जोहड़ से बाहर निकाला था। पुलिस ने मृतक के भाई संजीव की शिकायत पर वार्ड पार्षद सहित नौ लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया था। विक्रम के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद मृतक विक्रम के परिजन व मोहल्ले के सैकड़ों महिला-पुरुष विक्रम का शव लेकर होडल थाने के गेट पर रखकर धरने पर बैठक गए। गुस्साए परिजनों की एक ही मांग थी कि वार्ड पार्षद सत्यवीर को तुरन्त गिरफ्तार किया जाए।

## तीन सड़क दुर्घटनाओं में बाइक सवार की मौत दो गम्भीर

**फिरोजपुर झिरका।** फिरोजपुर झिरका थानांतर्गत शुक्रवार को अलग-अलग तीन सड़क दुर्घटनाओं में एक की मौके पर ही मौत हो गई तो दो गम्भीर रूप से घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल अल-आफिया मांडी खेड़ा में भर्ती कराया है। ट्रक चालक पुलिस की गिरफ्त से दूर हैं। तीनों मामलों में मृतक व घायलों के परिजनों की शिकायत पर एक नामजद दो अज्ञात चालकों के खिलाफ सड़क दुर्घटना का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की गई है। फिरोजपुर झिरका पुलिस के अनुसार शहजाद निवासी तिलवाड़ थाना रामगढ़ ने शिकायत करते हुए बताया कि उसका चाचा नसीम उम्र 40 साल अपनी मोटरसाइकिल से बिवा की ओर जा रहे थे। सामने से तेज रफ्तार आ रहे ट्रक ने नसीम को टक्कर मार दी। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक चालक निसार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया है। दूसरी सड़क दुर्घटना दोहा गांव के समीप हुई है। बाइक सवार कोलगांव के तौफीक को ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी।

# कोहरे की चादर : लाइट जला कर रेंगते दिखे वाहन



**फिरोजपुर- झिरका।** फिरोजपुर झिरका में शनिवार सुबह से लेकर दोपहर 12 बजे तक शीत लहर के साथ कोहरे की सफेद चादर ने वाहन चालकों को नजदीक का भी सही से नहीं दिख रहा था। सड़कों पर तेज रफ्तार दौड़ रहे वाहनों की रफ्तार पर कोहने ब्रेक लगा दिया।

शनिवार को कोहरा इस कदर था कि सड़क पर पैदल चलता व्यक्ति एक-दूसरे को नजर नहीं आ रहा था। तेज रफ्तार से दौड़ रहे वाहनों की रफ्तार धीमा कर चींटी की तरह सड़कों और चलने पर मजबूर कर दिया। वाहनों के सामने कोहरे की सफेद चादर इस तरह फैली हुई थी कि छोटे-बड़े वाहनों को दिन में लाइट जला कर अपनी मंजिल तक पहुंचना पड़ा।

# पुलिस की कार्यशैली से परेशान हो राष्ट्रपति से मांगी इच्छा मृत्यु

ललित गर्ग। पुन्हाना

**शहर** के एक युवक ने पुन्हाना अपराध शाखा पुलिस पर अवैध रूप से गिरफ्तार कर मारपीट करने के बाद एक लाख 25 हजार रुपये रिश्वत लेकर छोड़ने का आरोप लगाया है। मामले में दोषी पुलिस कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक नरेंद्र विजारनियां से मुलाकात कर मामले की शिकायत भी की है। जिस पर पुलिस अधीक्षक ने पीड़ित को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया है। इसके साथ ही पीड़ित युवक ने अपराध शाखा पुलिस की कार्यशैली से परेशान होकर राष्ट्रपति को पत्र भेजकर इच्छा मृत्यु की अनुमति भी मांगी है। जबकि अपराध शाखा पुलिस द्वारा रुपये लेकर छोड़ने के आरोप को पूरी तरह से निराधार बताया गया है।

पीड़ित सौरव निवासी पुन्हाना ने बताया कि सात जनवरी को दोपहर 2 बजे के आसपास पुन्हाना अपराध शाखा पुलिस के कर्मचारी अरुण व मनोज ने मुझे मेरी दुकान के सामने से उठाया और होडल रोड स्थित अपराध शाखा के कार्यालय पर ले गए। जब मैंने अपना अपराध पूछा तो दोनों कर्मचारियों ने मेरा अपराध बताने की बजाएं थर्ड डिग्री की बेहद दर्दनाक यातनाएं दीं और मुझे छोड़ने की ऐवज में घर वालों से जबरदस्ती एक लाख पच्चीस हजार रुपये मंगवाए। राशि लेकर बाद खाली कागज पर मेरे दस्तखत कराकर मुझे छोड़ दिया। पीड़ित का आरोप है कि अपराध शाखा पुलिस द्वारा मेरे साथ बिना अपराध के अपराधियों से भी बदतर व्यवहार किया। जिससे मेरे परिवार की आजीविका के साधन खत्म होने, असुरक्षा व शारीरिक रूप से प्रताड़ित किए जाने से परेशान हूं। न्याय की मांग को लेकर मेरे द्वारा मुख्यमंत्री मनोहर लाल, गृह मंत्री अनिल बिज, डीजीपी, आईजी व एसपी को शिकायत कर दोषी पुलिस कर्मचारियों को खिलाफ कार्रवाई कराने के साथ ही न्याय दिलाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि इसके बलावा मेरे द्वारा पुलिस की कार्यशैली से परेशान होकर राष्ट्रपति को पत्र भेजकर इच्छा मृत्यु की अनुमति भी मांगी गई है। वहीं, मामले को लेकर अपराध शाखा पुलिस प्रभारी तरुण दहिया ने बताया कि सौरव के खिलाफ आनलाइन ठगी कर कमीशन लेकर रुपये को दूसरे के खाते में डालने की शिकायत मिली थी। जिस पर पूछताछ के लिए आरोपित को लाया गया था।

# जिले में लिंगानुपात : साल दर साल हो रहा इजाफा

रिजवान कासिम। मेवात

**हरियाणा** के मुस्लिम बाहुल्य जिला नूंह में साल दर साल लिंगानुपात में सुधार हो रहा है। मेवात जिला प्रदेश की सूची में तीसरे स्थान पर बरकरार है। दूसरे नंबर पर पंचकूला और पहले नंबर पर सिरसा जिला है। जबकि चरखी दादरी लिंगानुपात के मामले में सबसे फिसड्डी जिलों की सूची में है।

उप सिविल सर्जन डॉ. आशीष सिंगला ने बताया कि लिंगानुपात में 949 के साथ सिरसा पहले नंबर पर है। 939 अंकों के साथ पंचकूला दूसरे स्थान पर और 939 अंक के साथ मेवात जिला तीसरे नंबर पर बरकरार है।

## प्रदेश में तीसरे नंबर पर पहुंचा मेवात जिला

डॉ. सिंगला ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि वर्ष 2017 में 911, वर्ष 2018 में 918, वर्ष 2019 में 221 और वर्ष 2020 में 939 लिंगानुपात है। लड़कों के मुकाबले लड़कियों की संख्या में थोड़ी गिरावट जरूर है, लेकिन हालात तेजी से सुधर रहे हैं। डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. आशीष सिंगला ने कहा कि लिंगानुपात में सुधार के लिए हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली, उत्तर प्रदेश में भी लिंग जांच करने वाले कोख के कातिलों पर कार्रवाई की जाती है। इस साल आगरा और नूंह में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ऐसे लोगों पर कार्रवाई की है, जो लिंग जांच करने का काम करते थे। उन्होंने कहा कि समय - समय पर अल्ट्रासाउंड चलाने वाले लोगों की बैठक की जाती है और उन्हें हिदायत दी जाती है। उप सिविल सर्जन ने कहा कि बेटों के मुकाबले बेटियां किसी भी क्षेत्र में कम नहीं है। लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए बेटियों के पोस्टर-बैनर लगाकर लोगों को जागरूक किया जाता है। उन्होंने कहा कि बेटियां हर क्षेत्र में बेहतर कर रही हैं और अनुपात के मामले में मेवात ही नहीं बल्कि हरियाणा प्रदेश में भी लिंगानुपात के मामले में तेजी से सुधार कर रहा है। कुल मिलाकर अगर इसी रफ्तार से हरियाणा में लिंगानुपात बढ़ता रहा तो बेटों के लिए बहू ढूंढने में दिक्कत नहीं आएंगी। इसलिए लोगों को जागरूक होकर स्वास्थ्य विभाग का साथ देना चाहिए, ताकि बेटियों को पैदा होने से पहले ही कोख में मारने वाले कातिलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जा सके।


डॉ आशीष सिंगला उप सिविल सर्जन नूंह।

# एनसीसी गर्ल्स कैडेड की हुई प्रैक्टिकल परीक्षा

**फिरोजपुर झिरका।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फिरोजपुर झिरका में 4 हरियाणा गर्ल्स बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल सुनील कुमार झा के निर्देशानुसार ए सर्टिफिकेट के लिए एनसीसी गर्ल्स कैडेट का प्रैक्टिकल परीक्षा का आयोजन किया गया।

आपको बताते चलें वर्ष 2019 में यहां पर एनसीसी की शुरुआत हुई थी, इसमें 50 कैडेट्स ने भाग लिया। जिसमें प्रैक्टिकल परीक्षा 150 नंबर की तीन चरणों में आयोजित की गई। पर्यवेक्षक नायब सूबेदार, राजवीर सिंह, हवलदार जितेंद्र, हवलदार वाई संता ने ड्रिल टेस्ट, वेपन ट्रेनिंग और आर्मी के विशेष विषयों की परीक्षाओं का आयोजन किया। एनसीसी के केयरटेकिंग ऑफिसर कुसुम मलिक ने बताया कि छात्राएं सीएनसीसी का यह सर्टिफिकेट प्राप्त करके छात्राओं को सरकारी नौकरी और अन्य कार्यों में वृद्धि होगी और इसके साथ साथ चरित्र का निर्माण होगा और आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। सीनियर प्रवक्ता डॉक्टर पवन कुमार यादव ने कहा यह छात्राएं दूसरी अन्य छात्राओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा देंगे और पिछले 2 सालों से इन छात्रों में एनसीसी लेने के बाद बहुत ही सकारात्मक बदलाव आए हैं।


### पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- तरुण सतीजा दुकान नंबर 3689 निकट काबली गुरुद्वारा एसजीएम नगर 7701965422
- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103





**व्यवस्था कह रही है कुछ नहीं इंसान की क़ीमत**
**लगा दी तन्त्र में बाज़ार में ईमान की क़ीमत**
**हमें आख़िर पता चल ही गया ऐ संगदिल सुन लो**
**नज़र में आपकी क्या है हमारी जान की क़ीमत**

# भाजपा-जजपा सरकार खो चुकी जनता में विश्वास : आफताब अहमद

## सुनहेड़ा बॉर्डर पर मेवात के किसानों ने पड़ाव डालकर लिया ऐतिहासिक फैसला

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**हरियाणा-राजस्थान** किसान मोर्चा के बैनर तले सुनहेड़ा बॉर्डर पर चल रहा किसान आंदोलन शनिवार को पांचवें दिन में प्रवेश कर गया। शनिवार को धरना दे रहे किसानों की हौसला अफजाई करने के लिए हरियाणा विधानसभा में कांग्रेस उप नेता, विधायक आफताब अहमद अपने समर्थकों के साथ पहुंचे और भाजपा सरकार पर करारा हमला किया।

आफताब अहमद ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि हरियाणा सरकार व विधायक जनता का विश्वास खो चुके हैं। सरकार अल्पमत में है। हम सत्र बुलाने के लिए हरियाणा के राज्यपाल से मांग कर रहे हैं। कांग्रेस के नेता हरियाणा सरकार के खतरे को लेकर जो बयान दे रहे हैं, उसमें पूरी सच्चाई है। जैसे ही अविश्वास प्रस्ताव लाया जाएगा उससे साफ हो जाएगा कि जो विधायक सत्ता की मलाई खा रहे हैं उनका अंदर का रुझान कुछ और है और जनता के सामने वह कुछ और बयान देते हैं। आफताब अहमद ने कहा कि कांग्रेस पूरी तरह से कृषि कानूनों के विरोध में आंदोलन कर रहे किसानों के साथ है। हरियाणा के विधायकों ने शुक्रवार को ही चंडीगढ़ में एक नहीं बल्कि दो बार गिरफ्तारी दी है। जो लोग कहते थे कि आंदोलन सिर्फ एक राज्य के किसानों का है, उन्हें आज देख लेना चाहिए कि हरियाणा और पंजाब ही नहीं बल्कि सैकड़ों स्थानों पर अलग-अलग राज्यों में किसान आंदोलन चल रहे हैं।


किसानों को संबोधित करते हुए विधायक आफताब अहमद।

आफताब अहमद ने कहा कि मेवात के लोग भी बधाई के पात्र हैं कि उन्होंने भी सरकार व देश के किसान संगठनों को अपना संदेश पड़ाव डाल कर दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि इस सुनहेड़ा बॉर्डर पर चल रहे पड़ाव में कांग्रेस के साथी अपनी पूरी मदद करेंगे। कांग्रेस के नेताओं ने यह भी कहा की सुनहेड़ा बॉर्डर पर चल रहे आंदोलन में खानपान की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। इसके अलावा आने वाले समय में आंदोलन गति पकड़ेगा और यहां किसानों की संख्या में बड़ा इजाफा देखने को मिलेगा।

कुल मिलाकर शनिवार को विधायक आफताब अहमद ने आंदोलन स्थल पर पहुंचकर किसानों में नए उत्साह का संचार कर दिया है। बीते दिनों के मुकाबले आफताब अहमद विधायक के कार्यक्रम देखते हुए राजस्थान - हरियाणा सीमा पर सुनहेड़ा बॉर्डर पर आज किसानों की अच्छी खासी संख्या दिखाई दी। आफताब अहमद ने किसान आंदोलन के साथ-साथ पड़ोस के गांव नहेदा में हुए साहिब हत्याकांड को लेकर भी पुलिस प्रशासन पर तीखा हमला करते हुए कहा कि जब उनकी सरकार आएगी तो साहिब के हत्यारों को किसी सूरत में भी बख्शा नहीं जाएगा। महताब अहमद, रमजान चौधरी एडवोकेट, मौलाना अरशद मदरसा मील खेड़ा राजस्थान, समय सिंह एडवोकेट, सिद्दीक अहमद मेव इतिहासकार, मकसूद शिकरावा, हाजी साहब खान पटवारी, रशीद अहमद एडवोकेट, मुबीन तेडिया, तारीफ खुर्शीद जिला पार्षद आदि मौजूद थे।


**मेवात की खबरों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

बेदखली सूचना, नाम परिवर्तन, गुमशुदगी, रस्म पगड़ी इत्यादि के विज्ञापन सस्ते दरों पर प्रकाशित करवाने के लिए पायनियर परिवार से जुड़िए

**कासिम खान**
ब्यूरो प्रमुख नूहं (मेवात)
9050976800
9416103259
ओल्ड थाना पिनगवां के सामने मन्नी मार्केट पिनगवां, मेवात।

**पायनियर क्लासीफाइड**

• खोया-पाया •

मैं, हेमंत पुत्र श्री संजय कुमार निवासी म.न. 11/543 वार्ड न. 16 रिषि नगर सोनीपत बयान करता हूं कि मेरी दसवीं कक्षा की मार्कशीट जो मैंने मालवीय शिक्षा सदन सोनीपत सीबीएसई से मार्च 2014 में पास की है जिसका रोल न. 2188728 है जोकि कही गुम हो गई हैं।

• बेदखली सूचना •

मैं, अर्जुन अरोरा पुत्र श्री शिव दयाल निवासी मकान न. बी-165, गली न. 22, भीकम कालोनी बल्लभगढ, जिला फरीदाबाद मेरा पुत्र टिवंकल अरोरा मेरे कहने-सुनने से बाहर है को अपनी तमाम चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है भविष्य में इससे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा।


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा -201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक : चंदन मित्रा, स्थानीय सम्पादक : प्रवीण मोहंती । दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किये गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# नहीं हो पाई ट्रंप की सम्मानजनक विदाई

*दूसरे महाभियोग का कलंक डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपतित्व का उपयुक्त अंतिम परिणाम है। यदि वो सम्मानित अथवा बेहतर समझ वाले व्यक्ति होते तो शांतिपूर्ण तरीके से पद त्याग देते।*

**देवेंद्र सिंह असवाल**
(लेखक लोकसभा के पूर्व अपर सचिव हैं।






एक ऐतिहासिक निर्णय के तहत, अमेरिकी प्रतिनिधियों के सदन ने कैपिटल हिल पर हाल ही में हुए हमले को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर महाभियोग की प्रक्रिया प्रारम्भ की थी, और यह निर्णय देश के इतिहास में अभूतपूर्व है। सदन ने एक प्रस्ताव पेश कर उपराष्ट्रपति माइक पेंस से आग्रह किया है कि वो राष्ट्रपति ट्रंप को पदच्युत करने के लिए 25वें संशोधन का प्रयोग करें। प्रस्ताव, जिसमें पेंस को 25 संशोधन को सक्रिय बनाने के लिए कैबिनेट को परियोजित करने का आह्वान किया गया है, के पक्ष में 223 और विरोध में 205 वोट पड़े। मतदान मुख्यत: पार्टी की तर्ज पर हुआ जिसमें एक रिपब्लिकन ने प्रस्ताव के पक्ष में मत दिया और अन्य पांच अनुपस्थित रहे।

25 वें संशोधन को राष्ट्रपति जान एफ केनेडी की हत्या के चलते 50 वर्ष से अधिक समय पूर्व अपनाया गया था, जो राष्ट्रपति के सेवा प्रदान करने के अयोग्य होने की स्थिति में उसके उत्तराधिकार हेतु व्यवस्था प्रदान करता है। संशोधन के अंतर्गत, उपराष्ट्रपति तथा अधिसंख्य कैबिनेट अथवा कांग्रेस द्वारा निर्धारित कोई अन्य निकाय राष्ट्रपति को पद से हटा सकता है।

बुधवार का प्रस्ताव माइक पेंस द्वारा सदन स्पीकर नैंसी पेलोसी को पत्र लिखे जाने के बाद आया जिसमें उन्होंने कहा है कि वो 25वें संशोधन का प्रयोग नहीं करेंगे। पूर्व में, सदन की न्यायिक समिति के अध्यक्ष जेरोल्ड नैडलर ने ट्रंप पर महाभियोग के लिए बहुमत से स्टाफ रिपोर्ट जारी की। 50 पृष्ठों की रिपोर्ट में रिपब्लिकन राष्ट्रपति पर महाभियोग हेतु एक मजबूत आधार निर्मित हुआ है। ऐसे समय पर, रिपब्लिकन सीनेटर मिट रोमनी द्वारा जारी की गई चेतावनियों को याद कर सकते हैं। मार्च 2016 में राष्ट्रपति चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने आगाह किया था कि ट्रंप ऐसे व्यक्ति हैं जिनका न तो राष्ट्रपति बनने योग्य स्वभाव है न ही विवेक।

जॉन मैक्केन और लिंडसे ग्राहम सरीखे अन्य वरिष्ठ सीनेटरों ने भी ट्रंप के राष्ट्रपति बनने को लेकर चेताया था। प्रचार के दौरान, ट्रंप ने धमकी दी थी : ''यदि मैं राष्ट्रपति बन जाता हूं तो मीडिया को समस्या होगी।'' उन्होंने मीडिया को लोगों के सर्वाधिक बेईमान समूह की संज्ञा दी थी। फरवरी 2017 को किए गए ट्वीट में, ट्रंप ने, मीडिया को अमेरिकी जनता का दुश्मन बताया था, तब आलोचकों ने उस शब्द का संज्ञान लिया था, जिसे माओ जेदांग और स्टालिन द्वारा प्रयोग किया जाता था। यह सुनिश्चित करने के लिए, कि राष्ट्रपति के पद पर ऐसे लोग आसीन न होने पाएं जिनमें साजिश करने एवं लोकप्रियता के तुच्छ कृत्यों को अंजाम देने की प्रवृत्ति होती है, अमेरिकी संविधान निर्माताओं ने एक जटिल निर्वाचन कार्य प्रणाली स्थापित की थी, यह खीझ पैदा करने वाली बात है कि ट्रंप देश के 45वें राष्ट्रपति बन गए।

कैपिटल हिल पर पर 6 जनवरी को ट्रंप के दंगाई समर्थकों द्वारा किया गया शर्मनाक हमला, जब कांग्रेस निर्वाचक मंडल के वोटों की गिनती का संज्ञान लेने के लिए सम्मिलित सत्र में थी, उनके राष्ट्रपतित्व के ताबूत में आखिरी कील साबित हुआ। पूर्व नियोजित हिंसा इस कदर भीषण थी कि रिपब्लिकन सीनेट बहुमत नेता मिच मैक्कोनेल ने भी विधि निर्माताओं से विफल विद्रोह के चलते गिनती खत्म करने की अपील की थी।

वोटों की गणना की गई और सीनेट के पदेन अध्यक्ष माइक पेंस द्वारा परिणाम घोषित किए गए। जो बाइडेन निर्वाचित घोषित हुए, ट्रंप की धमकी के बावजूद कि : ''यह करो माइक, यह अत्यधिक साहस दिखाने का समय है।''

विधि निर्माता, अधिकतर डेमोक्रेट और कुछ रिपब्लिकनों ने ट्रंप का अपने निरंतर भ्रामक भाषणा के साथ हिंसा भड़ाकने का आरोप लगाया है और उन्हें तुरंत महाभियोजित करना चाहते हैं। यद्यपि, नए राष्ट्रपति के पदासीन होने में कुछ ही दिन बचे हैं, फिर भी डेमोक्रेट और काफी संख्या में रिपब्लिकन नेता व पदाधिकारी चाहते हैं कि 20 जनवरी से पहले ट्रंप को पदच्युत किया जाए। वे ट्रंप पर इस हद तक सत्ता के दुरुपयोग का

**कैपिटल हिल पर पर 6 जनवरी को ट्रंप के दंगाई समर्थकों द्वारा किया गया शर्मनाक हमला, जब कांग्रेस निर्वाचक मंडल के वोटों की गिनती का संज्ञान लेने के लिए सम्मिलित सत्र में थी, उनके राष्ट्रपतित्व के ताबूत में आखिरी कील साबित हुआ। पूर्व नियोजित हिंसा इस कदर भीषण थी कि रिपब्लिकन सीनेट बहुमत नेता मिच मैक्कोनेल ने भी विधि निर्माताओं से विफल विद्रोह के चलते गिनती खत्म करने की अपील की थी।**

आरोपी मानते हैं कि उन्होंने जानबूझकर ऐसे बयान दिए और प्रोत्साहन दिया जिसकी परिणिति कैपिटल हिल पर गैर कानूनी कार्रवाइयों के तौर पर हुई। महाभियोग के प्रारूप में ट्रंप के चुनाव को बाधित तथा प्रभावित करने के पूर्व एवं निरंतर प्रयासों का उल्लेख किया गया है और बाइडेन से राज्य हार जाने के बाद जॉर्जिया के सचिव से और अधिक वोट जुटाने को कहे जाने का भी संदर्भ दिया गया है। प्रारूप में आगे कहा गया है : ''ट्रंप ने गलत दावा किया है कि चुनाव में बड़े पैमाने पर धांधली हुई है, तथा निराधार दावे बार-बार कांग्रेस के रिपब्लिकनों द्वारा दोहराए जाते रहे... राष्ट्रपति ट्रंप ने संयुक्त राज्य अमेरिका तथा सरकार की संस्थाओं की सुरक्षा को खतरे में डाला... उन्होंने लोकतांत्रिक व्यवस्था की सत्यनिष्ठा को खतरे में डाला, सत्ता के शांतिपूर्ण हस्तांतरण में दखलंदाज़ी की और सरकार की समन्वय शाखा को मुसीबत में डाल दिया। इस तरह उन्होंने राष्ट्रपति के तौर पर अपने विश्वास के साथ दाग किया जिससे अमेरिका की जनता को चोट पहुंची है।''

महाभियोग प्रक्रिया ट्रंप के लए कोई नई बात नहीं है। उन पर सदन ने 18 दिसंबर 2019 को दो आधारों पर महाभियोग लगाया था : सत्ता का दुरुपयोग तथा कांग्रेस में अवरोध उत्पन्न करना। स्वाभाविक रूप से, उन्हें रिपब्लिकनों ने बचा लिया। फिर भी, ट्रंप पर राष्ट्रपतित्वकाल के अंतिम समय में दूसरा महाभियोग प्रस्ताव आने का कलंक लगा है। सामान्य रूप से, सदन द्वारा महाभियोग की जांच की जाती है और उसके सबूत सदन की न्यायिक समिति को भेजे जाते हैं, जो सुनवाई करती है, लेख प्रारूपित करती है और उन्हें पूर्ण सदन को भेजती है। 2019 में ट्रंप पर चले महाभियोग में तीन महीने का समय लगा था।

हालांकि, इस बार, जब चंद दिन बचे थे, डेमोक्रेटों में यह भावना व्याप्त थी कि जो भी हुआ उसकी जांच करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि जब भीड़ ने हमला किया तब कांग्रेस के अधिकतर सदस्य कैपिटल हिल में ही थे। स्पीकर पेलोसी ने फ्लोर मतदान कराया जिसमें न्यायिक समिति का कोई उल्लेख या सुनवाई नहीं हुई थी। अब जबकि सदन ने एक प्रस्ताव पेश कर उपराष्ट्रपति माइक पेंस से आग्रह किया है कि वो राष्ट्रपति ट्रंप को पदच्युत करने के लिए 25वें संशोधन का प्रयोग करें, आर्टिकल और प्रमाण सीनेट को भेजे जाएंगे, जहां मुकदमा चलेगा और तब निष्कासन अथवा दोषमुक्ति पर अंतिम मतदान होगा। इससे ट्रंप का कार्यकाल अंत तक चलेगा।

हालांकि, अब भी, कई रिपब्लिकनों, यहां तक कि वे भी जिन्होंने ट्रंप की आलोचना की थी, का कहना है कि महाभियोग से कोई लाभ नहीं होगा, क्योंकि इससे फायदा कम नुकसान ज्यादा पहुंचेगा। लेकिन डेमोक्रेट और कुछ रिपब्लिकनों का लगता है कि यह स्पष्ट किया जाए कि अब या भविष्य में कोई भी राष्ट्रपति अमेरिकी सरकार के खिलाफ विद्रोह न कर सके।

अब तक कोई भी अमेरिकी राष्ट्रपति कभी भी महाभियोग प्रक्रिया के द्वारा पद से हटाया नहीं गया है और किसी भी राष्ट्रपति को सदन द्वारा एक से अधिक बार महाभियोजित नहीं किया गया है। महाभियोग की कार्यवाही चार राष्ट्रपतियों, यथा एंड्रयू जॉनसन-1868, रिचर्ड निक्सन-1974, बिल क्लिंटन-1998 और डोनाल्ड ट्रंप-2019 के खिलाफ हो चुकी है लेकिन प्रस्ताव पारित नही हो पाए।

निक्सन ने कार्यवाही प्रारम्भ होने से पहले इस्तीफा दे दिया था। कानूनी विशेषज्ञ ट्रंप के विरुद्ध महाभियोग की कार्यवाही की वांछनीयता को लेकर तीन खेमों में बंटे हुए थे। एक का विचार है कि किसी राष्ट्रपति पर केवल पद पर रहते हुए ही महाभियोग प्रस्ताव लाया जा सकता है। अन्य मत यह है कि यदि सदन पद पर रहते हुए राष्ट्रपति के विरुद्ध महाभियोग प्रस्ताव पर मतदान करता है, तो सीनेट राष्ट्रपति के पद छोड़ने के बाद भी मुकदमे की कार्यवाही कर सकती है। और तीसरा विचार है कि संपूर्ण प्रक्रिया राष्ट्रपति के पद से बाहर हो जाने के बाद भी प्रारम्भ की जा सकती है।

किसी भी राष्ट्रपति को पदमुक्त होने के बाद महाभियोजित नहीं किया गया है। लेकिन, सदन स्पीकर होने के नाते, पेलोसी ने कहा : ''डेमोक्रेट ट्रंप को पदच्युत करने हेतु बाध्य करने का प्रत्येक विकल्प सुरक्षित रखेंगे, 25वें संशोधन के द्वारा अथवा महाभियोग के द्वारा।'' अंतत: ट्रंप महाभियोग की चपेट में आ ही गए। दूसरे महाभियोग का कलंक डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपतित्व का उपयुक्त अंतिम परिणाम है। यदि वो सम्मानित अथवा बेहतर समझ वाले व्यक्ति होते तो पद त्याग देते। लेकिन गरिमापूर्ण ढंग से पद छोड़ना डोनाल्ड ट्रंप की कार्यशैली ही नहीं है।

# न्यायोचित नहीं अपराध से अधिक दंड

*विधायिका या न्यायपालिका को ऐसे कानून या नियम बनाने की अनुमति नहीं होनी चाहिए जो संदर्भित अपराधों की तुलना में आवश्यकता से अधिक दंड का प्राविधान करें।*

**अभय राज मिश्र**
(लेखक प्रहार एनजीओ के अध्यक्ष हैं)





आदिम काल से मानव सभ्यता ने नियम विनियम बना कर सामाजिक व्यवस्था बनाए रखने का काम किया है जिनका क्रियान्वयन जनता को निष्पक्ष न्याय देने वाली विभिन्न एजेंसियों द्वारा किया जाता है। न्याय अपनी प्रकृति से एक उचित व सही चीज का प्रतिनिधित्व करता है। यह इस संदर्भ पर निर्भर करता है कि निष्पक्ष व उचित का न्यायिक विचार क्या है। उन्नीसवीं शताब्दी के न्यायविद व अपने नैतिक सिद्धान्त के लिए विख्यात प्रोफेसर हेनरी सिगविक की राय थी कि देश की राजनीतिक सफलता का मानक उसके प्रशासनिक न्याय से लगाया जा सकता है। आदिम समाजों में दंड का लक्ष्य नियम न मानने वालों के प्रति क्रूरता प्रदर्शित कर भय पैदा करना था। उम्मीद की जाती थी कि यह सबक की तरह काम कर दूसरों को अपराध से विरत करेगा। लेकिन विकास एवं सामाजिक परिवर्तन के साथ अब दंड को मानवाधिकार के रूप में देखा जाता है तथा गलत काम करने वालों को पीड़ा पहुंचाने के बजाय उनको सुधारने पर ज्यादा ध्यान दिया जाता है।

भारत एक कल्याणकारी राज्य है और उसने सुधारात्मक दृष्टिकोण अपनाया है जहां अपराधी का पुनर्वास मुख्य लक्ष्य है। पूर्व आईजी जेल किरन बेदी ने 1993 में तिहाड़ जेल में सुधारात्मक कदम उठाते हुए इस कुख्यात जेल में बंदियों के कल्याण के कार्यक्रम चलाए थे जिन्होंने तिहाड़ जेल को पूरी तरह बदल दिया था। सुधार नीति में शिक्षा, ध्यान व योग के माध्यम से बंदियों के दृष्टिकोण में परिवर्तन, व्यावसायिक कौशल उपलब्ध कराना, जेल प्रशासन को जवाबदेह बनाना, बंदियों के लिए मोबाइल याचिका बाक्सों की व्यवस्था करना, विभिन्न पंचायतें व दैनिक सभायें, बेहतर भोजन व रहन-सहन की स्थितियों में सुधार, नशाखोरों को नशा मुक्ति केन्द्रों की सहायता तथा विचाराधीन कैदियों की विधिक सेलों द्वारा सहायता शामिल हैं।

इसी प्रकार सरकार ने 2016 में माडल जेल सुधारों द्वारा बड़ा कदम उठाते हुए बंदियों संबंधी कानूनों, नियमों व विनियमों में एकरूपता लागू की है।

लेकिन सजा देने के निर्देशों व ढांचों की एकरूपता में अभी भारी अंतर है। विभिन्न समितियों द्वारा समय-समय पर उठाए जाने के बावजूद विधायिका या न्यायपालिका ने कोई ढांचागत मानक नहीं बनाए हैं। गृह मंत्रालय द्वारा दंड न्याय प्रणाली में सुधारों पर गठित मलीमथ समिति ने 2003 में अपनी रिपोर्ट में सजा देने के निर्देशों की आवश्यकता बताई थी ताकि सजा देने में अनिश्चितता न्यूनतम की जा सके। कुछ साल बाद माधव मेनन कमेटी ने भी भारत में सजा देने की नीति पर जोर दिया। 2010 में तत्कालीन विधि मंत्री ने कहा था कि भारत एक 'समान सजा नीति' बनाने पर विचार कर रहा है जो अमेरिका व ब्रिटेन पर आधारित होगी। लेकिन इस दिशा में कोई प्रगति नहीं हुई है। इसके बजाय सिगरेट एंड अदर टोबैको प्राडक्ट एक्ट 2020-कोटपा 2020 ने विपरीत दिशा में चलने के संकेत दिए हैं। इसने तंबाकू उत्पाद बेचने वाले छोटे दूकानदारों पर अत्यधिक दंड के प्राविधान किए हैं। इसमें एक लाख के जुर्माने से लेकर सात साल कैद तक के प्राविधान हैं। इन उल्लंघनों को संज्ञेय अपराध बनाया गया है जिसका अर्थ है कि पुलिस को दूकानदारों को बिना वारंट या अदालत की अनुमति के गिरफ्तार करने का अधिकार है तथा जमानत के लिए मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश करना जरूरी होगा। इन उल्लंघनों में 21 वर्ष से कम आयु वाले को तंबाकू उत्पाद बेचना व शिक्षा संस्थानों के 100 मीटर दायरे के भीतर इनको बेचना शामिल है। बहुत पुराने जमाने से खुली सिगरेटें बेचने की परंपरा रही है, पर अब इसे जेल की सजा वाला अपराध बना दिया गया है। ऐसे समय जब 18 वर्ष आयु के विधिक वयस्क को मताधिकार मिला है, इस प्रकार का नियंत्रण बहुत कठोर है।

**भारत एक कल्याणकारी राज्य है और उसने सुधारात्मक दृष्टिकोण अपनाया है जहां अपराधी का पुनर्वास मुख्य लक्ष्य है। लेकिन सजा देने के निर्देशों व ढांचों की एकरूपता में अभी भारी अंतर है। विभिन्न समितियों द्वारा समय-समय पर उठाए जाने के बावजूद विधायिका या न्यायपालिका ने कोई ढांचागत मानक नहीं बनाए हैं।**

इन छोटे दूकानदारों का बड़ा हिस्सा पैदल चल कर सामान बेचता है और हमारे यहां शैक्षिक संस्थानों की सुनिश्चित परिभाषा नहीं है क्योंकि इनमें स्कूल से लेकर निजी ट्यूशन केन्द्र तक सभी शामिल हैं। यह प्रस्ताव छोटे खुदरा व्यापारियों को जघन्य अपराधियों जैसा बना देता है और स्थानीय पुलिस अधिकारियों की सनक व दया पर छोड़ देता है जिनमें से अनेक भ्रष्ट हो सकते हैं। भारतीय दंड संहिता-आईपीसी में अन्य अपराधों के लिए दंड व जेल की सजा को देखते हुए यह अत्यधिक कठोर व अनुचित दंड है। आईपीसी की धारा 275 में नकली दवाओं की बिक्री पर 6 महीने कैद, धारा 279 में खतरनाक ड्राइविंग के लिए 6 महीने कैद, दंगे के लिए धारा 384 में तीन साल कैद, धारा 324 में घातक हथियार से चोट पहुंचाने पर तीन साल कैद, फिरौती के लिए धारा 384 में तीन साल कैद, तेजाब डालने के लिए 326बी में पांच साल कैद व धारा 363 में अपहरण के लिए सात साल कैद का प्राविधान है।

उपरोक्त कदम से छोटे खुदरा व्यापारियों में भारी गुस्सा है क्योंकि उनको अपराधियों की तरह देखा जाता है। 18 वर्ष के वयस्क को बीड़ी या सिगरेट बेचने के संभावित सामाजिक नुकसान को पसंद के मूलाधिकार के साथ रख कर देखा जाना चाहिए और इसकी तुलना अपहरण, तेजाब फेंकने या नकली दवाओं की बिक्री से नहीं होनी चाहिए। तंबाकू एक वैध उत्पाद है और सरकार को इससे भारी राजस्व प्राप्त होता है, फिर इसे वैध वयस्क को बेचना अपराध कैसे हो सकता है? इससे ऐसे कानून बनाने के पीछे छिपी प्रक्रिया पर ही सवाल उठते हैं। क्या ऐसे प्रस्ताव तैयार करने के पीछे नौकरशाहों की अपर्याप्त शोध शामिल है जिसके चलते वे इनकी तुलना अन्य प्राविधानों से नहीं करते हैं अथवा इसके पीछे तंबाकू उपयोग पर जल्दी से लगाम लगाने की भावनात्मक सोच है। ये खुदरा व्यापारी रोजमर्रा जरूरत की अन्य चीजें, जैसे चाय, पानी, जूस, साफ्ट ड्रिंक, बिस्कुट, टाफी, आदि भी बेचते हैं। इनकी उपस्थिति भारतीय शहरों में खुदरा बिक्री परिदृश्य का हिस्सा तथा उनकी आत्मनिर्भरता का अंग है। इससे समाज के सबसे गरीब लोग अपनी उद्यमिता से जीवन काटते हैं।

सरकार के आलोचक अपने नतीजे निकालते हुए इसे असंगठित खुदरा व्यापार पर हमला बता रहे हैं तथा एनजीओ इसे विदेशी फर्मों द्वारा भारत में तंबाकू के अंतरराष्ट्रीय ब्रांड थोपने का प्रयास कह सकते हैं। लेकिन यह स्पष्ट रूप से विधायिका व न्यायपालिका के बीच संतुलन की कमी का प्रमाण है जो ऐसे निर्देश देते समय होनी चाहिए। विधायिका या न्यायपालिका को ऐसे कानून या नियम बनाने की अनुमति नहीं होनी चाहिए जो अपराध की तुलना में कठोर दंड का प्राविधान करते हों। इसे स्थिति में जनता का कानून के शासन से विश्वास उठ सकता है।

अतीत में न्यायपालिका ने आवश्यकता से अधिक दंड देने वाले मामलों को खारिज किया है। सोमन बनाम केरल राज्य, 2012 में सर्वोच्च न्यायालय ने खुदरा शराब विक्रेता पर उच्च न्यायालय द्वारा लगाया दंड खारिज किया था जिसके कारण 6 लोगों की मौत हो गई थी। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा था, 'अपराधी को दंड देना दंड न्याय व्यवस्था का केन्द्र है, पर हमारे देश में यह दंड न्याय प्रशासन का सबसे कमजोर हिस्सा है।' अदालत ने दंड देते समय समानुपतिकता, निवारण व पुनर्वास आयामों पर विचार जरूरी बताया था। सजा अपराध की गंभीरता देखते हुए होनी चाहिए। यहां नकली शराब विक्रेता पूरी श्रृंखला की सबसे कमजोर कड़ी है जिसमें निर्माता और डिस्ट्रीब्यूटर प्रमुख हैं। इसलिए अदालत ने उसकी सजा पांच साल से घटा कर तीन साल कर दी। तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के बारे में कोई बहस नहीं है तथा इसका प्रयोग घटाया जाना चाहिए। लेकिन आश्चर्यजनक रूप से कठोर सजा देने वाले दंड के प्राविधान व्यवस्था का मजाक उड़ाते तथा न्यायिक विडंबना वाली स्थिति तैयार करते हैं।

इस प्रकार देश में कानून बनाने की प्रक्रिया पर सवाल उठते हैं। अनेक लोगों की आजीविका प्रभावित करने वाले ऐसे कानून बनाने के पहले काफी बहस होनी चाहिए और उनकी समीक्षा विशेषज्ञ समितियों द्वारा होनी चाहिए जिनमें न्यायिक विशेषज्ञ, समाज विज्ञानी व उद्योग जगत के प्रतिनिधि शामिल हों। जनता द्वारा भी इनकी समीक्षा होनी चाहिए। ऐसे कानूनों को अनुमति देने से जजों की संवेदनशीलता भी प्रभावित हो सकती है क्योंकि अपराध की तुलना में अत्यधिक कठोर दंड देते समय वे विरोधाभास का शिकार हो सकते हैं।

# पार्षदों का शपथ ग्रहण 18 को, वाइस चेयरमैन को लड़ाई भाजपाइयों में

## चेयरपर्सन हैं केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत समर्थक, दूसरे नेता चाहते हैं उनका बने वाइसचेयरमैन

सुरेंद्र इंदौरा। रेवाड़ी

**नगर** परिषद के चुने गए पार्षद व चेयरपर्सन के शपथ ग्रहण समारोह 18 जनवरी को सुबह 11 बजे नगर परिषद परिसर में संपन्न होगा। समारोह में मुख्य रूप से केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह शामिल होंगे। चेयरपर्सन की शपथ भाजपा की पूनम यादव लेंगी, लेकिन उपचेयरमैन पद को लेकर भाजपाईयों में खींचतान चल रही है। पूनम यादव राव समर्थक हैं।

नगर परिषद के चेयरपर्सन व पार्षद के चुनाव 27 दिसंबर को संपन्न हुए थे। 30 दिसंबर को परिणाम घोषित हुआ था। चेयरपर्सन भाजपा की पूनम यादव बनी थी। बता दें कि चूंकि चेयरपर्सन का चुनाव सीधा हुआ है, इसलिए भाजपा की पूनम यादव के शपथ लेने में कहीं कोई परेशानी नहीं है। परेशानी का कारण उपचेयरमैन का पद है। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद से ही इस पर राजनीतिक हलचल हो रही है।

कांग्रेस अपना उपचेयरमैन बनाने का दावा कर रही है। पूर्व में कांग्रेस नेता कप्तान अजय सिंह यादव व उनके विधायक बेटे चिरंजीव राव अपनी पार्टी का उपचेयरमैन बनाकर विपक्ष की भूमिका निभाने का दावा कर चुके हैं। इधर भाजपा का दावा है कि लगभग सभी पार्षद भाजपा में आस्था जताए हुए हैं।

### भाजपाई खींच रहे वाइस चेयरमैन का पद अपनी ओर



चुनाव चाहे सांसद का रहा हो, या फिर विधानसभा का। या फिर हाल ही में संपन्न हुए निकाय के चुनाव। भाजपा में कहीं न कहीं गुटबाजी जरूर दिखाई दी है। विजेता प्रत्याशियों के लिए 18 जनवरी को शपथ ग्रहण समारोह होना है। चेयरपर्सन के रूप में राव इंद्रजीत समर्थक पूनम यादव शपथ लेगी, लेकिन उपचेयरमैन पार्टी के अन्य नेता अपना बनाना चाहते हैं। इसके लिए नेताओं ने जोड़-तोड़ शुरू किया हुआ है। राजनीतिक सूत्रों की मानें तो निकाय के पार्षदों को लेकर भी कुछ भाजपाई अपने आप को राव से अधिक प्रभावशाली दिखाने के लिए उपचेयरमैन पद की लड़ाई जीतना चाहते हैं। सूत्रों की मानें तो ऐसा संभव नजर नहीं आ रहा है, 1योंकि करीब एक दर्जन नए पार्षद राव इंद्रजीत सिंह के निवास पर जाकर उनमें अपनी आस्था जता चुके हैं। इसके अलावा कई अन्य पार्षद पहले से ही उनके साथ हैं। अब देखना यह है कि ऊंट किस करवट बैठता है।

# अवेयरनेस मूवमेंट सप्ताह में एड्स जागरूकता रैली निकाली

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी



**वैश्य** महाविद्यालय के रैड रिबन क्लब अवेयरनेस मूवमेंट सप्ताह मना रहा है। जिसके अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस क्रम में आज एड्स पर एक अवेयरनेस रैली का आयोजन किया गया।

पूर्व प्राचार्य डाक्टर बुद्धदेव आर्य ने कहा कि एड्स का बचाव सुरक्षा में है, हमें अपने जीवन साथी के अलावा अन्य किसी से असुरक्षित यौन सम्बन्ध नहीं बनाने चाहिए, नशे एवं संक्रमित रक्त से अपना बचाव करना चाहिए। रैली को प्राचार्या डाक्टर सुधा रानी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कार्यक्रम संयोजक डा. श्रुति रानी ने बताया कि महाविद्यालय में अवेयरनेस मूवमेंट सप्ताह के अन्तर्गत कोविड-19 से बचाव, एड्स से बचाव एवं बैलून डेकोरेशन ऑन एचआईवी, वन मिनिट विडियो मेकिंग ऑन एड्स, ट्री डेकोरेशन आदि का आयोजन किया जायेगा।

# पहली वैक्सीन लगाई हेल्थ वॉलंटियर को

## सोनीपत में पांच केंद्रों पर 25-25 स्वास्थ्य कर्मियों को लगाया टीका

कोविड-19

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की शुभकामनाओं के साथ सोनीपत में कोविड वैक्सिनेशन की लांचिंग सफलतापूर्वक संपन्न हुई। जिसकी शुरुआत पहले लाभार्थी के रूप में स्वास्थ्य विभाग की वॉलंटियर सीता से की गई। सिविल अस्पताल सोनीपत में सीता को कोविड-19 से बचाव के लिए पहली वैक्सीन लगाई गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रीय स्तर पर वैक्सीनेशन के शुभारंभ के उपरांत सोनीपत में कोविड-19 से संरक्षण के लिए वैक्सीनेशन अभियान की शुरुआत बतौर मुख्य अतिथि सीएमओ डा. जेएस पूनिया ने की। उन्होंने सिविल अस्पताल से अभियान की सफल शुरुआत की। इसके पहले प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन का सीधा प्रसारण किया गया। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ने विश्व के सबसे बड़े टीकाकरण अभियान के लिए शुभकामनाएं देते हुए जरूरी हिदायतें भी दी।


**पहले चरण में 8531 लाभार्थियों को लगाई जाएगी कोविड वैक्सीन**

सिविल सर्जन डा. जेएस पूनिया ने बताया कि कोविड वैक्सीनेशन के पहले चरण में 8531 लाभार्थियों को वैक्सीन लगाई जाएगी। इनमें 6337 सरकारी क्षेत्र के लाभार्थी तथा 2194 निजी अस्पतालों के स्वास्थ्य कर्मी हैं। इसके लिए 49 केंद्र बनाये गये हैं। इनमें 33 केंद्र सरकारी तथा 16 केंद्र निजी अस्पतालों के रूप में हैं। टीकाकरण के लिए 364 वैक्सिनेटर हैं।



सिविल अस्पताल में सिविल सर्जन के निर्देशन में सीता को वैक्सीन लगाकर शुरूआत करते डाक्टर।

### पीएचसी मुरथल में स्टाफ नर्स संतोष से की शुरुआत



मुरथल स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में कोविड वैक्सिनेशन लोंचिंग कार्यक्रम बेहद सफल रहा। डा. संजीव गर्ग की निगरानी में पीएचसी में टीकाकरण किया गया, जिसकी शुरुआत स्टाफ नर्स संतोष से की गई। वैक्सिनेटर मधुबाला व मंजू और अजय ने सभी लाभार्थियों का टीकाकरण सफलता के साथ पूरा किया।

### खानपुर में डा. आनंद ने लगवाई पहली वैक्सीन

खानपुर कलां स्थित बीपीएस मेडिकल कालेज अस्पताल में वैक्सिनेशन लोंचिंग पूर्णतया सफल रही। यहां डा. आनंद अग्रवाल को पहली वैक्सीन लगाई गई। निदेशक डा. एपीएस बतरा के कुशल निर्देशन में पूर्ण सावधानी व निर्देशों की अनुपालना करते हुए वैक्सीन लगाई गई। प्रभारी डा. रमेश वर्मा के नेतृत्व में वैक्सीन लगाई गई। हर प्रकार की स्थिति से निपटने के लिए यहां पूर्ण बंदोबस्त किये गये थे।

### सीएचसी गन्नौर में डा. दीक्षा को लगाई पहली वैक्सीन

एसएमओ डा. टीना आनंद के नेतृत्व में सीएचसी गन्नौर में 25 लाभार्थियों की वैक्सिनेशन की गई। इसकी शुरुआत डा. दीक्षा से की गई। एएनएम शकुंतला ने वैक्सीन लगाई। इनके साथ प्रथम वैक्सिनेटर ऑफिसर (वीओ) के रूप में सुरेंद्र कुमार, द्वितीय वैक्सिनेटर ऑफिसर विपिन कुमार व तृतीय वैक्सिनेटर ऑफिसर सुरेश और चतुर्थ वैक्सिनेटर ऑफिसर के रूप में सतेंद्र कुमार ने सहयोग दिया। एडवर्स इफैक्ट्स फॉलोइंग इम्यूनाईजेशन (एईएफआई) टीम में मेडिकल ऑफिसर डा. रोहताश भल्ला, फार्मासिस्ट कमलेश, स्टाफ नर्स रेनू व रमेश कुमार और सरला देवी शामिल रहे।

### सीएमओ की निगरानी में लगी पहली वैक्सीन

सिविल अस्पताल में सीएमओ डा. जेएस पूनिया ने अपनी निगरानी में पहली व दूसरी वैक्सीन लगवाई। पहली वैक्सीन स्वास्थ्य विभाग की वोल्यूंटियर सीता को तथा दूसरी संतोष को लगाई गई। अभियान की लोंचिंग के मौके पर कोरोना योद्धाओं ने भी शुभकामनाएं दीं। वैक्सीनेशन की शुरुआत में चिकित्सकों ने भी वैक्सीन लगवाई। पहले लाभार्थी की पहचान की गई, जिसके लिए उनकी आईडी का मिलान किया गया। स्टाफ नर्स ने वैक्सीन लगाने के बाद बरती जाने वाली हिदायतों की जानकारी भी दी। लाभार्थियों को वैक्सीन लगाने के बाद 30 मिनट तक चिकित्सकों की निगरानी में रखा गया।सीएमओ डा. पूनिया ने बताया कि सभी निर्देशों की पूर्ण अनुपालना के साथ कोविड वैक्सीनेशन की लोंचिंग सफलतापूर्वक संपन्न हुई है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम बधाई की पात्र है। उन्होंने विशेष रूप से वैक्सिनेशन की जिला नोडल अधिकारी डा. नीरज यादव को बधाई दी। साथ ही निजी अस्पताल में बनाये केंद्र में भी वैक्सीनेशन सफल रहा। उन्होंने कहा कि लोंचिंग के अवसर पर प्रत्येक केंद्र पर 25 लाभार्थियों के टीकाकरण का लक्ष्य रखा गया, जिसे सफलतापूर्वक हासिल कर लिया गया। अब 28 दिन के बाद दूसरा टीका लगाया जाएगा।

### उपायुक्त पूनिया ने दी शुभकामनाएं



कोविड वैक्सीनेशन की सफल लॉचिंग के मौके पर उपायुक्त श्याम लाल पूनिया ने शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि शुरुआत पांच केंद्रों से की गई है, जिसमें सोमवार से वृद्धि की जाएगी। उन्होंने कहा कि पहले चरण में कोरोना योद्धाओं के रूप में स्वास्थ्य कर्मियों को वैक्सीन लगाई जा रही है। उन्होंने कहा लोंचिंग बेहद सफल रही है। आगे भी सफलतापूर्वक टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। किसी को भी भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है। साथ ही अफवाहों से दूर रहते हुए लोगों को सहयोग करना चाहिए।

### पांच केन्द्रों पर हुई वैक्सीनेशन लॉचिंग

**डा.** पूनिया ने कहा कि वैक्सीनेशन के बाद भी लाभार्थियों को जरूरी हिदायतों की अनुपालना करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मास्क व सैनेटाइजर तथा सोशल डिस्टेंसिंग की अनुपालना अवश्य करनी चाहिए।

साथ ही उन्होंने बताया कि वैक्सीनेशन लांचिंग पांच केंद्रों पर की गई, जिनमें सिविल अस्पताल सहित बीपीएस मेडिकल कालेज खानपुर कलां, सीएचसी गन्नौर, पीएचसी मुरथल और निदान अस्पताल शामिल रहे। सोमवार से 49 केंद्रों पर टीकाकरण किया जाएगा। इस मौके पर डा. आदर्श शर्मा, डा. जयकिशोर, अविरल शर्मा, डा. गीता इत्यादि चिकित्सक मौजूद थे।

# कोविड-19 को हराएंगे स्वदेशी वैक्सीन से : निदेशक



पायनियर समाचार सेवा। करनाल

### राजकीय मेडिकल कॉलेज में प्रथम टीका सुप्रिटेंडेंट डा. निवेश अग्रवाल को लगा

**कल्पना** चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज में वैक्सीन का प्रथम टीका प्रोत्साहन के तौर पर मेडिकल सुप्रिटेंडेंट डा. निवेश अग्रवाल को लगाया गया। कोरोना महामारी को मात देने के लिए कोरोना वैक्सीन की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की है। उसी तर्ज पर कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज से निदेशक जगदीश दुरेजा ने गायत्री मंत्र व नारियल तोड़कर करनाल जिला में इसकी शुरूआत की। वैक्सीन का प्रथम टीकाकरण कॉलेज के मेडिकल सुप्रिटेंडेंट डा. निवेश अग्रवाल को लगाया गया।

इस मौके पर वैक्सीन अभियान की जिला नोडल अधिकारी डा. नीलम वर्मा, कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज के नोडल अधिकारी राजेश गर्ग, वरिष्ठ चिकित्सक डा. विजयपाल खांगवाल, डा. गौरव काम्बोज इत्यादि उपस्थित रहे। इस मौके पर निदेशक डा. जगदीश दुरेजा ने भी टीकाकरण करवाया। दूसरी ओर सामान्य अस्पताल में सिविल सर्जन डा. योगेश शर्मा ने कोरोना वैक्सीन का टीकाकरण करवाया।

इस अवसर पर निदेशक डा. दुरेजा ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि कोरोना महामारी को हराने के लिए भारत देश में ही इसकी वैक्सीन तैयार की गई है। इस स्वदेशी वैक्सीन से कोविड को हराएंगे। इस उलब्धि को लेकर पूरी दुनिया के अंदर भारत देश का सम्मान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि पूरे देश के साथ-साथ करनाल जिला में भी कोरोना वैक्सीन टीकाकरण के लिए स्वास्थ्य मंत्रालय भारत सरकार व स्वास्थ्य विभाग हरियाणा ने पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। प्रथम टेबल पर सुरक्षा गार्ड द्वारा तापमान की जांच की जाती है, उसके बाद प्रतीक्षा कक्ष में व्यक्ति के सवालों का जवाब तथा टीकाकरण को लेकर उसकी शंका दूर की जाती है।

# रेवाड़ी में महिलाकर्मी को लगाया पहला टीका

## पहली डोज लेने के बाद दूसरी डोज लेना बहुत जरूरी: सिविल सर्जन

### सरकारी और प्राइवेट अस्पताल के चिकित्सकों को भी टीका लगाया गया

पायनियर समाचार सेवा। रेवाड़ी

प्रशासन की ओर से स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से कोरोना वैक्सीन के टीकाकरण अभियान का शुभारंभ आज कर दिया गया। शुभारंभ पर सेक्टर-4 स्थित हुडा डिस्पेंसरी में महिलाकर्मी वीना देवी को पहला कोरोना वैक्सीन का टीका लगाया गया। इस दौरान सरकारी व प्राईवेट अस्पताल के चिकित्सकों को भी टीका लगाया गया।

उपायुक्त यशेंद्र सिंह ने बताया कि पहले चरण में सरकारी व प्राइवेट अस्पताल के अधिकारियों व कर्मचारियों को यह वैक्सीन दी जाएगी। दूसरे चरण में पुलिस, होमगार्ड तथा कोविड से बचाने के लिए फ्रंट लाइन में कार्य कर रहे अधिकारियों व कर्मचारियों, तीसरे चरण में 50 साल से अधिक आयु के अन्य बीमारी से ग्रस्त है। चौथे डीसी ने लोगों से नहीं घबराने तथा अफवाहों से बचने का आग्रह किया।



पहली महिलाकर्मी वीना देवी से बातचीत करते डीसी यशेन्द्र सिंह।

इस दौरान पहली महिला वीना देवी, सरकारी अस्पतलाल के डा1टर दीपक वर्मा, डॉ निर्मल तथा प्राईवेट अस्पताल के चिकित्सकों में डॉ करतार सिंह, डॉ बीएल गोयल, डॉ सुरेखा, डॉ सुमित्रा, डॉ पूनम जैन, डॉ अशोक सैनी, डॉ सरोज मान, डॉ राकेश नथानी, डॉ दीपक यादव, डॉ अभिनव यादव सहित स्वास्थ्यकर्मियों ने भी कोरोना वैक्सीन लगवाई। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ सुशील माही भी मौजूद थे।

वैक्सीनेशन प्रक्रिया के शुभारंभ अवसर पर उप-सिविल सर्जन डॉ अशोक ने बताया कि आज जिले में दो संस्थाओं पर वैक्सीनेशन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पहली डोज लेने के बाद दूसरी डोज लेना बहुत जरूरी है। दूसरी डोज की जानकारी फोन पर दी जाएगी। पहली और दूसरी डोज के बीच करीब एक महीने का अंतराल रखा जाएगा।

# एंबुलेंस चालक को कोरोना के पहले टीके के साथ अभियान शुरू

### टीकाकरण अभियान का विधायक सर्राफ और उपायुक्त आर्य ने किया शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी

**कोरोना** संक्रमण से बचाव के लिए टीकाकरण अभियान का शुभारंभ चौधरी बंसीलाल राजकीय सामान्य अस्पताल में बड़े ही बुलंद हौसले व उमंग के साथ हुआ है। भिवानी से विधायक घनश्याम सर्राफ और उपायुक्त जयबीर सिंह आर्य ने अस्पताल में बनाए गए वॉररूम में रिबन काटकर इस अभियान का शुभारंभ किया।

सामान्य अस्पताल के एंबुलेंस चालक राजकुमार को यहां पर पहला टीका लगवाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस दौरान अपना संदेश देते हुए विधायक



सर्राफ ने कहा कि पहले चरण में कोरोना योद्धा रहे स्वास्थ्य कर्मचारियों का टीकाकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह वैक्सीन पूरी तरह से सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि इससे प्रथम पंक्ति में काम करने वाले कर्मचारियों में बीमारियों से लड़ने की क्षमता और अधिक बढ़गी, जिससे उनके मन में किसी भी प्रकार का भय दूर हो जाएगा। उपायुक्त आर्य ने कहा कि भिवानी में कोरोना पर लगभग पूरी तरह काबू कर लिया गया है। जिला में पिछले कई दिनों से कोरोना संक्रमित नए मरीजों की जीरो रिपोर्ट हो रही है।

# कोहरे की चादर और बादलों से बढ़ी ठंड

## लगातार कोहरे के बढ़ने से वाहन चालक हो रहे परेशान

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**पिछले** कई दिनों से लगातार कोहरे के बढ़ने से लोगों व वाहनों चालकों को कोई राहत नहीं मिल सकी। सुबह के समय कोहरे के कारण सड़क पर वाहन रेंगते नजर आए। सुबह घना कोहरा छाने से दृश्यता भी काफी कम रही। सड़कों पर वाहन लाइट जलाकर रेंगते हुए नजर आए। ठंड व कोहरे के कारण सुबह दूध लेने जाने वाले महिला व पुरुषों तथा सुबह पैदल सैर करने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। जिससे तापमान में गिरावट आ गई।

करीब 11 बजे के आसपास कुछ देर के लिए निकले सूर्य देव को बादल की छाया ने ढक लिया। दोपहर के समय में सूर्य देव ने फिर दर्शन दिए। शनिवार तडके हर तरफ कोहरे की चादर फैली थी। हालात यह थे कि कुछ कदम आगे तक देखना मुश्किल हो रहा था। ऐसे में सबसे अधिक परेशानी वाहन चालकों को उठानी पड़ी। कुछ मार्गों पर तो कई वाहनों को रोड के किनारे धीमी गति से कतारों में चलते देखा गया।



घने कोहरे में लाइट जलाकर रोड से गुजरते वाहन चालक।

जनवरी माह में ठंड बढने के साथ-साथ कोहरे के कारण दृश्यता कम होने की वजह से वाहनों की रफ्तार पर भी ब्रेक लगी। लगातार पड़ रहे कोहरे से कार चालकों को कुछ ही समय का सफर तय करने में घंटो लग रहे हैं। सुबह और शाम को शीतलहर और आसमान पर बादल छाए रहने के कारण ठंड कम होने का नाम नहीं ले रही। वाहन चालकों को गर्म चादर ओढक़र ही निकलना पड़ा रहा। वहीं दुकानदार भी दुकानों के अंदर अंगीठी में अलाव जलाकर हाथ सेकते नजर आए।

प्रेरणा



पायनियर हरियाणा हमेशा सच के साथ

विकेश भारतीय
लेखक एवं मोटिवेशनल स्पीकर

किसी की बेबसी का बयान करना इतना आसान कहां है,
जो सब कुछ कह सके ऐसी जुबान कहां है,
यहां ज़ख्म दिखाने की मोहलत किसे मिलती है,
जो जख्मों पर नमक ना छिड़के ऐसे इंसान कहां हैं।

### 200 मीटर दौड़ में सचिन प्रथम

**सोनीपत।** जिला खेल एंव युवा कार्यक्रम विभाग सोनीपत के तत्वावधान में युवा संगठन खरखौदा द्वारा शनिवार को युवा सप्ताह के तहत शारीरिक स्वच्छता दिवस का आयोजन किया गया।

जिसके अंतर्गत ग्रामीण खेल प्रतियोगिता करवाई गई। जिसमें 200 मीटर दौड़ में प्रथम सचिन, द्वितीय अमित, तृतीय प्रवीण रहे। साथ ही कब्बड्डी की प्रतियोगिता में खरखौदा ए, खरखौदा बी, पीपली, गोपालपुर, सैदपुर आदि गांवों की टीमों ने भाग लिया। जिसमें खरखौदा ए प्रथम और पीपली द्वितीय स्थान पर विजेता रही। क्लब अध्यक्ष रविकांत व कोच कुलदीप द्वारा विजेताओं को प्रोत्साहित किया गया। अध्यक्ष रविकांत ने बताया कि कोरोना काल में स्वच्छता को अपना कर व खेलों के द्वारा शरीर को तंदुरुस्त और सेहतमंद रखा जा सकता है। इस मौके पर कपिल विजय राकेश कुमार सिसाना आदि मौजूद रहे।

# अनएकेडमी ग्रुप का अग्रणी निवेशकों के साथ सेकेंडरी शेयर ट्रांजेक्शन पूरा हुआ

*टाइगर ग्लोबल, ड्रैगोनियर इन्वेस्टमेंट ग्रुप, स्टीडव्यू कैपिटल और जनरल अटलांटिक ने मौजूदा निवेशकों से .50 मिलियन मूल्य के शेयर खरीदे*

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा/गुरुग्राम।

unacademy

**भारत** के सबसे बड़े शिक्षण मंच, अनएकेडमी ने शनिवार को घोषणा की कि उसने एक नए सेकेंडरी ट्रांजेक्शन को पूरा किया है। जिसमें टाइगर ग्लोबल, ड्रैगनेयर इन्वेस्टमेंट रूप, स्टीडव्यू कैपिटल और जनरल अटलांटिक ने कंपनी में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाई है।

इसके अंतर्गत, निवेशकों ने . 50 मिलियन के अतिरिक्त शेयरों का अधिग्रहण किया है, जो कि अनएकेडमी ग्रुप के भविष्य में प्रगति की संभावनाओं में उनके दृढ़ विश्वास का प्रतीक है। नवीनतम ट्रांजेक्शन नवंबर 2020 में एक दौर का अनुसरण करता है जब टाइगर ग्लोबल और ड्रैगोनियर इन्वेस्टमेंट ग्रुप ने . 2 बिलियन के मूल्यांकन में अनएकेडमी ग्रुप में निवेश किया।

अनएकेडमी ग्रुप भारत का सबसे बड़ा शिक्षा मंच है, जिसमें 48,000 प्लस शिक्षकों के साथ 14 से अधिक भारतीय भाषाओं में शिक्षण प्रदान करता है, इसके लर्नर्स 5,000 शहरों में फैले हुए है। हर महीने मंच पर 150,000 से अधिक लाइव कक्षाएं आयोजित की जाती हैं

# सर्दियों बढ़ा सकती हैं दिल की समस्याए रोकथाम और प्रबंधन अनिवार्य

**हिसार।** अध्ययनों से संकेत मिलता है कि सर्दियां के दौरान एंजाइना और दिल के दौरे का जोखिम लगभग 50 फीसद तक बढ़ जाता है। सर्दियां बुजुर्गों में शरीर के तापमान के गिरावट का कारण बनती हैं, और पहले से मौजूद दिल की समस्याओं वाले लोगों को अन्य जोखिम होता है ,बशर्ते वे अपनी स्थिति का प्रबंधन (मैनेजमेंट) करें।

सावधानियों का पालन करने और अन्य संक्रमणों से सुरक्षित रहने के महत्व पर जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है, खासकर कोविड-19 महामारी और प्रदूषण के स्तर में वृद्धि के साथ।सर्दी के दौरान अनियमित सीने में तकलीफ, गंभीर पसीना आना, गर्दन में दर्द, हाथ, जबड़े और कंधे या सांस की तकलीफ जैसे लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना

### हृदय रोगों या मधुमेह जैसे अन्य जोखिमों पर बरतें सावधानी

अतिआवश्यक है। ये सभी दिल की विफलता के प्रमुख लक्षण हैं। इस बारे में वार्ता करते हुए, मैक्स सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल शालीमार बाग के निदेशक और एचओडी इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी के निदेशक डॉ. नवीन भामरी कहते हैं की, सर्दियों में हवा की गति कम होती है और आर्द्रता का स्तर अधिक होता है, जिससे सभी स्मॉग की स्थिति बिगड़ती है क्योंकि प्रदूषक (पोल्युतेंट्स) कम लटकते हैं और फैलते नहीं हैं। यह स्वास्थ्य के बिगड़ने का बड़ा खौफ है,जैसे कि दिल का दौरा विशेष रूप से सुबह-सुबह के समय। ठंड के मौसम में रक्तचाप और कोलेस्ट्रॉल का स्तर बढ़ जाता है-दिल के दौरे के दो प्रमुख जोखिम कारक। ठंड के महीनों में, हृदय-धमनी में जमने वाले थक्के विकसित होने की संभावना अधिक होती है क्योंकि रक्त प्लेटलेट्स अधिक सक्रिय और चिपचिपा होते हैं। डॉ. नवीन भामरी ने आगे कहते हैं , सर्दी में दिन के उजाले में कमी होती है और अधिक समय तक इनडोर विटामिन डी की कमी हो सकती है। सूरज की रोशनी के पर्याप्त संपर्क के अलावा, हृदय रोगों या जोखिम वाले कारकों से पीडति लोगों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे स्वस्थ रहें, हाइड्रेटेड रहें, अपने विटल्स या नब्ज को जांच के दायरे में रखें, और सलाह के अनुसार अपनी दवाएँ भी जारी रखें।

# किसानों को उकसाना और झूठे मुकदमों में फंसाना बंद करे सरकार: हुड्डा

## पूर्व मुख्यमंत्री और नेता विपक्ष भूपेंद्र सिंह बोले, विरोध प्रदर्शन करने वाले किसानों पर दर्ज मुकदमे तुरंत वापस ले सरकार

### कुर्बानी देने वाले किसानों के परिवारों को आर्थिक मदद और नौकरी दे सरकार

पायनियर समाचार सेवा। करनाल



धरना स्थल पर किसानों से बातचीत करते नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा।

**दिल्ली** बॉर्डर समेत प्रदेश के अलग-अलग टोल प्लाजा पर धरनारत किसानों के बीच पहुंचकर उन्हें समर्थन दे रहे पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा आज करनाल स्थित बसताड़ा टोल पर पहुंचे। इस मौके पर उन्होंने किसानों से बातचीत की और सरकार के रवैये पर चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि अन्नदाता कठोर परिस्थितियों का सामना करते हुए देश का सबसे बड़ा आंदोलन चला रहे हैं, लेकिन सरकार उनकी बातें मानने की बजाए अनदेखी, उकसावे और तानाशाही का रवैया अपनाए हुए है। सरकार किसानों की आवाज़ सुनने की बजाए उससे टकराव के हालात पैदा करने और उन्हें उकसाने में लगी है।

हुड्डा ने मुख्यमंत्री की किसान महापंचायत का विरोध करने वाले किसानों पर दर्ज़ मुक़दमे वापिस लेने की मांग की। उन्होंने बताया कि वो लगातार प्रदेशभर में धरना दे रहे किसानों के बीच जा रहे हैं। किसान सरकार से किसी तरह का टकराव नहीं चाहते हैं। लेकिन मुख्यमंत्री केंद्र और किसानों के बीच जारी बातचीत के नतीजे का इंतजार किए बिना किसान महापंचायत करके किसानों को उकसाने का काम कर रहे हैं। करनाल के कैमला गांव में जो हुआ उसके लिए सरकार जिम्मेदार है, ना कि किसान। इसलिए सरकार किसानों को झूठे मुक़दमों में फंसाना बंद करे। सरकार को किसानों के प्रति द्वेष भावना या बदले की नीयत से कार्रवाई नहीं करनी चाहिए। लोकतंत्र में जनभावना और अहिंसक आंदोलनों को टकराव की कोशिश, उकसावे की कार्रवाई, वाटर कैनन की बौछार, आंसू गैसे के गोले और पुलिस की लाठी के दम पर दबाया नहीं जा सकता। सरकार जनता की आवाज को जितना दबाने की कोशिश करेगी, उसकी गूंज उतनी ही ज़ोर से सुनाई देगी।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि किसान पूरी तरह अनुशासित और शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन चला रहे हैं। सरकार की अनदेखी और लेटलतीफ़ी के चलते दिल्ली बॉर्डर से रोज शहादतों की खबरें आ रही हैं। बावजूद इसके सरकार अन्नदाता की क़ुर्बानियों के प्रति संवेदनहीन बनी हुई है। वो आग्रह करते हैं कि सरकार आंदोलन में जान की कुर्बानी देने वाले किसानों को आर्थिक मदद और परिवार को नौकरी दे। अगर ये सरकार ऐसा नहीं करती है तो हमारी सरकार बनने के बाद ऐसा किया जाएगा।

भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि किसानों की मांगें पूरी तरह जायज हैं। इसलिए हर वर्ग जाति, धर्म, क्षेत्र और राजनीति से ऊपर उठकर आज इस आंदोलन का समर्थन कर रहा है। वो ख़ुद पहले दिन से आंदोलन को अपना समर्थन दे रहे हैं। वो अन्नदाता के अनुशासित जज्बे को सलाम करते हैं। इतने बड़े आंदोलन को इतने शांतिपूर्ण तरीके से चलाना अपने आप में एक लोकतंत्रिक मिसाल है।

डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने जताई उम्मीद

# कृषि कानून : किसानों से चर्चा कर नई कमेटी बनाए सुप्रीम कोर्ट

## बजट सत्र में अविश्वास प्रस्ताव लाकर खुद को आजमा लें भूपेंद्र हुड्डा : दुष्यंत

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़



**नये** कृषि बिलों व किसानों के विषय पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि केंद्र सरकार निरंतर सक्रियता से किसानों के साथ बातचीत कर रही है। उन्होंने कहा कि बिलों पर सुप्रीम कोर्ट की रोक के बावजूद सरकार की किसानों के साथ चर्चा जारी है। दुष्यंत चौटाला ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा बनाई गई कमेटी पर उन्होंने उम्मीद जताई कि सुप्रीम कोर्ट किसान सगठनों से चर्चा करके दोबारा कमेटी बनाएगा और जल्द समाधान निकलेगा।

डिप्टी सीएम ने कहा कि किसानों और सरकार में चर्चा होना जरूरी है क्योंकि बिना चर्चा निष्कर्ष निकलना मुमकिन नहीं है। वे शनिवार को यहां पत्रकारों से रूबरू थे। पत्रकारों के एक अन्य सवाल के जवाब में दुष्यंत चौटाला ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को सलाह दी कि वे बीजेपी-जेजेपी गठबंधन सरकार की चिंता न करें। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार केंद्र के बजट सेशन के बाद प्रदेश का बजट सत्र रखेगी। उन्होंने हुड्डा को चुनौती दी कि अगर हुड्डा अपने आप को इतना ही दमदार मानते हैं तो बजट सत्र के दौरान अविश्वास प्रस्ताव लाने की सदन में मांग करें। वहीं डिप्टी सीएम ने इनेलो नेता अभय चौटाला से संबंधित एक सवाल पर कहा कि वे केवल सीरियस पॉलिटिशियन पर ही टिप्पणी करते हैं ना की किसी नॉन-सीरियस पॉलिटिशियन पर। प्रदेश में 9 व 10 जनवरी को हुई ग्राम सचिव भर्ती की परीक्षा रद्द होने के सवाल पर दुष्यंत चौटाला ने कहा कि सरकार के संज्ञान में आया था कि कई प्राइवेट कॉलेज व अन्य संस्थानों पर परीक्षा का प्रश्न पत्र, उत्तर कुंजी आदि फोन पर मिले, इसके बाद हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने प्रदेशभर में पेपर को रद्द करने का निर्णय लिया हैं।

# आबकारी विभाग के डिजिटलाइजेशन को डिप्टी सीएम का एक और बड़ा कदम

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

### जीएसटी-पीवी एप का प्रोटोटाइप किया लॉन्च

**प्रदेश** के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने आबकारी एवं कराधान विभाग के डिजिटलाइजेशन की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने विभाग के लिए जीएसटी-पीवी एप का प्रोटोटाइप लॉन्च किया। इस एप के माध्यम से आबकारी और कराधान विभाग के सभी कर-निरीक्षक अपने स्मार्टफोन से करदाताओं के परिसर का भौतिक सत्यापन करेंगे।

डिप्टी सीएम ने एप लॉन्च करने के बाद बताया कि यह एप उन फर्जी फर्मों का जल्द पता लगाने में मदद करेगी जो गलत इनपुट टैक्स-क्रेडिट पास कराती हैं। उन्होंने बताया कि यह एप टैक्स के रजिस्ट्रेशन में सहायक होगी जिससे विभाग के समय और संसाधनों की बचत भी होगी। दुष्यंत चौटाला ने बताया कि फिलहाल कर-निरीक्षकों को किसी फर्म में जाकर वहां दस्तावेज लेकर मैन्युअल रूप से रिकॉर्ड करना पड़ता है जिससे कई बार गलत और असंगत डेटा भरने की शिकायतें मिलती हैं, जबकि इस एप के माध्यम से पूरी प्रक्रिया ऑटोमैटिक होगी। कर-निरीक्षक अपना डेटा सीधा फीड कर सकते हैं।

उपमुख्यमंत्री ने बताया कि फील्ड में फर्म का मौके पर निरीक्षण करने जाने से पहले कर-निरीक्षकों के पास सत्यापन के लिए मामलों को बचाने का विकल्प होगा, ताकि वास्तविक निरीक्षण के बाद सत्यापन किया जा सके। उन्होंने बताया कि पहले कुछ कर-निरीक्षक मौके पर जाने की बजाए ऑफिस में बैठे-बैठे ही करदाताओं की प्रविष्टियों को भर देते थे, परंतु अब इस एप के माध्यम से उसको भरने के लिए फर्म में जाना पड़ेगा। जब कर-निरीक्षक फिजिकल वैरिफिकेशन करने जाएगा तो उस समय एप ऑटोमेटिक रूप से जीपीएस निर्देशांक/स्थान और फर्म के परिसर की तस्वीरें ले लेगा।

# फ्रंट लाइन वर्कर का हुआ है टीकाकरण: सांसद नायब सैनी

पायनियर समाचार सेवा। कैथल

**सांसद** नायब सिंह सैनी ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोरोना वायरस को मात देने वाली वैक्सीन का शुभारंभ करके देश हित का बड़ा कार्य किया है।

देशभर में प्रथम चरण में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शामिल किया गया है, क्योंकि इन लोगों ने कोरोना वायरस महामारी के दौरान फ्रंट लाइन वर्कर के रूप में कार्य किया था। इसके बाद चरणबद्ध वैक्सीनेशन होगा और देश कोरोना से निजात पाएगा। सांसद नायब सैनी ने जारी बयान में कहा कि भारत ने ये वैक्सीन बनाकर दुनियों के लोगों को बड़ी राहत दी है। साल 2020 में देश ही नही बल्कि पूरे विश्व को बहुत बड़ा नुकसान उठाना पड़ा था लेकिन अब देशवासियों को कोरोना से डरने की जरूरत नही है बल्कि कोरोना वैक्सीन को लगवाकर ओर नियमों को पालन करते हुए इस बीमारी से लड़ाई लड़कर जीतना होगा। उन्होंने यह भी बताया कि कोराना महामारी को रोकने के लिए बड़े-बड़े देश लगे हुए थे, चिकित्सा की दृष्टि से वह वैक्सीन बनाने के लिए निरंतर प्रयायरत थे।

# ठंड और शीत लहर ने लोगों को किया बेहाल

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा लेते शहरवासी

**ठंड** और शीत लहर ने लोगों को बेहाल किया हुआ है। मौसम विभाग का मानना है कि अब रात के समय ठंड में ओर अधिक इजाफा होगा। रात के तापमान में लगातार गिरावट देखने को मिल सकती है। 20 जनवरी के बाद न्यूनतम तापमान में रिकार्ड गिरावट दर्ज की जा सकती है। तापमान 5.0 डिग्री सेल्सियस से भी नीचे जा सकता है।

शनिवार को अधिकतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। ठंड से बचने के लिए लोग अलाव का सहारा लेते देखे गए। शनिवार को सुबह पड़ी धुंध ने वाहनों की रफ्तार धीमी कर दी। धुंध के कारण नेशनल हाईवे व शहर में वाहन रेंग-रेंग कर चलते दिखाई दिए। सुबह जैसे ही लोग नींद से जागे तो उन्हें बाहर धुंध का सामना करना पड़ा। धुंध और ठंडी हवाओं के झोंकों ने आमजन को झकझोर कर रख दिया।

धुंध के साथ चली बर्फीली हवा से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त रहा। ठंडी बर्फीली हवाओं के चलते खासकर दुपहिया वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। ठंड के कारण ग्रामीण इलाकों में लोगों को मवेशियों के लिए चारा करने के लिए भारी मुसीबत का सामना करना पड़ा। लोगों का कहना है कि ठंड व धुंध के कारण चारा गीला होने की वजह से चारे की कटाई में दिक्कत आ रही हैं। गृहणियों को भी अपना घर का कार्य निपटाने में भारी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है। गृहणियों का कहना है कि उन्हें धूप न निकलने के कारण कपड़े आदि सुखाने में काफी दिक्कत आ रही है। सर्व समाज कल्याण सेवा समिति के प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर सैनी ने लोगों से अपील की कि वे सर्दी से बचावे के लिए पूरा शरीर ढकने वाले कपड़े पहनें। सिर, गले और कान को खासतौर पर ढकें।

## संक्षिप्त समाचार

### कोलकाता के कलाकारों ने दिखाया गौड़िया नृत्य



**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा कला परिषद् ने पश्चिम बंगाल के पारम्परिक नृत्य गौड़िया की प्रस्तुति हरियाणा कला परिषद द्वारा करवाई गई। जिसमें विश्व विख्यात नृत्यांगना डा. महुआ मुखर्जी व साथी कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। साप्ताहिक संध्या का संचालन हरियाणा कला परिषद के मीडिया प्रभारी विकास शर्मा ने किया। कार्यक्रम से पूर्व कला परिषद के निदेशक संजय भसीन ने अपने विचार सांझा करते हुए कहा कि सभी नृत्यों का मूल शास्त्रीय नृत्य हैं। नृत्य साधना में कलाकार अपनी प्रतिभा में निखार लाते हुए जहां एक ओर भारतीय संस्कृति को जन जन तक पहुंचाने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं वहीं देश को सांस्कृतिक दृष्टि से भी समृद्ध बना रहे हैं। साप्ताहिक संध्या में पहली प्रस्तुति चण्डी वंदना की रही, जिसमें महिला कलाकारों ने नृत्य के माध्यम से मां चण्डी की आराधना की। इसके बाद सौम्य भौमिक, सुनिष्ठा मण्डल, पूर्णिमा चटर्जी, सुदेशना मजूमदार और पारोनीता बैनर्जी ने रास लीला नृत्य में भगवान कृष्ण और गोपियों को दर्शाया। अगली प्रस्तुति डा. महुआ मुखर्जी की रही, जिसमें बाल कृष्ण की अठखेलियों को नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। अयान मुखर्जी और सुदेशना मजूमदार द्वारा प्रस्तुत शिव पार्वती नृत्य ने सभी का मन मोहा। अंतिम प्रस्तुति नवदुर्गा नृत्य की रही, जिसमें महिला कलाकारों ने गौडिया़ नृत्य के माध्यम से दुर्गा के नौ रुपों को दिखाया। कार्यक्रम में संगीत अमिताव मुखर्जी का रहा।

### छात्रों की भलाई के लिए इनसो उठाएगी प्रभावी कदम : शुभम



**कैथल।** इनसो जिलाध्यक्ष शुभम गुप्ता ने कहा कि नए वर्ष में इनसो इकाई की ओर से समाज भलाई कार्यों के साथ-साथ छात्रों की भलाई के लिए भी बेहतर कदम उठाए जाएंगे। सोशल मीडिया के इस आधुनिक जमाने में बदलाव लाना अति आवश्यक है। इनसो अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में बड़ा महत्वपूर्ण बदलाव लाएगी। जल्द इनसो की वेबसाइट, एप्लीकेशन को नये सिरे से लॉन्च किया जाएगा। शुभम गुप्ता ने कहा कि इनसो फरवरी-मार्च माह में अपने संगठन का पुनर्गठन करते हुए हर ब्लॉक, हर कॉलेज स्तर तक अपना मजबूत संगठन खड़ा करेगी। संगठन में नए मेहनती साथियों को मौका दिया जाएगा। शुभम गुप्ता ने कहा कि कोरोना संक्रमण के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई काफी बाधित हो चुकी है। ऐसे में इनसो के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर आग्रह किया कि एमएचए की गाइडलाइन को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के कॉलेज व विश्वविद्यालयों में जल्द से जल्द विद्यार्थियों की क्लास रूम शिक्षा शुरू की जाए। इसके साथ-साथ ये भी सरकार से अनुरोध किया जाएगा कि वे शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्थियों के लिए कोरोना वैक्सीन मुफ्त मुहैया करवाई जाए । वैक्सीन के बाद छात्रों में कोरोना संक्रमण फैलने का डर नहीं रहेगा

### ईमेल आईडी हैक कर सवा करोड़ रुपये लंदन के बैंक में डलवाए

**यमुनानगर।** यमुनानगर स्थित इस्जैक हैवी इंजीनियरिंग लिमिटेड की ईमेल आइडी हैक कर हैकरों ने सवा करोड़ की ठगी करने का मामला सामने आया है। ये पैसा लंदन के टीएसबी नाम के बैंक अकाउंट में डलवाया गया। इसका पता तब लगा, जब कंपनी के पास पेमेंट नहीं पहुंची। दो बार में यह ठगी की गई है। इस ठगी से जुड़ी पुलिस को दो अलग-अलग शिकायत मिली है। जानकारी के अनुसार इस्जैक हैवी इंजीनियरिंग लिमिटेड विभिन्न तरह की लोहे की प्लेट, ट्यूब व अन्य सामान तैयार करती है। यहां से माल विदेशों में भी जाता है। कच्चा माल विदेशों से यहां मंगवाया जाता है। पुलिस को दी शिकायत में इस्जैक के वाइस प्रेसिडेंट मैटेरियल विभाग अनिल सुंदर ने बताया कि माल तैयार करने के लिए स्ट्रिप फीडिंग लाइन फ्रांस की बीएसबी कंपनी से मंगवाया जाता है। ईमेल के माध्यम से कंपनी से संपर्क किया जाता है। बीएसबी कंपनी की ओर से ईमेल के माध्यम से बीएनबी परिभाष बैंक का अकाउंट नंबर भेजा गया। जिसमें 80 हजार 503 यूरो भेजे जाने थे। इसी बीच दो अक्टूबर 2020 को बीएसबी कंपनी व इस्जैक की ईमेल आइडी हैकरों ने हैक कर ली थी। जिस पर उनकी आइडी पर मैसेज भेजा गया। जिसमें टीएसबी बैंक लंदन का अकाउंट नंबर दिया गया। इसमें 80 हजार 503 यूरो भिजवाने के लिए कहा गया। यह भारतीय मुद्रा के अनुसार 75 लाख 11 हजार 520 रुपये होते हैं। यह पैसा कंपनी के अकाउंट में डाल दिया। बाद में पता लगा कि बीएसबी कंपनी की ओर से यह मैसेज नहीं भेजा गया था। इसी तरह से कंपनी के साथ एक और ठगी हुई। शिकायत वाइस प्रेसिडेंट अनिल सुंदर की ओर से दी गई। इसमें कहा गया कि इस्जैक कंपनी में नवल ब्रास प्लेट के एमई मैनफिल्ड जर्मनी से आती है। यहां से माल मंगवाया गया था। इस कंपनी से भी ईमेल के माध्यम से ही बातचीत होती थी।

### सड़क हादसे में व्यक्ति की मौत

**कुरुक्षेत्र।** जीटी पर पर उमरी के नजदीक एक कार चालक ने लापरवाही से चलाते हुए मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। हादसे में मोटरसाइकिल पर सवार पिता-पुत्र घायल हो गए। चिकित्सकों ने पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया। रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गोल्डी निवासी झींडा डेरा उमरी ने बताया कि वह और उसके पिता डेरे से सेक्टर-3 कुरुक्षेत्र में रात करीब 9 बजे एनआईडी कालेज के पास पहुंचे तो सामने की तरफ से एक कार चालक ने तेज रफतारी से टक्कर मार दी।

# कुरुक्षेत्र से हजारों ट्रैक्टर दिल्ली कूच करेंगे 26 जनवरी की रैली में:अजराना

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



**सिख** परिवार हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष एवं किसान नेता कवलजीत सिंह अजराना ने बताया कि 26 जनवरी को दिल्ली में होने वाली ट्रैक्टर रैली को सफल बनाने के लिए वे साथियों सहित दिन रात कार्य कर रहे हैं।

इस ट्रैक्टर रैली को लेकर देशभर के किसान उत्साह में हैं, जिसके चलते जिला कुरुक्षेत्र से ही हजारों की संख्या में ट्रैक्टर 26 जनवरी की रैली में भाग लेने के लिए कूच करेंगे। इतना ही नहीं, ट्रैक्टरों पर किसान, युवाओं और बच्चों को भी साथ लेकर जाएंगे, ताकि गूंगी बहरी केंद्र सरकार की आंखें खोली जा सके। उन्होंने जिला के विभिन्न गांवों का दौरा करके ग्रामीणों से किसान आंदोलन के लिए समर्थन मांगा। ग्रामीणों ने भी किसान आंदोलन को अपना समर्थन देने का फैसला किया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की और तीनों कृषि कानूनों को किसानों के हित में वापस लेने की मांग की। अजराना ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा लाए गए तीनों कृषि कानूनों के लागू होने से किसान बर्बाद हो जाएंगे, जिनको कदापि लागू नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि इन कानूनों को रद्द करवाने के लिए चाहे कुछ भी करना पड़े, वे पीछे नहीं हटेंगे।

# पुख्ता प्रबंधों के बीच शुरू हुआ कोरोना वैक्सीनेशन

## चिकित्सा अधिकारी गुरप्रीत सिंह ने शुरु किया वैक्सीनेशन अभियान

चन्द्र अग्रवाल। थानेसर

**जिले** में कोराना वैक्सीनेशन का कार्य पूरे पुख्ता प्रबंधों के बीच हुआ है। इस राष्ट्रव्यापी कोरोना वैक्सीनेशन अभियान की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से की। इसके साथ-साथ कुरुक्षेत्र में भी एलएनजेपी अस्पताल कुरुक्षेत्र, सीएचसी मथाना व सीएचसी पिहोवा में प्रथम चरण में लगभग 100-100 स्वास्थ्य कर्मियों सहित करीब 300 हेल्थ वर्करों को वैक्सीन की डोज दी गई।

### कोरोना वैक्सीन से डरने की जरूरत नहीं: डा. गुरप्रीत

एम्स के निदेशक डा. रणदीप गुलेरिया के शिष्य एवं एलएनजेपी अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी डा. गुरप्रीत सिंह ने कुरुक्षेत्र में शुरु हुए कोरोना वैक्सीनेशन अभियान में सबसे पहला टीका लगवाने के बाद अपने अनुभवों को साझा किया है। उन्होंने कहा कि कोरोना वैक्सीन लेने के बाद उन्हें रत्तिभर भी घबराहट नहीं हुई है।

उपायुक्त शरणदीप कौर बराड़ ने शनिवार बातचीत करते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग की तरफ से 16 जनवरी को कोरोना वैक्सीन लगाने के अभियान को लेकर लगभग सभी तैयारियों के पुख्ता प्रबंध पूरे कर लिए गए थे। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र में प्रथम चरण में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों को कोरोना वैक्सीन लगाई जाएगी जिन लोगों को प्रथम चरण में कोरोना वैक्सीनेशन दी जा रही है, ऐसे लोग भी आगे आकर अपने अनुभव सभी से सांझा करे ताकि कोरोना वैक्सीनेशन को लेकर आमजन के मन में कोई भी भ्रम पैदा ना हो। इस मौके पर कोरोना कार्यक्रम की जिला नोडल अधिकारी डा. अनुपमा सिंह, फिजीशियन डा. गौरव चावला, डा. अरविंद चहल सहित अस्पताल के अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

# कोरोना टीकाकरण की सफलता को किए उचित प्रबंध :शिक्षामंत्री

## भाजपा सरकार ने हरियाणा के सभी जिलों में कोविड-19 टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया ह

### प्रधानमंत्री का अभिभाषण सुनते शिक्षामंत्री कंवरपाल गुर्जर

पायनियर समाचार सेवा। यमुनानगर



**हरियाणा** सरकार में कैबिनेट शिक्षा, वन व पर्यटन मंत्री कंवरपाल ने कहा कि कोरोना महामारी के समय जब विदेशों में भारतीय नागरिक फंसे हुए थे, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के नागरिकों की मदद के लिए ऐतिहासिक निर्णय लिया। विदेश में जब भारतीयों को कोरोना टेस्ट कराने के लिए मशीनें कम पड़ रहीं थीं तो भारत ने पूरी लैब भेज दी थी, ताकि वहां से भारत आ रहे लोगों को टेस्टिंग की दिक्कत ना हो।


मंत्री कंवरपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के नेतृत्व में आज हरियाणा की भाजपा सरकार ने हरियाणा के सभी जिलों में कोविड-19 टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया है। इस महत्वपूर्ण कोरोना वैक्सीन टीकाकरण अभियान की सफलता के लिए पूरे प्रदेश में उचित प्रबंध किए गए हैं।

भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सपरा ने कहा कि जिला यमुनानगर के नागरिकों से आग्रह है कि सरकार एवं प्रशासन का सहयोग करें व कोरोना महामारी को खत्म करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें,भाजपा का दूसरा नाम ही विकास व विश्वास है, वैक्सीन सुरक्षित है, हिन्दुस्तान ने पूरे विश्व को अपनी क्षमता दिखाई है, आत्मनिर्भर भारत सिर्फ डायलॉग नहीं हकीकत है। इस अवसर पर भाजपा नेता निशचल चौधरी, भाजपा जिला महामंत्री सुरेंद्र बनकट, जिला महामंत्री कृष्ण सिंगला, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग, छछरौली मंडल अध्यक्ष कल्याण सिंह, मंडल महामंत्री जगदीश धीमान, मंडल महामंत्री शिवकुमार लेदी, मंडल सचिव कुलदीप राणा, मंडल उपाध्यक्ष राजेश भारद्वाज, मंडल मीडिया प्रभारी कर्मसिंह नरवाल, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष कुलबीर दादुपुर, मंडल कोषाध्यक्ष गौरव गोयल व भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग आदि उपस्थित थे।

### प्राइवेट मकान में सरकारी सीमेंट प्रयोग करने का आरोप, जांच शुरू

**कुरुक्षेत्र।** निकटवर्ती गांव बीड़ सूजरा में एक व्यक्ति द्वारा अपने निर्माणाधीन मकान में सरकारी सीमेंट प्रयोग करने का मामला प्रकाश में आया है। यह सीमेन्ट एससीएल कम्पनी का है जिसके कट्टों पर नॉट फार सेल लिखा हुआ है। यह सरकारी सीमेंट इस व्यक्ति के पास कहां से आया है इसकी ग्रामीणों ने उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। पुलिस ने गांव बीड़ सूजरा निवासी मुकेश कुमार पुत्र श्रीचन्द की शिकायत पर गांव के ही राय सिंह के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरु की है। गांव बीड़ सूजरा निवासी मुकेश कुमार ने पुलिस को दर्ज करवाई शिकायत में आरोप लगाया कि उनके गांव का राय सिंह मकान बना रहा है। उसका आरोप है कि राय सिंह गांव में जो मकान बना रहा है। इसमें वह अवैध सरकारी सीमेंट का इस्तेमाल कर रहा है। मुकेश कुमार का कहना है राय सिंह जो सीमेंट अपने मकान में लगा रहा है। वह सरकारी कोटे का सीमेन्ट है जिसकी बाजार में बिक्री नहीं हो सकती है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

### सुकवि-संवाद



सुकवि डॉ.एस.एन.भारद्वाज 'अश्क'
कवि, लेखक एंव वरिष्ठ शिक्षा सलाहकार
विश्व भारती शिक्षण संस्थान समूह,
बल्लभगढ़, फरीदाबाद M: 9871666627

**रहगुज़र**

लम्बी है रहगुज़र ये भरम छोड़ के तो देख
पावों की बेड़ियो को ज़रा तोड़ के तो देख

अपने वजूद पे तुझे हो जाएगा यकीन
रुख़ आँधियों का अपनी तरफ़ मोड़ के तो देख

जोड़ा है बहुत रात दिन, फिर भी नहीं क़रार
दिल से किसी के दिल को ज़रा जोड़ के तो देख

दुनिया की हवा से जो आजिज है तो फ़िर आ
चोगा ये फकीरों का ज़रा ओढ़ के तो देख

इक पल में उतर जाएगा हर दोस्त का नाक़ाब
तू अपने तज़ुर्बात को निचोड़ के तो देख

नेकी बदी में फ़र्क की आ जाएगी तमीज
सोए हुए ज़मीर को झिंझोड के तो देख

अच्छे में बदल जाएगा इक पल में बुरा वक़्त
मेहनत से इसकी बाँह तू मरोड़ के तो देख

तेरे गुनाह 'अश्क' यार कुछ बड़े नहीं
भाँडा किसी शरीफ का तू फोड़ के तो देख

# भारत-नेपाल संबंधों में हैं असीम संभावनाएं: राजनाथ

## नेपाल के विदेश सचिव ने भारत के विदेशमंत्री के साथ द्विपक्षीय संबंधों के संपूर्ण मुद्दों पर की चर्चा

एजेंसी। नईदिल्ली



रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने नेपाल के विदेशमंत्री प्रदीप कुमार ज्ञवाली के साथ शनिवार को हुई बैठक के बाद कहा कि भारत-नेपाल संबंधों में असीम संभावनाएं हैं। उल्लेखनीय है कि ज्ञवाली, नेपाल के विदेश सचिव भरत राज पौडयाल के साथ बृहस्पतिवार को तीन दिवसीय भारत यात्रा पर आए हैं।

ज्ञवाली ने शुक्रवार को भारत के विदेशमंत्री एस जयशंकर के साथ हुई बैठक में द्विपक्षीय संबंधों के संपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की थी। राजनाथ सिंह ने ट्वीट किया, नेपाल के विदेशमंत्री प्रदीप कुमार ज्ञवाली के साथ आज बैठक शानदार रही। नेपाल के साथ भारत के संबंध दोनों देशों की सरकारों तक सीमित नहीं हैं बल्कि यह दोनों देशों के लोगों द्वारा संचालित हैं। भारत और नेपाल के संबंध असीमित संभावनाओं वाले हैं। उल्लेखनीय है कि नेपाल द्वारा पिछले साल नया राजनीतिक मानचित्र जारी करने एवं उसमें लिम्पियाधुरा, कालापानी और लिपुलेख को नेपाल का हिस्सा दिखाए जाने के बाद से दोनों देशों के संबंध तनावपूर्ण हो गए थे। ज्ञवाली और जयशंकर के बीच बृहस्पतिवार को हुई बातचीत में दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा की गई और संपर्क, व्यापार एवं ऊर्जा जैसे अहम क्षेत्रों में संबंधों को मजबूत करने के लिए सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा की गई।

# मणिपुर में 27 से फिर खुलेंगे स्कूल और कॉलेज

इम्फाल। मणिपुर सरकार ने राज्य में 27 जनवरी से स्कूलों और कॉलेजों को फिर से खोलने का फैसला किया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में फैसला हुआ कि 9वीं से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए स्कूलों को फिर से खोला जाएगा। सूचना और जनसंपर्क विभाग द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार फैसला किया गया है कि कोविड-19 की मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का कड़ाई से पालन करते हुए 27 जनवरी से सभी कॉलेजों को पुन: खोला जाएगा।

# सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव को गठित समिति सदस्यों ने दिए इस्तीफे

एजेंसी। नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) का इस वर्ष चुनाव कराने के लिए गठित चुनाव समिति के सभी तीनों सदस्यों ने इस्तीफे दे दिए। एससीबीए चुनाव 2020-2021 के लिए चुनाव समिति का अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता जयदीप गुप्ता को बनाया गया था। समिति में हरेन पी रावल और नकुल दीवान भी शामिल थे।

एससीबीए के कार्यकारी सचिव रोहित पांडे को भेजे संयुक्त पत्र में चुनाव समिति के सदस्यों ने कहा कि उन्होंने डिजिटल माध्यम से चुनाव कराने का फैसला किया था तथा इसके लिए डिजिटल कंपनी एनएसडीएल से बात की थी। पत्र में कहा गया है कि एनएसडीएल के साथ मसौदा समझौता तथा डिजिटल तरीके से चुनाव करवाने में आने वाले अनुमानित खर्च की जानकारी 14 जनवरी को एससीबीए की कार्यकारी समिति को भेज दी गई थी।

पत्र में समिति के सदस्यों ने कहा, हमें कार्यकारी समिति से 14 जनवरी को पारित प्रस्ताव मिला। इसमें कुछ फैसले लिए गए थे। इस घटनाक्रम को हम एससीबीए की कार्यकारी समिति द्वारा हमारे निर्देशों को मानने से इनकार के रूप में देखते हैं। समिति के सदस्यों ने पत्र में कहा कि समिति के सदस्यों के तौर पर चुनाव कराने के लिए अपने कर्तव्यों का पालन करना उनके लिए संभव नहीं है।

# कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई में संजीवनी की तरह है टीका : हर्षवर्धन

## केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने एम्स में कहा, यह एक ऐतिहासिक दिन

एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने कोविड-19 टीकों को इस संक्रामक रोग के खिलाफ लड़ाई में शनिवार को संजीवनी करार दिया। साथ ही, उन्होंने लोगों से सुनी-सुनाई बातों पर ध्यान नहीं देने और विशेषज्ञों एवं वैज्ञानिकों पर भरोसा करने को कहा।

यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में हर्षवर्धन ने कहा, यह एक ऐतिहासिक दिन है। कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई में हर वक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मार्गदर्शन मिलता रहा। यह दुनिया में कोरोना वायरस टीकाकरण का सबसे बड़ा अभियान है। उन्होंने कहा, बीते एक वर्ष के दौरान हम इस संक्रामक रोग के खिलाफ मजबूत लड़ाई लड़ने में सक्षम रहे हैं। सुनियोजित एवं बेहतर रणनीति के चलते (वायरस संक्रमण से निपटने में) भारत का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा। वायरस संक्रमण से होने वाली मृत्यु की दर हमारे देश में संभवत: दुनिया में सबसे कम है।

स्वास्थ्य मंत्री ने महामारी के खिलाफ लड़ाई में चिकित्सकों, नर्सों, स्वास्थ्यकर्मियों, सुरक्षा कर्मियों और पत्रकारों समेत मोर्चे पर सबसे आगे रहे लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि भारत उस चरण में पहुंच सके, जिसमें लोगों तक टीका पहुंचाना संभव हो।

उन्होंने कहा, महामारी के खिलाफ हमारी लड़ाई में ए टीके संजीवनी हैं। हमने पोलियो तथा चेचक के खिलाफ लड़ाई जीती है और कोरोना वायरस के खिलाफ लड़ाई में निर्णायक मोड़ पर पहुंच गए हैं। हर्षवर्धन ने कहा, इस दिन मैं अग्रिम मोर्चे पर तैनात सभी कर्मियों का आभार व्यक्त करता हूं। ऐसे समय जब अफवाहें फैलाई जा रही हैं, तो मैं उम्मीद करता हूं कि मीडिया सही जानकारी प्रसारित करेगा और यह कदम इस रोग के खिलाफ लड़ाई में मददगार होगा। टीकों को सुरक्षित बताते हुए उन्होंने लोगों से कहा कि वे सुनी-सुनाई बातों पर ध्यान नहीं दे तथा विशेषज्ञों पर भरोसा करें।



### गोवा: अस्पताल कर्मी को सबसे पहले लगा टीका

पणजी। गोवा में जीएमसीएच के एक कर्मचारी को शनिवार को सबसे पहले कोरोना वायरस टीका लगाया गया। स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि राज्य में टीके की सबसे पहली खुराक गोवा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (जीएमसीएच) के कर्मचारी रंगनाथ भोज्जे को दी गई। केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावडेकर तथा गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत उस समय जीएमसीएच अस्पताल में मौजूद थे, जब भोज्जे को टीका लगाया गया। अस्पताल में शनिवार को 99 और लोगों को टीका लगाया जाएगा। जावडेकर और सावंत ने टीका लगवाने के बाद गुलाब देकर भोज्जे का स्वागत किया। इस मौके पर सावंत ने कहा कि राज्य के सभी सात केन्द्रों में टीकाकरण शुरू कर दिया गया है और पहले दिन कुल 700 लोगों को टीका लगाया जाएगा।

### नोएडा में सांसद ने सबसे पहले टीका लगवाया

नोएडा। उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले में कोरोना वायरस संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए शनिवार को टीकाकरण की शुरुआत के बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री तथा स्थानीय सांसद डॉक्टर महेश शर्मा ने सबसे पहले टीका लगवाया।

सांसद ने इसकी जानकारी दी। शर्मा ने बताया कि यह टीका उन्होंने सांसद होने के नाते नहीं, अपितु एक डॉक्टर होने के नाते लगवाया है। उनके अनुसार उनका ग्रेटर नोएडा का अस्पताल कोविड-19 अस्पताल है, तथा उन्होंने कोरोना काल में एक डॉक्टर होने के नाते मरीजों का उपचार किया है। उल्लेखनीय है कि शर्मा को कोरोना टीका का दूसरा खुराक उन्हें आगामी 15 फरवरी को दिया जाएगा। नोएडा के सेक्टर 27 स्थित कैलाश अस्पताल में बने वेव बूथ में आज सुबह शर्मा को कोरोना टीका लगाया गया। टीका लगवाने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि टीकाकरण एक सामान्य प्रक्रिया है। इसके पश्चात खुद को पूरी तरह से सामान्य महसूस कर रहे हैं। उन्हें कोई भी परेशानी का अनुभव नहीं हो रहा है।

### पूजा एवं फूलों के साथ मध्यप्रदेश में टीकाकरण शुरू

भोपाल। देशव्यापी कोरोना टीकाकरण अभियान के तहत मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में सबसे पहले एक स्वच्छताकर्मी को टीका लगा कर प्रदेश में इसकी शुरुआत की गई।

प्रदेश में टीकाकरण केन्द्र पर टीका लगवाने वालों का जहां फूलों से स्वागत किया गया वहीं ग्वालियर में डॉक्टरों ने हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर इसकी शुरुआत की। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस मौके पर कोरोना योद्धाओं का आभार जताया प्रदेश के भोपाल, इन्दौर और ग्वालियर सहित अनेक शहरों में टीकाकरण केन्द्रों को फूलों और गुब्बारों से सजाया गया। ग्वालियर में टीकाकरण अभियान शुरू होने से पहले डॉक्टरों ने हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की। मध्य प्रदेश के 150 केंद्रों पर टीकाकरण अभियान शुरू किया गया है इसमें भोपाल के 12 केन्द्र शामिल हैं। एक स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में इस अभियान के पहले चरण में 4.17 लाख स्वास्थ्य और स्वच्छताकर्मियों को टीके लगेंगे।

### राजस्थान में कोरोना टीकाकरण की शुरुआत

जयपुर। राजस्थान में कोरोना प्रतिरक्षण टीकाकरण की शुरुआत शनिवार से हुई। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जयपुर में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में इसकी औपचारिक शुरुआत की और लोगों से टीकाकरण के बाद भी सावधानी बनाए रखने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसंख्या को देखते हुए यह टीकाकरण एक बड़ा अभियान है जिसके पूरा होने में समय लगेगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कोरोना प्रतिरक्षण टीके को लेकर आशंकित होने की जरूरत नहीं है। गहलोत ने कहा, टीके को लेकर आशंका रखने की जरूरत नहीं, सभी तरह से जांच परीक्षण के बाद टीका आया है। हमें भी जनता को विश्वास दिलाना होगा कि वे घबराए नहीं। उन्होंने कहा, इस धारणा के साथ कि टीकाकरण शुरू हो गया, लोग लापरवाह नहीं हों। हमें कोरोना से बचाव के लिए स्वास्थ्य प्रोटोकाल एवं सावधानियों को आगे भी जारी रखना होगा। राजस्थान में कोरोना प्रतिरक्षण का पहला टीका जयपुर के एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डा सुधीर भंडारी को लगाया गया। उन्होंने कहा कि यह पहल कर वह अपने चिकित्साकर्मी साथियों संदेश देना चाहते हैं कि यह टीकाकरण वैज्ञानिक उत्कृष्टता का एक नमूना है सभी तरह के जांच परीक्षण के बाद आया है। इस बीच प्रदेश के चिकित्सा मंत्री डा रघु शर्मा ने बताया कि टीकाकरण के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और सभी जिलों के टीकाकरण केंद्रों के लिए टीके पहुंच चुके हैं।





### अफवाहों से बचें और टीका के लिए अपनी बारी का इंतजार करें :योगी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में कोरोना टीकाकरण की शुरुआत के बाद शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बलरामपुर अस्पताल का दौरा किया। जिन स्वास्थ्यकर्मियों को टीका लगा था उनसे मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। इस अवसर पर योगी ने कहा कि अफवाहों से बचे और टीका लगने के लिए अपनी बारी का इंतजार करें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि आज का दिन उमंग और उत्साह का है। पूरे देश को आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भाषण सुनने का अवसर मिला। टीकाकरण की शुरुआत के साथ ही हम कोरोना के खिलाफ जंग में विजय की तरफ बढ़ रहे हैं। योगी ने कहा कि भारत पहला ऐसा देश है जिसने दुनिया में दो टीकों की शुरुआत की है। मोदी की इस उपलब्धि के लिए मैं उनका अभिनंदन करता हूं और देश के वैज्ञानिकों को बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि देश जब कोरोना के खिलाफ अंतिम विजय की ओर जा रहा है, ऐसे में स्वार्थी तत्व अफवाह फैलाने का काम कर रहे हैं और उन सबसे सतर्क रहने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन स्वास्थ्यकर्मियों को कोरोना का टीका दिया गया है, मैंने उन सभी से मुलाकात की और वे सभी स्वस्थ हैं। योगी ने इस दौरान लोगों को सलाह दी कि वे अफवाहों से सावधान रहें, जल्दबाजी न करें।

### वाहन चालक और एमसीआई के पूर्व प्रमुख को लगा टीका

अहमदाबाद। गुजरात में शनिवार को कोरोना वायरस टीकाकरण अभियान शुरू हुआ और सबसे पहले राजकोट के एक मेडिकल वाहन चालक तथा कुछ डॉक्टरों को टीके की खुराक दी गई।

राज्य के 161 केन्द्रों में टीकाकरण अभियान शुरू हुआ है। भारतीय चिकित्सा संस्थान (एमसीआई) के पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर केतन देसाई अहमदाबाद में सिविल अस्पताल में टीका लगवाने वाले दूसरे व्यक्ति बने। अहमदाबाद सिविल अस्पताल में गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रूपाणी तथा उप मुख्यमंत्री नितिन पटेल की मौजूदगी में डॉक्टरों को टीकों की पहली खुराकें दी गई।

### अफवाहों पर ध्यान न दें, विशेषज्ञों ने टीकों को बताया सुरक्षित: केजरीवाल

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को लोगों से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान नहीं दें और विशेषज्ञों की बात सुनें जो कह रहे हैं कि कोविड-19 टीके सुरक्षित हैं।



गौरतलब है कि कोरोना वायरस के खिलाफ दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान शनिवार को देश में आरंभ हुआ। केजरीवाल ने लोक नायक जय प्रकाश नारायण (एलएनजेपी) अस्पताल में टीकाकरण अभियान का निरीक्षण किया और टीका लगवा चुके कुछ स्वास्थ्यकर्मियों से बात की। उन्होंने महामारी के खिलाफ लड़ाई में स्वास्थ्यकर्मियों के योगदान की सराहना की। दिल्ली में टीकाकरण अभियान 81 केंद्रों पर शुरू हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा, टीका लगवा चुके लोगों से मैंने बात की। किसी को कोई परेशानी नहीं हुई। सभी इस बात से खुश हैं कि उन्हें कोरोना वायरस से मुक्ति मिल जाएगी। उन्होंने आगे कहा, मैं सभी से यह कहना चाहता हूं कि वे अफवाहों और भ्रामक बातों की ओर ध्यान नहीं दें। विशेषज्ञों का कहना है कि टीके सुरक्षित हैं और चिंता करने की कोई बात नहीं है।

केजरीवाल ने जोर देकर कहा कि टीके लगने के बाद भी फेस मास्क लगाने की तथा सामाजिक दूरी बनाए रखने की जरूरत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कोविड-19 के खिलाफ भारत के टीकाकरण अभियान की शुरुआत की और इस दौरान कहा कि यह विश्व का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान है।

### तेलंगाना में पहले महिला सफाई कर्मियों को लगाए गए टीके

हैदराबाद। तेलंगाना में भी शनिवार को कोरोना वायरस टीकाकरण अभियान शुरू हो गया और इसके प्रथम चरण के तहत हैदराबाद में महिला सफाईकर्मियों को कोविड-19 के टीकों की खुराक दी गई।

केन्द्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी और तेलंगाना के स्वास्थ्य मंत्री ई राजेन्द्र ने यहां राज्य सरकार द्वारा संचालित गांधी अस्पताल में टीकाकरण अभियान की औपचारिक रूप से शुरुआत की। देशभर में टीकाकरण अभियान शुरू होने के मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राष्ट्र के नाम संबोधन के बाद गांधी अस्पताल में महिला सफाई कर्मियों ने खुशी-खुशी टीका लगवाया। इसके साथ ही, राज्य के अन्य स्थानों पर भी टीकाकरण अभियान शुरू हो गया, जहां राज्य के मंत्रियों और जन प्रतिनिधियों की मौजूदगी में टीके लगाए गए। राजेन्द्र ने कहा कि शनिवार को राज्य के 114 केन्द्रों में टीकाकरण शुरू हो गया। प्रत्येक केन्द्र पर दिनभर में 30 लोगों को टीका लगाया जाना है।

# आतंकवादी सोशल मीडिया के जरिए काडर भर्ती करने की कोशिश में: जोशी

उधमपुर। सेना की उत्तरी कमान के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल वाई के जोशी ने शुक्रवार को कहा कि जम्मू कश्मीर में आतंकवादी नेटवर्क सोशल मीडिया के जरिए काडर को भर्ती करने की कोशिश कर रहे हैं। निरंतर चलाए जा रहे आतंकवाद रोधी अभियानों ने पाकिस्तान में राज्य इतर तत्वों को अपनी रणनीति पर पुन: विचार करने के लिए मजबूर कर दिया है। उधमपुर में सेना दिवस के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम के इतर पत्रकारों से बातचीत में लेफ्टिनेंट जनरल जोशी ने सेना की कामयाबी रेखांकित की और सैनिकों की बहादुरी की सराहना की। उन्होंने कहा कि सीमा पार बैठे आतंकवादी नेटवर्क सोशल मीडिया के जरिए काडर को भर्ती करने की कोशिश कर रहे हैं। लेफ्टिनेंट जनरल ने कहा कि जम्मू कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और शासन में सुधार ने अहम प्रभाव डाला है तथा आम लोगों का सरकारी संस्थानों में विश्वास बहाल करने में मदद मिली है।

# इंदौर में सबसे पहले महिला स्वास्थ्य कर्मी को लगाया गया टीका

इंदौर। मध्यप्रदेश में कोविड-19 से सबसे ज्यादा प्रभावित इंदौर जिले में इस महामारी से बचाव के लिए टीकाकरण अभियान शुरू किया गया। पहला टीका शनिवार को स्वास्थ्य कर्मी आशा पवार को लगाया गया। स्वास्थ्य विभाग ने इसकी जानकारी दी।

स्वास्थ्य कर्मी ने इस दौरान बताया कि इस टीके के प्रभावों को लेकर उनके मन में कोई डर नहीं है और उन्हें पूरी उम्मीद है कि यह टीका महामारी से लोगों की जान बचाने में मददगार साबित होगा। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि पवार को शासकीय महाराजा यशवंतराव चिकित्सालय में कोविड-19 का टीका लगाया गया। इस दौरान प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट तथा इंदौर के लोकसभा सांसद शंकर लालवानी के साथ आला अधिकारी मौजूद थे और टीकाकरण केंद्र को गुब्बारों से सजाया गया था। टीका लगवाने के बाद पवार (55) ने अंगुलियों से विक्टरी साइन बनाते हुए खुशी जाहिर की। इंदौर, कोरोना वायरस संक्रमण से करीब 10 महीने से जूझ रहा है।



पवार ने संवाददाताओं से कहा, इंदौर में महामारी के प्रकोप की शुरुआत के वक्त डर का माहौल था। लेकिन अब टीका लगवाने के बाद मेरे मन में कोई डर नहीं है और मुझे बहुत अच्छा लग रहा है। उन्होंने कहा, मुझे पूरी उम्मीद है कि यह टीका कोरोना वायरस संक्रमण से लोगों की रक्षा करते हुए उनकी जान बचाने में मददगार साबित होगा।

# मुख्यमंत्री ने कहा वरदान साबित होगा टीका

रांची। देश भर में कोविड-19 टीकाकरण की शुरुआत के साथ ही प्रदेश में भी शनिवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इसकी शुरुआत की। इस दौरान रांची के सदर अस्पताल की सफाईकर्मी मरियम गुड़िया को सबसे पहले टीका लगाया गया।



इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि यह टीका वैश्विक महामारी में देश के लिए वरदान साबित होगा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आज देश में टीकाकरण की आनलाइन शुरुआत के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राजधानी रांची के सदर अस्पताल में इसकी शुरुआत की। इसके साथ ही प्रदेश के सभी 24 जिलों में चिन्हित 48 टीकाकरण केन्द्रों पर इस कार्यक्रम की शुरुआत हुई। मुख्यमंत्री इस अवसर पर कहा, मुझे उम्मीद है कि यह टीका वैश्विक महामारी में देश के लिए वरदान साबित होगा।

# पहले 100 दिनों में 10 करोड़ अमेरिकियों को टीका लगाएंगे: बिडेन


## बिडेन ने अपने कार्यकाल के शुरूआती 100 दिनों की योजना की घोषणा की

एजेंसी। वाशिंगटन

अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बिडेन ने कोरोना वायरस महामारी से निपटने के लिए अपने कार्यकाल के पहले 100 दिनों में 10 करोड़ अमेरिकियों को कोविड-19 के टीके लगाने की महत्वाकांक्षी योजना की घोषणा की है। बाइडन 20 जनवरी को अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में कार्यभार संभालने वाले हैं। उससे पहले, उन्होंने शुक्रवार को अपनी टीम के साथ स्वास्थ्य संकट के समाधान के लिए एक बैठक की।

जॉन्स हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के कोरोना वायरस ट्रैकर के अनुसार, अमेरिका में अब तक 2,35,23,000 से अधिक लोग कोरोना वायरस से संक्रमित हुए हैं और 3,91,955 लोगों की मौत हो चुकी है। अमेरिका दुनिया में इस बीमारी से सबसे अधिक प्रभावित देश है।

अपने चुनाव अभियान के दौरान, बिडेन ने कोविड-19 महामारी को बड़ा मुद्दा बनाया था और मतदाताओं से इससे निपटने और इससे उत्पन्न आर्थिक संकट को दूर करने का वादा किया था। बिडेन ने विलमिंगटन में संवाददाताओं से कहा, अमेरिका में अब तक टीकाकरण अभी तक पूरी तरह विफल रहा है और आज की बैठक में हमने पांच चीजों पर चर्चा की। इन पांच चीजों के जरिए हम स्थिति को बदलने का प्रयास करेंगे, इन पांच चीजों से हम निराशा को आशा में बदलेंगे।



ये पांच चीजें हमारे कार्यकाल के पहले 100 दिनों में 10 करोड़ टीके लगाने के हमारे लक्ष्य को पूरा करने में मदद करेंगी।

उन्होंने कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि हम इसे पूरा कर सकते हैं, और यह साहस और दृढ़ विश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए बड़े लक्ष्य निर्धारित करने का समय है क्योंकि राष्ट्र का स्वास्थ्य सचमुच दांव पर है। सबसे पहले, हम अधिक प्राथमिकता वाले समूहों के लिए, टीकाकरण शुरू करने के उद्देश्य से सभी राज्यों के साथ मिलकर तुरंत काम करेंगे।

बिडेन ने कहा कि इस नए प्रयास में पूरे राष्ट्र को एकजुट किया जाएगा और टीकाकरण, जांच और महामारी से निपटने के अन्य उपायों के लिए संघीय कोष से अरबों डालर खर्च किए जाएंगे। उन्होंने शुक्रवार को कहा, आप लोगों से मेरा वादा है: हम इस अभियान से इस महामारी को काबू में करेंगे। उन्होंने कहा कि इसके लिए संसद को अधिक धन खर्च करने की मंजूरी देनी होगी।

उन्होंने लोगों से मास्क पहनने, भीड़भाड़ से बचने और अक्सर अपने हाथों को धोते रहने जैसे बुनियादी सावधानियों का पालन करने की भी अपील की।

बिडेन ने कहा, यह राजनीतिक मुद्दा नहीं है। यह जीवन बचाने के बारे में है। मुझे पता है कि यह एक पक्षपातपूर्ण मुद्दा बन गया है, लेकिन यह मूर्खतापूर्ण है और मूर्खतापूर्ण चीजें हो रही है। बिडेन ने महामारी से निपटने और अस्थिर अर्थव्यवस्था को तात्कालिक सहायता प्रदान करने के लिए 1.9 ट्रिलियन डॉलर के अमेरिकन रेस्क्यू प्लान की घोषणा करने के एक दिन बाद यह बात कही। इस योजना में 400 बिलियन डॉलर कोरोना वायरस के प्रसार को नियंत्रित करने के उद्देश्य से खर्च किया जाएगा।

# पश्चिम बंगाल में कोविड-19 टीकाकरण शुरु हुआ

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में शनिवार सुबह कोविड-19 टीकाकरण अभियान शुरू हो गया, जिसमें एक निजी अस्पताल की एक डॉक्टर को पहला टीका लगाया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।



अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि विपाशा सेठ राज्य में टीका लगवाने वाली पहली व्यक्ति हैं। सेठ ने कहा, यह मानव जाति के लिए बहुत बड़ा दिन है। मैं पहली खुराक पाकर बहुत खुश हूं। अधिकारियों ने बताया कि पश्चिम बंगाल के श्रम राज्य मंत्री निर्मल माजी ने भी कोलकाता मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में कोविशील्ड टीका लगवाया। मेडिकल कॉलेज, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और कुछ निजी अस्पतालों सहित 212 केंद्रों पर सुबह 10.30 बजे टीकाकरण कार्यक्रम शुरू हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इससे पहले वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोविड-19 टीकाकरण के राष्ट्रव्यापी अभियान का शुभारंभ किया।1800 स्वास्थ्य कर्मचारियों को शनिवार को टीकाकरण के लिए चुना गया है।

# गौतमबुद्धनगर में 6 केंद्रों पर चला टीकाकरण अभियान

## सांसद महेश शर्मा और जिम्स के डायरेक्टर डॉ. राकेश गुप्ता ने सबसे पहले लगवाया टीका

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा। नोएडा और ग्रेटर नोएडा में कोरोना के खिलाफ वेक्सीनेशन शनिवार सुबह शुरू हुआ। नोएडा में कैलाश अस्पताल में बनाए केंद्र में सबसे पहले सांसद डॉ महेश शर्मा और ग्रेटर नोएडा के राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान जिम्स में डायरेक्टर डॉ राकेश गुप्ता ने सबसे पहले वेक्सीन ली। गौतमबुद्धनगर जिले में 6 केंद्रों पर टीकाकरण किया गया जिसमें शाम तक प्रत्येक केंद्र पर 100-100 स्वास्थ्यकर्मियों को टीका लगाया गया। जिम्स को टीकाकरण के लिए नोडल केंद्र बनाया गया है।

राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान ग्रेटर नोएडा के निदेशक डॉ राकेश गुप्ता ने बताया कि जिले में छह केंद्रों पर कोरोना वायरस के खिलाफ वेक्सीनेशन चल रहा है। इनमें तीन केंद्र नोएडा और तीन केंद्र ग्रेटर नोएडा में स्थापित किए गए हैं। नोएडा में जिला अस्पताल, चाइल्ड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल और कैलाश अस्पताल को केंद्र बनाया गया है। ग्रेटर नोएडा में राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान, बिसरख अस्पताल और शारदा हॉस्पिटल को केंद्र बनाया गया है। शनिवार को



कैलाश अस्पताल में कोरोना का टीका लगवाते सांसद डॉ. महेश शर्मा।

पहले चरण में इन सभी केंद्रों पर 100-100 स्वास्थ्यकर्मियों को कोरोना वैक्सीन दी गई। जिम्स में 300 स्वास्थ्यकर्मियों को कोरोना वैक्सीननेशन दी जाएगी। इनमें से 100 लोगों को शनिवार को और बाकी 200 स्वास्थ्य कर्मियों को सोमवार को वैक्सीन लगाई जाएगी। गौतमबुद्धनगर के सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ महेश शर्मा नोएडा में शनिवार की सुबह सबसे पहले कोरोना वैक्सीन लगवाने वाले स्वास्थ्य कर्मी बने।

दरअसल, डॉ महेश शर्मा पेशे से चिकित्सक हैं और कैलाश अस्पताल समूह के संचालक हैं। वैक्सीनेशन के बाद मीडिया से मुखातिब होते हुए डॉ महेश शर्मा ने कहा कि यह वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है। विपक्ष के भ्रम में किसी को भी फंसने की आवश्यकता नहीं है।


वैक्सीन का किसी भी तरह से कोई साइड इफेक्ट नहीं है। डॉ महेश शर्मा ने कोरोना वैक्सीननेशन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दृढ़ इच्छाशक्ति का परिणाम बताया। डॉक्टर शर्मा ने कहा कि यह नरेंद्र मोदी सरकार की सबसे बड़ी यह उपलब्धि है। कोरोना से वैश्विक महामारी के खिलाफ अमेरिका, इटली और रूस जैसे मुल्क इतनी मजबूती से लड़ाई नहीं लड़ पाए, जितनी दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ भारतीय समाज ने इस बीमारी का विरोध किया है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मविश्वास और मजबूत इरादों का परिणाम है।

## गाजियाबाद में महिला अस्पताल की सीएमएस को लगा पहला वैक्सीन

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

देश के साथ-साथ राजधानी दिल्ली से लगे गाजियाबाद में कोरोना टीकाकरण की शुरूआत महिला अस्पताल से की गई। जिले में पहला टीका महिला अस्पताल की अधीक्षक डा संगीता गोयल को लगाया गया। इस दौरान प्रदेश के स्वास्थ्य राज्यमंत्री अतुल गर्ग, डीएम अजय शंकर पांडेय एवं सीएमओ एवं विभाग के दूसरे अधिकारी मौजूद रहे। टीकाकरण के साथ महिला अस्पताल अधीक्षक को विभाग की तरफ से सर्टिफिकेट दिया गया। इस बीच स्वास्थ्य राज्य मंत्री अतुल गर्ग ने कहा कि इस दिन का एक लंबे समय से इंतजार था। पूरी दुनिया देख रही है। भारत अपने पैरों पर खडा है। दूसरे देश भारत में तैयार वैक्सीन को खरीदना चाहते हैं लेकिन, देश ने स्पष्ट कर दिया है कि सर्व प्रथम अपने देश के नागरिकों का टीकाकरण किया जाएगा। इसके बाद ही कोई दूसरा अन्य फैसला लिया जाएगा। सवालों के जबाव में उन्होंने कहा कि कभी पोलियो अभियान को लेकर सवाल खड़े किए जाते थे,जबकि चिकित्सक खुद से टीकाकरण करा रहे हैं। जिस दिवस देश के 30 करोड़ लोगों का टीकाकरण का लक्ष्य पूरा होगा इसके बाद कोरोना से कोई मौत न हो ये बड़ी कामयाबी होगी। गजिले में प्रथम चरण में 28 हजार लोगों के टीकाकरण का लक्ष्य रखा गया है। सीएमओ डा एनके गुप्ता ने कहा कि देशव्यापी अभियान को जिले में कामयाब बनाने के लिए चार स्थानों पर टीकाकरण की व्यवस्था की गई है। महिला अस्पताल के साथ कौशांबी स्थित यशोदा व संतोष अस्पताल प्रताप विहार एवं डासना स्थित कम्युनिटी सेंटर पर टीकाकरण किया जाएगा।

## नोएडा में कोरोना के 7 मामले सामने आए



नोएडा। जनपद में शनिवार को कोरोना वायरस संक्रमण के सात मामले सामने आए। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। जिला निगरानी अधिकारी डॉक्टर सुनील दोहरे ने बताया कि शनिवार सुबह तक कोरोना वायरस संक्रमण का सात मामला सामने आया है जिससे संक्रमितों की संख्या बढ़कर 25,267 पर पहुंच गई है। उन्होंने बताया कि पिछले 24 घंटे के भीतर कोविड-19 के 23 मरीज उपचार के बाद ठीक हुए हैं, जिसके साथ ही जनपद में अब तक 24,975 मरीज संक्रमण मुक्त हो चुके हैं। अधिकारी ने बताया कि यहां के विभिन्न अस्पतालों में 201 मरीजों का उपचार चल रहा है। उन्होंने बताया कि जनपद में अब तक कोविड-19 के संक्रमण की वजह से 91 लोगों की मौत हो चुकी है। उन्होंने बताया कि शनिवार से जनपद में कोविड-19 टीकाकरण की शुरूआत हुई। उन्होंने बताया कि शनिवार को कुल 600 स्वास्थ्य कर्मियों को पहले चरण में टीका लगाया जाएगा। अधिकारी ने बताया कि छह केंद्रों पर टीकाकरण की शुरूआत हुई और इसके लिए पर्याप्त व्यवस्था कर ली गई है।

# ग्रेनो में ताला तोड़कर चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**4 गिरफ्तार, महाराष्ट्र के ज्वैलर को बेचते थे**

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा की बीटा-दो कोतवाली पुलिस ने बंद घरों के ताले तोड़कर चोरी करने वाले गैंग का पर्दाफाश किया है। पुलिस की टीम ने तीन बदमाशों समेत चोरी का माल खरीदने वाले एक ज्वैलर को भी गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने गिरोह के पास से 42 हजार नगद और जेवर सहित दूसरी चीजें बरामद की हैं। यह गैंग रेकी कर चोरी की घटनाओं को अंजाम देता था। गैंग के बदमाशों के खिलाफ शहर के विभिन्न थानों में 10 से ज्यादा आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस की पूछताछ में गिरोह ने कई हैरान करने वाली घटनाओं का खुलासा किया है।

एडिशनल डीसीपी विशाल पांडे ने शुक्रवार को इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बीटा-2 कोतवाली पुलिस की टीम ने चेकिंग के दौरान रामपुर गोल चक्कर के पास से तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया। इन तीनों की पहचान सोनू उर्फ अभिनव पांडे, निवासी-मैनपुरी, प्रवीण पांडे, निवासी-भलस्वा डेरी नई दिल्ली, चन्दन शर्मा निवासी-हाजीपुर, बिहार और सूरज मोरे, निवासी-जिला सांगली, महाराष्ट के रूप में हुई है। सूरज मोरे ज्वैलर है। पकड़े गए बदमाश चोरी के गहने सूरज मोरे को बेचते थे।

### घर की रेकी कर बनाते थे निशाना

एडिशनल डीसीपी विशाल पांडे ने बताया कि गिरफ्तार किए गए बदमाश बहुत शातिर हैं। यह गैंग बंद घरों को निशाना बनाता था। इसके लिए गैंग के सदस्य पहले रेकी करते थे। फिर मौका देख कर घरों का ताला तोड़कर नगदीए गहने और कीमती सामान चोरी कर फरार हो जाते थे। कुछ घटनाओं की सीसीटीवी फुटेज से पुलिस को इनके बारे में पता चला था। सीसीटीवी फुटेज से पुलिस ने इन बदमाशों की पहचान की। पुलिस काफी वक्त से इनकी तलाश में थी। पूछताछ में इन्होंने शहर में हुई चोरी की कई वारदातों को अंजाम देने की बात स्वीकार की है। पुलिस इन आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर रही है।

## बेकाबू कैब ने स्कूटी में मारी जोरदार टक्कर

नोएडा। ग्रेटर नोएडा में गुरुवार को हुए एक हादसे में बीएड की एक छात्रा की मौत हो गई। जबकि, दूसरी छात्रा गंभीर रूप से घायल है। उसका नजदीक के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। मामला नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र का है। गुरुवार को एक तेज रफ्तार कैब चालक ने दो छात्राओं की स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार एक छात्रा आठ फीट ऊंची उछलकर जमीन पर गिरी। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे में दूसरी छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे फौरन नजदीक के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल उसका इलाज चल रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने छात्रा के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ग्रेटर नोएडा के रोजा जलालपुर निवासी नगेंद्र नागर ने बताया कि उनके भाई पूर्व बीडीसी राजेंद्र नागर की बेटी मंजू और बिसरख निवासी उसकी सहेली नेहा, शारदा विश्वविद्यालय से बीएड की पढ़ाई कर रही थीं। गुरुवार को मंजू और नेहा स्कूटी पर सवार होकर विवि जा रही थी। इसी दौरान नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र में नासा गोल चक्कर के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार कैब ने स्कूटी में टक्कर मार दी।

## युवक की पिटाई का वीडियो हुआ वायरल, रिपोर्ट दर्ज

गाजियाबाद। मोदीनगर निवाड़ी थाना क्षेत्र के गांव डबाना में शराब लाने से मना करने पर युवक को अगवा कर उसके साथ बेहरमी से मारपीट करने का मामला सामने आया है। दंबगों ने मारपीट का वीड़ियो भी वायरल कर दिया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

गांव सौंदा निवासी अजय शर्मा के अनुसार वह 9 दिसंबर को एक शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहा था। जब वह सौंदा नहर पुल से पहले पहुंचा तो उसे गांव डबाना निवासी दो युवक मिले और उससे शराब लाने को कहा तो उसने मना कर दिया। इस बात से नाराज होकर युवक उसे उठाकर एक सुनसान स्थान पर ले गए और उसके साथ बेरहमी से मारपीट की। इतना ही नहीं दबगों ने युवक के साथ की गई मारपीट की वीड़ियो भी बना ली।

## सर्राफा कारोबारी के चालक से चांदी की लूट, तीन गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सेक्टर 39 क्षेत्र के नोएडा एक्सप्रेसवे पर 14 जनवरी को एक व्यापारी के चालक के साथ हुई 30 किलो चांदी की लूट के मामले में पुलिस ने शनिवार दोपहर बाद होमगार्ड के दो जवानों समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए लोगों के पास से लूटी हुई 30 किलो चांदी बरामद कर ली गई है।

अपर पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) रणविजय सिंह ने बताया कि आगरा के रहने वाले सर्राफा व्यापारी सुशील चौहान का ड्राइवर अजय 14 जनवरी की सुबह दिल्ली से 211 किलो चांदी अपनी डस्टर कार में रखकर नोएडा एक्सप्रेसवे के रास्ते आगरा जा रहा था। उन्होंने बताया कि नोएडा एक्सप्रेसवे के सेक्टर 93 के पास मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए दो लोगों ने उसकी कार रोकी। मोटरसाइकिल सवार लोगों ने चालक से कहा कि वे नोएडा में अधिकारी हैं और कार चालक ने अपने मालिक से उनकी बात करवाई।

### आरोपियों में होमगार्ड के दो जवान भी शामिल

दोनों आरोपियों ने कार चालक से जबरन चांदी की एक सिल्ली लूट ली, जिसका वजन करीब 30 किलो है। उन्होंने बताया कि इस मामले की जांच कर रही थाना सेक्टर 39 पुलिस ने शनिवार दोपहर बाद होमगार्ड के दो जवानों समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। सिंह ने बताया कि उनकी पहचान उमेश, सुरेंद्र तथा विक्रांत के रुप में हुई है। गिरफ्तार होमगार्ड थाना एक्सप्रेसवे तथा थाना सेक्टर 20 में तैनात हैं।

## अवैध पटाखा फैक्ट्री पर छापा, तीन दबोचे

नोएडा। गौतमबुद्ध नगर की दादरी थाना पुलिस और आबकारी विभाग की टीम ने एक पटाखा फैक्ट्री का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मौके से 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा पुलिस ने भारी मात्रा में पटाखे बनाने में प्रयुक्त होने वाला सामान बरामद किया है।

पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि पुलिस और आबकारी विभाग की टीम ने दादरी में चल रही अवैध पटाखा फैक्ट्री पर छापा मारकर 3 लोगों को मौके से गिरफ्तार किया है।

## सोसाइटी में बुजुर्ग ने पंखे से फंदा लगाकर की खुदकुशी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



सूरजपुर थाना क्षेत्र के ओमीक्रान-3 सेक्टर में स्थित एक सोसाइटी में रहने वाले 65 वर्षीय व्यक्ति ने बीती रात को पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं दूसरी ओर दिल्ली की रहने वाली एक महिला ने पंखे से फंदा लगा लिया।

पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आत्महत्या करने वाले बुजुर्ग की पहचान शंकर शुक्ला के रूप में की गई है जबकि महिला की पहचान नीलम (27) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एक अन्य घटनाक्रम में पुलिस ने बताया कि दादरी रेलवे स्टेशन पर बीती रात ट्रेन की चपेट में आने से लक्ष्मण प्रसाद (55) की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## बारहवें मामले में सुरेंद्र कोली को फिर सुनाई फांसी की सजा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**निठारी कांड**

नोएडा के चर्चित निठारी कांड में मुख्य आरोपी सुरेंद्र कोली को एक बार फिर फांसी की सजा सुनाई गई है। शनिवार को गाजियाबाद में विशेष न्यायाधीश सीबीआई ने बारहवें मामले में फैसला सुनाया है। जिसमें सुरेंद्र कोली को फांसी की सजा दी गई है। एक लाख का आर्थिक जुर्माना भी लगाया गया है।

इस मामले में एक युवती की हत्या करने, अपहरण करने और उसका मांस खाने का आरोप सुरेंद्र कोली पर लगाया गया था। जिसमें अदालत ने सुरेंद्र कोली को दोषी करार दिया था। मिली जानकारी के मुताबिक नोएडा के निठारी गांव के पास रहने वाली युवती का अपहरण करने, युवती से दुष्कर्म और हत्या करने के मामले में सुरेंद्र कोली को फांसी की सजा सुनाई गई है। सीबीआई की विशेष अदालत में कोली को फैसला सुनाया है।

## थाने पर महिला ने किया प्रदर्शन

गाजियाबाद। पुलिस के सिपाही द्वारा पड़ोसी महिला से अभद्रता करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि पुलिस ने सिपाही को बिना कार्रवाई के ही छोड़ दिया। इससे नाराज पीड़िता के परिजनों एवं आसपास के लोगों ने थाने के बाहर प्रदर्शन किया। थानाध्यक्ष के आश्वासन के बाद लोग शांत हुए और घर लौट गए। क्षेत्र की एक कॉलोनी निवासी महिला घर में अकेली थी। उसका पति बाहर गए थे। इसका फायदा उठाते हुए पड़ोसी युवक जो उप्र पुलिस में सिपाही है उनके घर के बाहर आकर गाली-गलौज करने लगा।



यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कौशांबी गाजियाबाद में देश के प्रथम चरण के कोविड टीकाकरण का आरंभ हुआ। इस दौरान हॉस्पिटल के कोविड-19 प्रबंधन एवं स्ट्रेटजी के निदेशक डॉक्टर आर.के. मनी ने पहले रजिस्टेशन कराया और टोकन नंबर एक के साथ उनको सबसे पहला टीका लगाया गया। हॉस्पिटल के टीकाकरण केंद्र पर जिला प्रशासन एवं मुख्य चिकित्साधिकारी की टीम द्वारा सात अलग-अलग चरणों में सौ लोगों के टीकाकरण का संचालन किया गया।

## गौतमबुद्धनगर के परिषदीय स्कूल बनेंगे हाईटेक

### प्रधानाचार्य टेबलेट से लगाएंगे बच्चों की हाजिरी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बागडोर संभालने के बाद से ही राज्य सरकार सूबे में प्राथमिक शिक्षा सुधार को लेकर अभूतपूर्व काम कर रही है। योगी आदित्यनाथ खुद भी स्कूलों में तकनीक को बढ़ावा देने के हामी हैं।

अब तक शिक्षकों को सेल्फी के जरिए अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होती थी। अब स्कूल के छात्रों को भी ऑनलाइन हाजिरी लगानी पड़ेगी। इसके लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। बेसिक शिक्षा विभाग से संचालित परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों को भी हाईटेक बनाया



जाएगा। स्कूलों के प्रधानाचार्य को टेबलेट दिए जाएंगे। इस टेबलेट में स्कूलों की निगरानी से संबंधित सभी ऐप शामिल किए जाएंगे। इसके लिए शिक्षकों की ऑनलाइन ट्रेनिंग भी कराई जाएगी। यह ट्रेनिंग 1 महीने तक चलेगी। इसके बाद उपकरण शिक्षकों को उपलब्ध कराए जाएंगे। गौतमबुद्धनगर में 600 से अधिक परिषदीय विद्यालय संचालित हो रहे हैं। इनमें 80 हजार से अधिक छात्र-छात्राएं पढ़ाई कर रहे हैं।

बच्चों की शिक्षा पर सरकार की तरफ से करोड़ों रुपए खर्च किए जाते हैं। छात्रों को पाठ्य पुस्तकों के साथ-साथ जूते-मोजे, स्वेटर और मध्यान भोजन भी दिया जाता है। अब शासन ने परिषदीय विद्यालय के शिक्षकों को हाईटेक बनाने का निर्णय किया है।

एक स्कूल में इंचार्ज या प्रधानाध्यापक को टेबलेट दिया जाएगा। इससे पहले उन्हें एक महीने की ऑनलाइन ट्रेनिंग भी दी जाएगी। ट्रेनिंग पूरी होने के बाद शिक्षकों को टेबलेट दे दिया जाएगा।

## राशिफल ज्योतिष गुरु राजेश जी

### मेष

(चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)

आज बड़े आर्थिक लाभ के संकेत हैं। सफलता के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं, आज उसका अच्छा नतीजा मिलेगा। आपके सितारे आपका साथ दे रहे हैं इसलिए छोटी या बड़ी किसी भी अवधि की योजना में आपके किए गए प्रयासों के आज अच्छे परिणाम सामने होंगे। यदि आप अपने आप को कार्य के सही प्रवाह में डालना चाहते हैं तब सहकर्मियों से हाथ मिलाकर चलना जरूरी है।

**भाग्यांक:** 1
**विशेष:** गुड़ का दान कर दे।

### वृष

(ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)

आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आपका मन कोई नया काम शुरू करने का कर सकता है। कारोबार में बदलाव लाने की कोशिश करेंगे। जिसमें आप सफल भी रहेंगे। आपकी सोचने और स्पष्ट निर्णय लेने की क्षमता से लोग काफी प्रभावित होंगे। विद्यार्थी किसी नई संस्था में एडमिशन लेने का मन बनाएगें। रुका हुआ पैसा आज वापस मिलेगा। आर्थिक स्थिति अच्छी बनी रहेगी। आज आपके मन में कई तरह की बातें एक साथ चलेंगी।

**भाग्यांक:** 9
**विशेष:** कुत्ते को दूध पिलाएं।

### मिथुन

(का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा)

परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा। वाक्माधुर्य से आप अपना निर्धारित कार्य कर सकेंगे। आरोग्य अच्छा रहेगा। बौद्धिक चर्चा में न पड़े। भोजन में मिष्ठान्न मिल सकता है। आपके अंदर नई उर्जा का संचार होगा। आज आप अपनी बुद्धि और कौशल से बड़ी से बड़ी समस्या का हल निकाल लेंगे। शेयर बाजार से मुनाफा हो सकता है। कारोबार में भी इजाफा होगा। आमदनी के नए माध्यम नजर आएंगे।

**भाग्यांक:** 7
**विशेष:** शुद्ध सूती कपड़े का दान करें।

### कर्क

(ही, हूं ,हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)

आज आप अपने परिजनों की जिंदगी को प्यार से भर दें। दिन परिवार के साथ बिताने का है। आपके परिजन आपके प्यार को सराहेंगे। आज आपकी दोस्ती में भी और मजबूती आएगी। आप अपनी ऊर्जा और समय का प्रयोग अपने रिश्तों को और मजबूत बनाने में करेंगे। आप व्यापार में हैं तो आपके लिए बहुत बढ़िया दिन है। व्यापार में लाभ के संकेत हैं और कोई आर्थिक समस्या है तो वह दूर हो जाएगी।

**भाग्यांक:** 9
**विशेष:** गुड़ से बना हलवा बनवा कर बैठे।

### सिंह

(मा, मी ,मू, में, मो, टा, टी, टू, टे)

आज दिन आपके लिए कुछ सरप्राइज लेकर आया है। आज कुछ ऐसा जिसके पूरा होने का आप काफी लंबे समय से इंतजार कर रहे थे, आज पूरी हो जाएगी। आप जिन प्रयासों को व्यर्थ मान चुके थे आज उनका फल भी आपको मिलने वाला है। अगर आप नौकरीपेशा वाले हैं तो दफ्तर में काम का बोझ बढ़ सकता है, जिससे आप थकान का अनुभव करेंगे। बेहतर होगा की कुछ कार्य सहकर्मियों को दे दें या कल के लिए रख दें।

**भाग्यांक:** 9
**विशेष:** पूजा-स्थल पर नाग की छोटी प्रतिमा रखे।

### कन्या

(टो ,पा, पी, पू, ष, ष, ण, ठ, पे, पो)

प्रभावशाली लोगों का सहयोग आपके उत्साह को दोगुना कर देगा। रिश्तेदारों के साथ अपने संबंधों को फिर तरोताजा करने का दिन है। दिनचर्या अच्छी रहेगी। धन का लाभ होगा। कोई रुका हुआ कार्य पूरा हो सकता है। प्रियजन से मुलाकात होगी। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आज आपके कामकाज में कुछ परेशानियां उत्पन्न हो सकती है। घर में किसी को स्वास्थ्य से संबंधित दिक्कते हो सकती है।

**भाग्यांक:** 7
**विशेष:** चलते हुए साधु को कुछ दान कर दें।

### तुला

(रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते, )

नवीन काम के साथ ढेर सारे उत्तरदायित्व भी सामने आएंगे। आपको संस्थान के प्रतिमान के साथ चलने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। संस्थान के किसी तकनीकी काम में आपकी प्रतिभा का परिचय मिलेगा। यदि कड़ी मेहनत से काम करेंगे तो आप एक विजेता के रूप में उभरेंगे। आज व्यवसायिक संपत्ति लेन देन करना आपके फायदे में होगा। ध्यान व्यायाम में लगाएं, इससे आप खुद को ऊर्जावान् महसूस करेंगे।

**भाग्यांक:** 7
**विशेष:** शराब सिगरेट का प्रयोग न करें।

### वृश्चिक

(तो, ना ,नी, नू, ने, नो, या, यी, यू, )

आज का दिन सुनहरे पल लेकर आया है। ज्यादातर चीजें आपके मन के मुताबिक पूरी होंगी। मन प्रसन्न रहेगा। परिवार के सभी सदस्यों के रिश्तों में मिठास बढ़ेगी। इस राशि के छात्र आज प्रोफेशनल एजुकेशन के लिए कुछ सार्ट-टर्म कोर्स ज्वॉइन कर सकते हैं। अगर कहीं घूमने जा रहे हैं तो आज का दिन बेहतरीन है। मौसम सुहाना देखकर जगह-जगह पर सेल्फी लेने का मन करेगा। स्वास्थ्य आज पहले से बेहतर रहेगा।

**भाग्यांक:** 9
**विशेष:** शिवजी के मंदिर के बाहर ठंडई बाटे।

### धनु

(ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)

क्रोध और वाणी पर संयम बरतना होगा। आज रोगों के इलाज के पीछे धन के खर्च होने की संभावना है। ऐसे विवादास्पद मुद्दों पर बहस करने से बचें, जो आपके और प्रियजनों के बीच गतिरोध पैदा कर सकते हैं। दूर के स्थानों में दूर संचार द्वारा संपर्क होगा और वह लाभदायक रहेगा। काम के बीच-बीच में थोड़ा आराम करें और देर रात तक काम न करें। अपने अतिरिक्त धन को सुरक्षित जगह पर रखिए।

**भाग्यांक:** 6
**विशेष:** गणेश मंदिर में झंडा दान कर दे।

### मकर

(भो, जा, जी, खी, खू, खा, गा, गी)

काम और वित्तीय क्षेत्र में उत्पादक रहेगा। सोची हुई पदोन्नति भी आपको मिल चुकी है। आपको अपने समर्पण और निरंतरता का प्रतिफल मिल रहा है। आपका सावधानी पूर्वक किया गया कार्य आपके आर्थिक दबाव को काफी हद तक कम कर सकता है। पूंजी निवेश करते समय आपको व्यवसाय के नए-नए तरीके अपनाने चाहिए। इसके लिए किसी अनुभवी से सलाह लेनी चाहिए।

**भाग्यांक:** 6
**विशेष:** मंदिर में लड्डू का प्रसाद बांटे।

### कुंभ

(गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो ,दा)

आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। व्यावसायिक दृष्टि से दिन फायदेमंद रहेगा। आपके सभी काम में आत्मविश्वास की झलक दिखेगी कई दिनों से चली आ रही बाधाएं सॉल्व हो जाएंगी। आपकी संवाद कुशलता पहले से बेहतर रहेगी। जिससे लोगों को अपनी बात आप लोगों को आसानी से समझा पाएंगे। समय के महत्व को पहचान कर आप लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में काम करेंगे।

**भाग्यांक:** 4
**विशेष:** शिवलिंग पर जल चढ़ाएं।

### मीन

(दी, दू ,थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)

वाणी पर संयम रखना अतिआवश्यक है। दिन छात्रों के लिए थोड़ा मुश्किल भरा हो सकता है। पढ़ते समय एकाग्रता बनाने के लिए मेहनत करनी पड़ेगी। यात्रा और शिक्षा से जुड़े काम आपकी जागरुकता में वृद्धि करेंगे। व्यवसाय संबंधी परेशानियां हल होंगी। निजी जीवन से संबंधित परेशानियां झेल रहे लोगों को अपनों के लिए समय निकालना चाहिए खर्च की चिंता से मन अशांत रह सकता है।

**भाग्यांक:** 1
**विशेष:** सूर्य देव को जल अर्पित करें।

पायनियर
हरियाणा, रविवार, 17 जनवरी, 2021



# इस तरह के स्ट्रोक्स खेलता रहूंगा: रोहित शर्मा

## लियोन पर उस शॉट खेलने का कोई पछतावा नहीं

एजेंसी। ब्रिसबेन

**रोहित** शर्मा गलत समय पर आउट होने के कारण हो रही अपनी आलोचना को अच्छी तरह समझते है, लेकिन भारतीय उप कप्तान को नाथन लियोन की गेंद पर उस शॉट को खेलने का कोई पछतावा नहीं है और उन्होंने कहा कि यह गेंदबाजों को दबाव में लाने का उनका तरीका है। रोहित 74 गेंद में 44 रन की पारी के दौरान अच्छी लय में दिख रहे थे, लेकिन लियोन की गेंद को मिडविकेट पर उठाने की कोशिश में आउट हो गए और यह उसी तरह का शॉट है जो टेस्ट मैचों में शुरू में भी उनके आउट होने का कारण बनता था।

रोहित ने दिन का खेल समाप्त होने के बाद वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, आपके पास हमेशा एक योजना होती है और वास्तव में मुझे उस शॉट को खेलने का कोई पछतावा नहीं है। मैं हमेशा गेंदबाजों पर दबाव बनाना चाहता हूं। नाथन लियोन चतुर गेंदबाज है और उसने मुझे ऐसी गेंदबाजी की जिसमें मेरे लिए गेंद को कुछ ऊपर उठाना मुश्किल हो गया। कमेंटरी बॉक्स में उनके शॉट चयन की आलोचना की गई। रोहित अच्छी शुरुआत कर बड़ा स्कोर बना सकते थे जिससे भारत का स्कोर स्टंप तक दो विकेट पर 62 रन हो गया। रोहित निराशा को समझते हैं, लेकिन उन्होंने बताया कि उन्होंने इस तरह का स्ट्रोक क्यों खेला। उन्होंने कहा, ऐसा नहीं है कि यह (वो शॉट) कहीं से भी आ गया। यह ऐसा शॉट है जो मैं पहले भी अच्छा खेलता रहा हूं। मैं इस शॉट को खेलना चाहता हूं और इस टीम में इसी तरह की भूमिका निभाता हूं। जब ऐसा होता है तो यह खराब दिखता है लेकिन मैं ज्यादा नहीं सोचता क्योंकि मेरा ध्यान इस ओर होता है कि जब मैं क्रीज पर पहुंच जाऊं तो उपयोगी साबित हूं। इस सीनियर खिलाड़ी ने इस शॉट को खेलने के अपने इरादे के बारे में कहा, ऐसा कहने का मतलब है कि मैं एक प्रक्रिया का पालन करना चाहता हूं। कभी कभार आप आउट हो जाते हो और कभी कभार यह रस्सी के ऊपर से चला जाता है। लेकिन ईमानदारी से कहूं तो मेरा आउट होना दुर्भाग्यपूर्ण और दुखद रहा। जैसा कि मैंने कहा कि ये मेरे शॉट हैं और मैं इन्हें खेलना जारी रखूंगा। जैसा कि वह हमेशा ही कहते हैं कि उनके पास अपने आलोचकों की बातों पर सोचने के लिए ज्यादा समय नहीं है, वह इसके बजाय ध्यान उस भूमिका पर लगाना चाहेंगे जो उनकी टीम उनसे चाहती है।

### टीम ने मुझ पर काफी भरोसा दिखाया है

रोहित ने कहा, टीम ने मुझ पर काफी भरोसा दिखाया है। टीम मुझसे जो चाहती है, मुझे वहीं करना होगा और कहीं भी कुछ होता है, उसके बारे में चिंता नहीं करनी, भले ही लोग कुछ भी बात करते रहें। रोहित ने अपनी सभी तीन पारियों में 27 और 52 (सिडनी में) से और यहां 44 रन बनाकर शुरुआत की। उन्होंने सिडनी में और यहां ब्रिसबेन में आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों को बखूबी निपटने के लिए तकनीकी सांमजस्य बिठाने के बारे बात करते हुए कहा, सिडनी में ज्यादा उछाल नहीं था इसलिए मैं लेग स्टंप की ओर रह रहा था और यहां मैं जानता था कि दो दांहिने हाथ के गेंदबाज (पैट कमिंस और जोश हेजलवुड) किस लाइन एवं लेंथ में गेंदबाजी करेंगे, वे हमेशा आपको ऑफ स्टंप के बाहर करने की कोशिश करते रहते हैं। इसलिए यहां मैं थोड़ा ऑफ स्टंप की ओर था।



## संक्षिप्त समाचार

### आस्ट्रेलिया ओपन शुरू होने से पहली ही दो कोरोना संक्रमित

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलियाई ओपन के लिए लॉस एजिलिस से खिलाड़ियों, कोचों और अधिकारियों को लेकर यहां पहुंची चार्टर्ड फ्लाइट में दो व्यक्ति कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। पॉजिटिव पाए गए व्यक्तियों में हवाई चालक दल का एक सदस्य और एक यात्री शामिल है जो खिलाड़ी नहीं है। इसके बावजूद अब इस उड़ान में मौजूद सारे यात्री 14 दिन होटल के कमरों से बाहर नहीं निकल सकेंगे और खिलाड़ी अभ्यास नहीं कर पाएंगे। विक्टोरिया प्रांत के स्वास्थ्य विभाग ने एक बयान में कहा, हवाई चालक दल का एक सदस्य और आस्ट्रेलियाई ओपन का प्रतिभागी (जो खिलाड़ी नहीं है) कोरोना जांच में पॉजिटिव पाए गए हैं। इसमें कहा गया, बाकी सभी 66 सहयात्रियों को करीबी संपर्क में आया माना जा रहा है। ये अब पृथकवास छोड़कर अभ्यास नहीं कर सकेंगे। बाकी सभी चालक दल के सदस्य नेगेटिव आए हैं और अपने अपने शहर बिना यात्रियों के जाने की अनुमति मिल गई है। आस्ट्रेलियाई ओपन के टूर्नामेंट निदेशक क्रेग टिले ने एक बयान में कहा कि उड़ान में मौजूद 24 खिलाड़ी 14 दिन तक होटल के अपने कमरे में रहेंगे जब तक उनकी रिपोर्ट नेगेटिव नहीं आ जाती। इस उड़ान में दो बार की चैंपियन विक्टोरिया अजारेंका और केइ निशिकोरि भी शामिल थे। आस्ट्रेलिया ओपन आठ फरवरी से शुरू होना है। कोरोना महामारी के कारण सत्र का पहला ग्रैंडस्लैम तीन सप्ताह की देरी से शुरू होगा।

### दक्षिण अफ्रीका टेस्ट श्रृंखला के लिए पाकिस्तान पहुंचा

**इस्लामाबाद।** दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम 14 साल के बाद पाकिस्तान में पहली बार टेस्ट श्रृंखला के लिए शनिवार को कराची पहुंची। टीम ने पिछली बार 2007 में टेस्ट श्रृंखला के लिए पाकिस्तान का दौरा किया था। अफ्रीकी टीम ने तब दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला को 1-0 से जीता था। पाकिस्तान ने इसके बाद 2010 और 2013 में दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में किया था। लाहौर में श्रीलंकाई टीम की बस पर 2009 में हुए आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को यूएई को अपना घरेलू स्थल चुनना पड़ा था। दक्षिण अफ्रीकी टीम को मौजूदा दौरे पर कराची (26 से 30 जनवरी) और रावलपिंडी (चार से आठ फरवरी) में दो टेस्ट मैचों के बाद तीन मैचों की टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला (11 फरवरी से) में भाग लेना है। **दक्षिण अफ्रीका टीम:** क्विंटन डी कॉक (कप्तान), एडेन मार्कराम, डीन एल्गर, फाफ डु प्लेसिस, तेम्बा बावुमा, कागिसो रबाडा, ड्वेन प्रीटोरियस, केशव महाराज, लुंगी एनगिडी, रासी वान डर डुसेन, एनरिक नार्जे, वायन मुल्डर, लूथो सिप्लामला, बेउरान हेंड्रिक्स काइन वेंयन्ने, सेरेल इरवे, कीगन पीटरसेन, तबरेज शम्सी, जॉर्ज लिंडे, डेरेन डुपावलिन, मार्को जानसन।

### विश्व गोल्फ चैंपियनशिप मैक्सिको की बजाय फ्लोरिडा में

**बाडेंटन।** विश्व गोल्फ चैंपियनशिप कोरोना वायरस महामारी के कारण मैक्सिको सिटी की बजाय इस साल फ्लोरिडा में आयोजित की जाएगी। पीजीए टूर ने शुक्रवार को खिलाड़ियों को इसकी सूचना दी। यह चैंपियनशिप 25 से 28 फरवरी तक कंसेशन गोल्फ क्लब पर आयोजित होगी। टूर ने कहा कि 2022 में इसका आयोजन मैक्सिको सिटी में होगा। कोरोना महामारी के कारण यात्रा संबंधी पाबंदियों और दर्शकों के नहीं होने से राजस्व में कमी के कारण यह फैसला लिया गया।

### लाहिड़ी ने सोनी ओपन में कट हासिल किया

**होनोलूलू।** भारतीय गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी ने यहां सोनी ओपन के दूसरे दौर में पांच अंडर 65 के शानदार कार्ड के साथ कट हासिल किया। पहले दौर में 69 का कार्ड खेलने वाले लाहिड़ी ने दूसरे दौर में आठ बर्डी और तीन बोगी लगाए जिससे वह संयुक्त 72वें से संयुक्त 35वें स्थान पर पहुंच गए। इस टूर्नामेंट में पांच अंडर 65 का स्कोर उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। तीन साल में पहली बार सोनी ओपन में कट हासिल करने के बाद उन्होंने कहा, मैं जानता था कि मुझे बहुत सारे बर्डी लगाने होंगे। मैं खुश हूं कि कुछ अच्छे शॉट लगा सका। निक टेलर (62) 12 अंडर के स्कोर के साथ शीर्ष पर है जबकि पांच खिलाड़ी उनके दो शॉट पीछे संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है।

### फरवरी में होगी ऑनलाइन स्पीड किकिंग चैंपियनशिप

**मुंबई।** भारतीय ताइक्वांडो ने घोषणा की कि उसकी पहली स्पीड किकिंग चैंपियनशिप वर्चुअली 14 से 18 फरवरी तक आयोजित की जाएगी। टूर्नामेंट के प्रारूप के अनुसार एथलीट को एक मिनट के अंदर ज्यादा से ज्यादा किक लगाने होंगे। मीडिया में जारी विज्ञप्ति के अनुसार प्रतिभागियों को ऑनलाइन जजों द्वारा अंक दिए जाएंगे जो किक की संख्या और पूर्ण प्रदर्शन के हिसाब से होंगे।

# आस्ट्रेलिया के 369 रन के जवाब में भारत ने रोहित-गिल को गंवाया

एजेंसी। ब्रिसबेन

**रोहित** शर्मा एक बार फिर गैर जिम्मेदाराना शॉट खेलकर अपना विकेट गंवा बैठे जिससे आस्ट्रेलिया के पहली पारी के 369 रन के जवाब में चौथे क्रिकेट टेस्ट के वर्षाबाधित दूसरे दिन भारत अच्छी शुरुआत से वंचित रह गया। भारी बारिश के कारण चाय ब्रेक के बाद खेल नहीं हो सका। उस समय भारत का स्कोर दो विकेट पर 62 रन था। रोहित शर्मा ने शानदार शुरुआत करते हुए 74 गेंद में 44 रन बनाए, लेकिन एकाग्रता टूटने का उन्हें खामियाजा भुगतना पड़ा। अपना सौवां टेस्ट खेल रहे नाथन लियोन ने उन्हें डीप में मिशेल स्टार्क के हाथों लपकवाया। इससे पहले शुभमन गिल (सात) ने पैट कमिंस की गेंद पर स्टीव स्मिथ को कैच थमाया। चाय ब्रेक के समय चेतेश्वर पुजारा आठ और अजिंक्य रहाणे दो रन बनाकर खेल रहे थे। दोनों ने ब्रेक से पहले 37 गेंद में महज दो रन बनाए।

रोहित ने कमिंस और जोश हेजलवुड को बखूबी खेला और अपनी पारी में छह चौके भी लगाए। उन्होंने दूसरे विकेट के लिए 49 रन की साझेदारी भी की, जबकि पुजारा दूसरा छोर संभालकर खेलते रहे। इससे पहले भारत के युवा और अनुभवहीन गेंदबाजों ने बेहद अनुशासित प्रदर्शन करते हुए आस्ट्रेलिया के आखिरी पांच विकेट पहले ही सत्र में लेकर उसे पहली पारी में 369 रन पर आउट कर दिया। शारदुल ठाकुर ने 94 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि पहला टेस्ट खेल रहे वाशिंगटन सुंदर ने 89 और टी नटराजन ने 78 रन देकर तीन तीन विकेट चटकाए। लंच से पहले आस्ट्रेलिया ने 95 रन के भीतर पांच विकेट गंवा दिए। अपने प्रमुख खिलाड़ियों की चोटों से जूझ रही भारतीय टीम के इन गेंदबाजों का प्रदर्शन इसलिए भी काबिले तारीफ है कि इनके पास टेस्ट क्रिकेट का अनुभव नहीं है और सामने आस्ट्रेलिया जैसा प्रतिद्वंद्वी है। पांच मुख्य गेंदबाजों के चोट के कारण नहीं खेल पाने से भारत को नेट गेंदबाज नटराजन और सुंदर को इस मैच में उतारना पड़ा। नाथन लियोन ने 22 गेंद में 24 और मिशेल स्टार्क ने 35 गेंद में 20 रन बनाकर आस्ट्रेलिया को 350 रन के पार पहुंचाया। आस्ट्रेलिया ने गाबा पर 350 से अधिक रन बनाने के बाद कभी कोई टेस्ट नहीं गंवाया है। अपने शुक्रवार के स्कोर पांच विकेट पर 274 रन से आगे खेलते हुए टिम पेन (50) और कैमरन ग्रीन (47) ने 98 रन की साझेदारी पूरी की।

ठाकुर ने पेन को दूसरी स्लिप में रोहित शर्मा के हाथों लपकवाकर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद ग्रीन की भी एकाग्रता टूटी और वह सुंदर की गेंद पर बोल्ड होकर पवेलियन लौट गए। पैट कमिंस को ठाकुर ने पगबाधा आउट किया। आस्ट्रेलिया का स्कोर पांच विकेट पर 311 रन से आठ विकेट पर 315 रन हो गया। इसके बाद स्टार्क और अपना सौवां टेस्ट खेल रहे लियोन ने 39 रन जोड़े और टीम को 350 रन के पार पहुंचाया। सुंदर ने लियोन को बोल्ड किया जबकि नटराजन ने जोश हेजलवुड को आउट करके आस्ट्रेलियाई पारी का अंत किया।



### स्कोर बोर्ड

**भारत पहली पारी**

| | |
|---|---|
| रोहित शर्मा का स्टार्क बो लियोन | 44 |
| शुभमन गिल का स्मिथ बो कमिंस | 7 |
| चेतेश्वर पुजारा नाबाद | 8 |
| अजिंक्य रहाणे नाबाद | 2 |

**गेंदबाजी**

| | |
|---|---|
| स्टार्क | 3-1-8-0 |
| हेजलवुड | 8-4-11-0 |
| कमिंस | 6-1-22-1 |
| ग्रीन | 3-0-11-0 |
| लियोन | 6-2-10-1 |

**अतिरिक्त :** एक रन

**विकेटपतन :** 1.11, 2.60

### गीली आउटफील्ड के कारण दूसरे दिन का खेल बाधित

**ब्रिसबेन।** बारिश और गीली आउटफील्ड के कारण भारत और आस्ट्रेलिया के बीच चौथे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन आखिरी सत्र का खेल बाधित हुआ। उस समय तक आस्ट्रेलिया के 369 रन के जवाब में भारत ने चाय ब्रेक तक दो विकेट पर 62 रन बना लिए थे। ब्रेक के साथ ही बारिश शुरू हो गई थी।

**आस्ट्रेलिया के पहली पारी में 369 रन:** भारत के खिलाफ चौथे और आखिरी क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन शनिवार को आस्ट्रेलियाई टीम लंच तक पहली पारी में 369 रन पर आउट हो गई। शुक्रवार के नाबाद बल्लेबाज कप्तान टिम पेन ने 50 और कैमरन ग्रीन ने 47 रन बनाए। इससे पहले कल मार्नस लाबुशेन ने 108 रन बनाए थे।

## वाशिंगटन ने अनुशासित और अश्विन के स्थान पर काफी अच्छी गेंदबाजी की: मैकडोनल्ड

एजेंसी। ब्रिसबेन



**आस्ट्रेलिया** के सहायक कोच एंड्यू मैकडोनल्ड ने शनिवार को अंतिम टेस्ट के लिए भारत के अनुभवहीन गेंदबाजी आक्रमण की सराहना की और विशेषकर वाशिंगटन सुंदर की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस युवा ऑफ स्पिनर ने रविचंद्रन अश्विन की जगह उतरकर काफी अच्छी गेंदबाजी की। श्रृंखला के दौरान कई खिलाड़ियों के चोटिल होने के कारण भारत ने शुक्रवार को पदार्पण करने वाले वाशिंगटन (89 रन देकर तीन विकेट) और मध्यम गति के गेंदबाज टी नटराजन (78 रन देकर तीन विकेट) को अंतिम एकादश में शामिल किया। ये दोनों नेट गेंदबाज के तौर पर टीम के साथ थे।

मैकडोनल्ड ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के बाद वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मुझे लगा कि वे (भारतीय गेंदबाज) काफी निरंतर रहे। मुझे लगा कि विशेषकर वाशिंगटन सुंदर काफी अनुशासित था और उसने रवि अश्विन के स्थान पर उनकी भूमिका को अच्छी तरह निभाया और कसी गेंदबाजी की और वह इस दौरान कुछ विकेट भी हासिल करने में सफल रहा। इंडियन प्रीमियर लीग में कोचिंग देने वाले मैकडोनल्ड मध्यम गति के गेंदबाज नटराजन से भी काफी प्रभावित थे। उन्होंने कहा, इसलिए मुझे लगता है कि वह ऐसा गेंदबाज है, जिसने खेल की लय पर लगाम कसे रखी और मैं इससे काफी प्रभावित हुआ। उन्होंने कहा, नटराजन भले ही अनुभवहीन हो लेकिन वह इस दौरे पर अपना पहला टेस्ट मैच खेलने के लिए काफी प्रथम श्रेणी मैच खेल चुके हैं और यह शानदार उपलब्धि है इसलिए मुझे लगता है कि उन्होंने अच्छा किया। बाएं हाथ के गेंदबाज ने दौरे पर सीमित ओवरों के चरण में अपनी गेंदबाजी से प्रभावित किया था, जिससे पहले उन्होंने आईपीएल में शानदार प्रदर्शन से भारतीय टीम में जगह बनाई थी। आस्ट्रेलियाई टीम बारिश से बाधित दूसरे दिन के पहले सत्र में 369 रन पर सिमट गई। वाशिंगटन और नटराजन की तरह शारदुल ठाकुर ने भी तीन विकेट चटकाए।

आस्ट्रेलिया के 39 वर्षीय सहायक कोच ने कहा, उन्होंने (भारतीय गेंदबाजों ने) पूरी पारी के दौरान दबाव बनाए रखा और उन्होंने हमारे लिए मुश्किल कर दी। ऐसे समय में जब हमें लगा कि हम हावी हो जाएंगे, वे वापसी करने में सफल रहे और अहम मौकों पर हमारे महत्वपूर्ण विकेट झटकते रहे। इसलिए पूरा श्रेय उनके आक्रमण को जाता है।

### रोहित ने नटराजन और अन्य गेंदबाजों की प्रशंसा की

**ब्रिसबेन।** भारतीय उप कप्तान रोहित शर्मा थांगारासु नटराजन के मजबूत व्यक्तित्व से काफी प्रभावित हैं और उनका मानना है कि तमिलनाडु का बाएं हाथ का यह गेंदबाज शीर्ष स्तर पर सफलता हासिल करने की भूख की बदौलत अच्छा प्रदर्शन करता रहेगा। नटराजन टीम के साथ नेट गेंदबाज के तौर पर आए थे। उन्होंने गेंदबाज मोहम्मद सिराज, वाशिंगटन सुंदर और शारदुल ठाकुर के साथ मिलकर आस्ट्रेलिया को पहली पारी में 369 रन पर समेट दिया और रोहित के अनुसार यह किसी उपलब्धि से कम नहीं। रोहित ने पदार्पण करने वाले नटराजन (78 रन देकर तीन विकेट) के बारे में कहा, ईमानदारी से कहूं तो नटराजन ने काफी अच्छी गेंदबाजी की। देश के बाहर (अंतरराष्ट्रीय टेस्ट में) वह पहली बार खेल रहा है और इतने अपार अनुभवी बल्लेबाजों को गेंदबाजी कर रहा था, यह इतना आसान नहीं था और वह कोई दबाव में भी नहीं था।

## बड़ौदा की विजई लय जारी महाराष्ट्र को 60 रन से हराया

**मुश्ताक अली**

**वड़ोदरा।** बड़ौदा ने शनिवार को यहां सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी-20 टूर्नामेंट में जीत की लय जारी रखते हुए एलीट सी ग्रुप मैच में महाराष्ट्र पर 60 रन से जीत दर्ज की। यह लीग चरण में बड़ौदा की लगातार चौथी जीत है, इससे पहले उसने पहले तीन मुकाबलों में उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और छत्तीसगढ़ को हराया था।

बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद बड़ौदा ने कार्यवाहक कप्तान केदार देवधर की 71 गेंद में नाबाद 99 रन की पारी से चार विकेट पर 158 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। मध्यम गति के गेंदबाज अतीत सेठ (17 रन देकर चार विकेट) ने फिर महाराष्ट्र को महज 98 रन पर समेटने और अपनी टीम को पूरे चार अंक दिलाने में अहम भूमिका अदा की। पिता के निधन के बाद नियमित कप्तान कृणाल पंड्या के बायो-बबल छोड़ कर जाने के बाद देवधर को कप्तानी की जिम्मेदारी सौंपी गई, जिन्होंने महाराष्ट्र के कमजोर आक्रमण का फायदा उठाया। बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज ने अपनी पारी के दौरान 11 चौके और चार छक्के जमाए तथा दूसरे छोर से विकेट गिरने के बावजूद एक छोर पर डटे रहे।

## असम ने बंगाल को हरा उलटफेर किया, तमिलनाडु का शानदार प्रदर्शन जारी

**कोलकाता।** कप्तान रियान पराग के हरफनमौला खेल के दम पर असम ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी-20 टूर्नामेंट के एलीट ग्रुप बी के मैच में शनिवार को बंगाल को 13 रनों से हराकर उलटफेर किया। ग्रुप के एक अन्य मैच में तमिलनाडु ने हैदराबाद को हराकर लगातार चौथी जीत के साथ तालिका में शीर्ष पर जगह बना ली है। पहले बल्लेबाजी का न्यौता मिलने पर पराग की 54 गेंद में 77 रन की पारी से असम ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 157 रन बनाने के बाद बंगाल को आठ विकेट पर 144 रन पर रोक दिया। पराग ने अपनी पारी में पांच छक्के और इतने ही चौके लगाए।

## पंड्या भाइयों के पिता का निधन, कृणाल बायो बबल से बाहर

एजेंसी। वडोदरा

**भारतीय** हरफनमौला हार्दिक पंड्या और उनके भाई कृणाल के पिता हिमांशु का शनिवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 71 वर्ष के थे। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में बड़ौदा की कप्तानी कर रहे कृणाल परिवार के पास पहुंचने के लिए टूर्नामेंट के लिए बनाए गए बायो बबल से बाहर निकल गए हैं। संघ के सचिव अजित लेले ने यह जानकारी दी। हार्दिक यह टूर्नामेंट नहीं खेल रहे हैं क्योंकि वह इंग्लैंड के खिलाफ आगामी श्रृंखला की तैयारी में जुटे हैं। वह भी मुंबई से वडोदरा रवाना हो गए। हिमांशु ने अपने बेटों की सफलता में बड़ी भूमिका निभाई थी।



कृणाल ने उत्तराखंड के खिलाफ पहले मैच में 76 रन बनाए और तीन मैचों में चार विकेट भी ले चुके हैं। भारतीय कप्तान विराट कोहली और चैंपियन बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर समेत क्रिकेट जगत ने पंड्या के पिता के निधन पर शोक व्यक्त किया। कोहली ने ट्वीट किया, हार्दिक और कृणाल के पिता के निधन का सुनकर दुखी हूं। कई बार उनसे बात हुई है और वह काफी जिंदादिल इंसान थे। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे और तुम दोनों को हिम्मत। तेंदुलकर ने लिखा, आपके पिता के निधन के बारे में सुनकर दुख हुआ। आपके परिवार और दोस्तों के प्रति संवेदना। ईश्वर इस कठिन समय से निकलने की ताकत दे। भारत के पूर्व हरफनमौला युवराज सिंह ने लिखा, आपके पिता के निधन के बारे में सुनकर काफी दुखी हूं। इस असामयिक क्षति पर मेरी हार्दिक संवेदनाएं। हिम्मत बनाए रखें। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज इरफान पठान ने ट्वीट किया, पहली बार अंकल से मोतीबाग में मुलाकात हुई थी। वह हमेशा चाहते थे कि उनके बेटे अच्छा क्रिकेट खेलें। आपको और आपके परिवार को मेरी संवेदना। ईश्वर इस संकट के समय से निकलने की शक्ति दे।

## भारतीय प्रशंसक ने एससीजी में तीसरे टेस्ट के दौरान नस्लवाद की शिकायत की

**सिडनी।** भारतीय क्रिकेट टीम के एक प्रशंसक ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी क्रिकेट मैदान (एससीजी) पर खेले गए तीसरे टेस्ट मैच के पांचवें दिन सुरक्षा अधिकारी पर नस्लीय टिप्पणी और दुर्व्यवहार का आरोप लगाया, जिसके बाद इस मैदान के अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं।

इससे पहले भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को इस ड्रा टेस्ट मैच के तीसरे और चौथे दिन दर्शकों द्वारा नस्लीय दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ा था। सिडनी निवासी कृष्ण कुमार ने गुरुवार को एनएसडब्ल्यू (न्यू साउथ वेल्स) के विधिक आधिकारी से मुलाकात कर आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई।

## अर्जेंटीना दौरे से तैयारियों के बारे में पता चलेगा : हॉकी कप्तान रानी

एजेंसी। ब्यूनस आयर्स

**भारतीय** महिला हॉकी टीम की कप्तान रानी रामपाल का मानना है कि कोविड-19 महामारी के कारण दुनिया भर में प्रतियोगिताओं के रुकने के लगभग एक साल बाद अर्जेंटीना दौरे से खेल के स्तर के बारे में पता चलेगा। यह महिला टीम अंतरराष्ट्रीय मैचों को फिर से शुरू करने वाली भारत की पहली हॉकी टीम बनेगी, जिसे अर्जेंटीना दौरे पर खेले जाने वाले आठ मैचों के पहले मुकाबले को रविवार को खेलना है।

हॉकी इंडिया से जारी मीडिया विज्ञप्ति में रानी में कहा, यह दुनिया भर में खेल से जुड़े लोगों के लिए एक अजीब तरह का समय रहा है लेकिन हम जिस चीज से सबसे ज्यादा प्यार करते हैं उसे फिर से शुरू करने का एहसास सबसे अच्छा है। उन्होंने कहा, हम कुछ मजबूत टीमों के खिलाफ खुद को परखना चाहते हैं और यह भी समझना चाहते हैं कि फिलहाल हमारा स्तर क्या है। रानी ने कहा कि इस श्रृंखला में अच्छे प्रदर्शन से इस साल होने वाले ओलंपिक से पहले उनकी टीम का आत्मविश्वास बढ़ेगा। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि प्रतिस्पर्धी हॉकी को फिर से शुरू करने के मामले में यह दौरा हमारे लिए वास्तव में महत्वपूर्ण है। रानी ने कहा, हमारे लिए यह काफी अहम साल है और ऐसी मजबूत टीमों के खिलाफ के कड़ी मेहनत करके हम टोक्यो ओलंपिक के लिए बेहतर तैयारियों करने के अपने लक्ष्य की तरफ बढ़ सकेंगे। इस 26 साल की अग्रिम पंक्ति की खिलाड़ी ने कहा कि हम सब ओलंपिक वर्ष के महत्व को समझते है लेकिन लगभग एक साल तक प्रतियोगिताओं से दूर रहने के कारण लय हासिल करने में समय लगेगा।



## केरल के अजहरूद्दीन आईपीएल को लेकर चिंतित नहीं

**अपने खेल का उठा रहे है लुत्फ**

श्याम सुंदर। चेन्नई

**सैयद** मुश्ताक अली ट्रॉफी टी-20 टूर्नामेंट में मुंबई के खिलाफ 37 गेंद में शतकीय पारी खेल कर सुर्खिया बटोरने वाले केरल के बल्लेबाज मोहम्मद अजहरूद्दीन ने कहा कि वह अपने खेल का लुत्फ उठा रहे है, लेकिन अगले महीने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की खिलाड़ियों की नीलामी के बारे में नहीं सोच रहे है। केरल के लिए 2015 में पदार्पण करने वाले इस खिलाड़ी से जब अगले महीने वाले आईपीएल नीलामी के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि वह उसे लेकर चिंतित नहीं है।



### रणजी ट्रॉफी में कुछ और शतक लगाना चाहता हूं

अजहरूद्दीन ने कहा, इस साल तो नहीं। लेकिन मेरा कुछ लक्ष्य जरूर है, मैं आईपीएल खेलना चाहता हूं और रणजी ट्रॉफी में कुछ शतक लगाना चाहता हूं। केरल के इस खिलाड़ी से भारत के पूर्व कप्तान और हैदराबाद के दिग्गज बल्लेबाज मोहम्मद अजहरूद्दीन का अनुकरण करने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा उनके नाम से लेकर क्रिकेट कॅरियर का फैसला उनके बड़े भाई कमरूद्दीन ने किया। उन्होंने कहा, मैं दो-तीन बार उनसे मिला हूं। एक बार अपने गृहनगर में और दूसरी बार हैदराबाद में रणजी मैच खेलते समय जब वह घरेलू टीम के कोच थे। मैंने उन्हें मोहम्मद अजहरूद्दीन सर को बताया कि उनसे प्रेरित होकर मेरा नाम रखा गया था।

उन्होंने एजेंसी से कहा, मैं अच्छे लय में हूं। मैं आईपीएल नीलामी या किसी और चीज को लेकर चिंतित नहीं हूं। मेरा ध्यान आंध्र के खिलाफ होने वाले अगले मैच पर है। केरल के इस विकेटकीपर बल्लेबाज की यह पारी किसी भारतीय द्वारा टी-20 में खेली गई तीसरी सबसे तेज शतकीय पारी है। इस बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि इसके लिए उन्होंने कोई खास तैयारी नहीं की थी। उन्होंने कहा कि पूर्व कोच डेव वाटमोर ने उन्हें बल्लेबाजी क्रम में नीचे कर दिया था जिससे उनका खेल प्रभावित हुआ। अजहरूद्दीन ने कहा, मैं सलामी बल्लेबाज हूं, जब डेव वाटमोर कोच बने तो उन्होंने मुझे मध्यक्रम का बल्लेबाज बना दिया। टीम की जरूरत के मुताबिक मुझे बल्लेबाजी के लिए निचले क्रम में आना पड़ा, जो मेरे लिए ठीक नहीं था। मैंने मौजूदा कोच (टीनू योहानन) से पारी का अगाज करने देने की गुजारिश की। उन्होंने कहा, मैं सीधा खेलना चाहता हूं। तेज और स्पिन गेंदबाज के खिलाफ गेंद को स्ट्रेट में मारना मेरी एक ताकत है। मुंबई के खिलाफ विकेट अच्छी थी और आत्मविश्वास के साथ खेला। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य आईपीएल खेलना और रणजी ट्राफी में शतक बनाना है।

# कहां चले गए प्रदेश के कद्दावर किसान नेता

**हरियाणा और उत्तरप्रदेश ने किसानों को दो बड़े नेता दिए थे, जिन्होंने किसानों के हितों के लिए लंबा संघर्ष किया, उनमें से एक चौधरी चरण सिंह थे, जो प्रधानमंत्री पद तक पहुंच गए और दूसरे हरियाणा से ताऊ देवीलाल थे, जिन्होंने उपप्रधानमंत्री पद तक पहुंचने का गौरव मिला।**




सुभाष शर्मा

( लेखक राजनीतिक विश्लेषक हैं )


मंथन



हरियाणा और उत्तरप्रदेश ने किसानों को दो बड़े नेता दिए थे, जिन्होंने किसानों के हितों के लिए लंबा संघर्ष किया, उनमें से एक चौधरी चरण सिंह थे, जो प्रधानमंत्री पद तक पहुंच गए और दूसरे हरियाणा से ताऊ देवीलाल थे, जिन्होंने उपप्रधानमंत्री पद तक पहुंचने का गौरव मिला। आज इन दोनों नेताओं की अगली पीढ़ियां उन्हीं के नाम पर राजनीति कर रही है, बेशक अब उनमें वो दम नहीं है, लेकिन राजनीति वे अब भी किसान और कमेरे वर्ग की करते हैं। चौधरी चरण सिंह की विरासत उनके पुत्र चौधरी अजीत सिंह और उनके बेटे जयंत चौधरी संभाल रहे है, जबकि ताऊ देवीलाल की विरासत उनके भाई, बेटे और पोते, पड़पौते संभाल रहे है, जिनमें चौधरी रणजीत सिंह, अजय चौटाला, अभय चौटाला और उनके बेटे उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला वगैरहा शामिल हैं।

हरियाणा ने आजादी से पूर्व भी देश को सर छोटूराम जैसा किसानों के हितों की पैरवी देने वाला लीडर दिया था, लेकिन अब दोनों प्रदेशों के हालात बदले हुए हैं। उपरोक्त दिग्गज किसान नेताओं की विरासत पर राजनीति करने वालों को अब किसान नेता मानने को ही तैयार नहीं, क्योंकि अब उनके वारिस किसानों की कम सत्ता की राजनीति ज्यादा करते है। मौजूदा किसान आंदोलन को गौर से देखा जाए, तो हरियाणा से चौधरी देवीलाल परिवार से उनका कोई भी वारिस किसानों के आंदोलन का नेतृत्व करने मैदान में नहीं उतरा। देवीलाल के पुत्र रणजीत सिंह प्रदेश में निर्दलीय विधायक होते हुए कैबिनेट मंत्री के पद का सुख भोग रहे है। उनके पोते अजय चौटाला के परिवार से पत्नी नैना चौटाला और पुत्र दुष्यंत चौटाला गठबंधन के तहत उपमुख्यमंत्री का ताज पहने बैठे है और दूसरा पोता चौधरी ओमप्रकाश चौटाला का बेटा अभय चौटाला एक मात्र इनेलो से विधायक होने के बावजूद इस्तीफा देकर किसानों को नेतृत्व देने नहीं गए। हालांकि उन्होंने विधानसभा स्पीकर को एक कंडीशनल इस्तीफा जरूर भेजा है, जो मंजूर नहीं होगा, ऐसा अभय को भी पता है।

हरियाणा में किसान नेता के तौर पर देवीलाल परिवार के बजाए किसान भी गुरनाम सिंह चढ़ूनी को किसान नेता मान रहे है और उन्हीं के नेतृत्व में हरियाणा के किसान आंदोलरत है। वामपंथी विचारधारा के चढ़ूनी ने देवीलाल परिवार से किसान नेता कहलवाने का हक अपने संघर्ष से छीन लिया है वहीं सर छोटूराम जैसे दिग्गज किसान नेता की विरासत के बल पर सत्ता के शीर्ष पर रहे चौधरी विरेंद्र सिंह भी छोटे मोटे धरने और किसानों के पक्ष में नपा तुला बयान जारी कर घर में बैठे हुए हैं। कुल मिलाकर हरियाणा में किसानों के चौधरी कहलवाने वाले परिवारों की राजनैतिक जमीन अब खिसक चुकी है और किसान भी उन्हें अपना नेता मानने को तैयार नहीं। यहीं हालत उत्तर प्रदेश की है, किसान नेता चौधरी चरण सिंह की विरासत संभालने वाले उनके पुत्र चौ. अजीत सिंह और उनके बेटे जयंत चौधरी मौजूदा किसान आंदोलन में दूर-दूर तक नजर नहीं आए, अलबत्ता किसानों के पक्ष में बयान जारी वो समय-समय पर करते रहे हैं। दरअसल पश्चिमी उत्तर प्रदेश का किसान इस बात को समझ चुका है कि उनका इस्तेमाल कर अजीत सिंह ने अनेकों बार दल-बदल कर मंत्री पद का सुख भोगा है, लेकिन किसानों के हितों के लिए कभी काम नहीं किया, यही कारण है कि मौजूदा किसान आंदोलन में भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत ने उत्तर प्रदेश के किसानों का मोर्चा संभाला उनके पिता महेंद्र सिंह टिकैत भी इस क्षेत्र में बड़े किसान नेता रहे हैं। हालांकि इस किसान आंदोलन में उन पर आरोप भी लग रहे है कि इन किसान नेताओं की कमान पर्दे के पीछे किसी और के हाथ में चली गई है, लेकिन बावजूद इसके हरियाणा व उत्तर प्रदेश में दो बड़े किसान नेता इस आंदोलन में उभर कर सामने आए है, जिनमें राकेश टिकैत और गुरनाम सिंह चढ़ूनी प्रमुख है। राजनैतिक पंडितों का कहना है कि चौ. देवीलाल, चौ. चरण सिंह व सर छोटूराम की विरासत संभालने वाले उनके वंशज अब किसानों के बजाए जातियों की राजनीति करने में लगे है। ये लोग अब जाट मतदाताओं को संगठित कर किसी भी प्रकार से सत्ता में बने रहना चाहते है, जबकि इनके दादा-परदादा खाली किसान की राजनीति करते थे और जातपात मजहब को बीच में नहीं लाते थे, यही कारण है कि इन दिग्गजों के वारिसों को किसान अपना नेता मानने को तैयार नहीं है।

## बिल्ली के भागो कब छींका टूटे

किसान आंदोलन की आग में हाथ सेंकने वाले कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा इंतजार कर रहे थे कि बिल्ली के भागो कब छींका टूटे और कांग्रेस की सरकार फिर से हरियाणा में बन जाए। लेकिन मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने संयुक्त रूप से न केवल गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात कर प्रदेश के बदले राजनैतिक हालातों पर उन्हें अवगत कराया, बल्कि किसानों के आंदोलन में हरियाणा के किसानों की कितनी भागीदारी है, इस पर भी जानकारी दी, जिसके बाद शाह ने फिलहाल हरियाणा सरकार को सलाह दी कि कृषि कानूनों के समर्थन में कार्यक्रम करने से बचे। करनाल जिले में मुख्यमंत्री मनोहर के ऐसे ही कार्यक्रम को किसानों के एक गुट ने जबरन हुडदंग और तोड़फोड़ कर रोक दिया था, जिस पर किसान नेता गुरनाम सिंह चढ़ूनी सहित कई दर्जन लोगों पर नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई है। दुष्यंत चौटाला ने इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात कर हरियाणा की राजनैतिक स्थिति से उन्हें अवगत कराया।

## टिकैत के तेवर हुए ढीले

भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत दो दिन पूर्व तक धमकी दे रहे थे कि 26 जनवरी को किसानों की ट्रैक्टर रैली होकर रहेगी, यहां तक की सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित कमेटी को भी मान्यता देने से इनकार कर रहे थे, लेकिन 15 जनवरी को सरकार के साथ किसानों की बैठक के बाद बेशक कोई हल अभी नहीं निकला है, लेकिन एक बयान टिकैत ने जरूर जारी किया है कि अगर सुप्रीम कोर्ट आदेश देता है तो किसान ट्रैक्टर रैली को गणतंत्र दिवस पर नहीं निकालेंगे और इसका आयोजन किसी और दिन करेंगे।



गौरतलब है कि भारतीय किसान यूनियन और अन्य किसान संगठन सुप्रीम कोर्ट के आदेशों को मानने से इनकार कर चुके थे। उन्होंने अपना धरना प्रदर्शन जारी रखने, ट्रैक्टर रैली निकालने और सुप्रीम कोर्ट द्वारा तय की गई कमेटी के समक्ष न पेश होने की बातें कही थी। किसानों का कहना है कि कानून संसद ने बनाए है, संसद ही इसे खत्म करेगी इसलिए जो किसान कल तक सरकार द्वारा बुलाई बैठकों की आलोचना करते हुए तारीख पर तारीख के डायलॉग बोल रहे थे, अब दसवें दौर की बैठक भी सरकार के साथ करने को तैयार है। दरअसल, ज्यादातर किसान यूनियनों को इस बात का एहसास हो गया है कि उन्हें सरकार से बैठक कर समस्या का समाधान कर लेना चाहिए क्योंकि सुप्रीम कोर्ट द्वारा अगर इस मसले का हल किया गया तो वहां उन्हें ज्यादा नुकसान हो सकता है, जबकि सरकार उनकी कृषि कानून रद्द करने की मांग के अलावा बाकि मांगों पर बात करने को तैयार है, फिलहाल किसान संगठनों को दिक्कत इस बात की आ रही है कि जो ताकतें पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश व अन्य प्रदेशों के गांवों से जबरन ट्रैक्टर भिजवाने की मुहिम चला रही है वो ट्रैक्टर जब दिल्ली की सीमाओं पर पहुंच गए तो उन्हें वापस कैसे करेंगे क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने अगर ट्रैक्टर मार्च पर रोक लगा दी तो फिर वो रैली कैसे निकालेंगे, यही कारण है कि टिकैत ने ट्रैक्टर मार्च न किए जाने का माहौल तैयार करना शुरू कर दिया है ताकि किसान संगठनों की किरकिरी न हो।

## सी वोट्र्स के ताजा सर्वे से भाजपा में बेचैनी

**शुक्रवार** को एक राष्ट्रीय चैनल ने सी वोट्र्स का सर्वे जारी कर सबको चौंका दिया। देश के सबसे अयोग्य मुख्यमंत्रियों की सूची में भाजपा के दो मुख्यमंत्री पहले और दूसरे नंबर पर दिखाए गए है। सर्वे के नतीजों के अनुसार उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत पहले नंबर पर और हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल दूसरे नंबर पर देश के सबसे अयोग्य मुख्यमंत्री बताए गए है। इस सर्वे रिपोर्ट के बाद भाजपा हाईकमान इस स्थिति को संभालने में जुट गई है। दरअसल, दोनों ही प्रदेशों में भाजपा मुख्यमंत्रियों की कार्यशैली से उनकी अपनी पार्टी के लोग ही नाराज है।

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र रावत पर दो महीने बाद हरिद्वार में लगने वाले कुंभ मेले के आयोजन को लेकर अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष ने ही सवाल खड़े करते हुए बयान जारी किया है कि इस सरकार के बस की बात नहीं है कि कुंभ आयोजन को सफलतापूर्वक करवा सके। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से मिलने की बात की है, ताकि रावत की ढुलमुल कार्यशैली से उन्हें अवगत कराया जा सके। इसी प्रकार हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल का अपने गृहक्षेत्र करनाल में हेलिकॉप्टर को न उतार पाना साबित करता है कि प्रदेश में उनकी पकड़ कमजोर हो चुकी है, खैर उपरोक्त घटनाएं तो मात्र उदाहरण है, दोनों ही प्रदेशों में भाजपा धीरे-धीरे हाशिए पर जा रही है। प्रदेश की जनता अपने मुख्यमंत्रियों के कामकाज से संतुष्ट नहीं है, प्रदेश में राजनैतिक अस्थिरता का माहौल है, दोनों ही प्रदेशों में जनता भाजपा की कार्यशैली से खुश नहीं है। ब्यूरोक्रेसी हावी है, आम आदमी को काम करवाने के लिए सरकारी कार्यालयों में धक्के खाने पड़ते है। कानून व्यवस्था की स्थिति भी पहले से बदत्तर हुई है। उद्योग धंधे भी प्रभावित है, बेरोजगारी भी बढ़ी है, किसानों, मजदूर, सरकारी कर्मचारियों, व्यापारियों, छोटे कारोबारियों सभी में असंतोष व्याप्त है। भाजपा हाईकमान इन प्रदेशों में सुधार करने के लिए क्या कदम उठाती है, इसका तो पता नहीं है, लेकिन राजनैतिक गलियारों में ये कयास लगाए जा रहे है कि यहां नेतृत्व में बड़े बदलाव निकट भविष्य में हो सकते है, अगर ऐसा नहीं हुआ तो भाजपा आगामी चुनावों में सत्ता के करीब तक भी नहीं पहुंच पाएगी। हालांकि सी वोटर के इसी सर्वे में प्रधानमंत्री मोदी को देश का सबसे दिग्गज नेता माना गया है और सभी 532 संसदीय क्षेत्रों में 58 प्रतिशत लोगों की नरेंद्र मोदी पहली पसंद है, कांग्रेस व अन्य विपक्षी दलों के नेता लोकप्रियता के मामले में उनसे कोसों दूर है।

# चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हों




जीवन चक्र

भारत भूषण पद्मदेव




मैं अपने कीमती पाठकों को स्वस्थ एवं उत्पादक भावी जीवन की शुभकामनाएं देता हूं। मौजूदा महामारी के भयावह अनुभव को देखते हुए, यह सभी के लिए सहज कामना होगी। इसने जीवन की सहज रफ्तार को लगभग पूरे एक साल के लिए ठप्प कर दिया, जिससे 79 मिलियन से ज्यादा लोग प्रभावित हुए और 1.7 मिलियन लोगों की मौत हुई। उन्नत चिकित्सा सुविधा की मेहरबानी है कि क्षति को (1918-1920 की महामारी के विपरीत, जिसमें कि बताया जाता है कि पांच करोड़ लोगों की मौत हुई थी) इस स्तर पर रोका जा सका। जैसा कि पहले ही 2020 के इस कॉलम के शुरुआती लेख में इंगित किया गया था, कि 26 दिसंबर, 2019 को सौर ग्रहण धुरी पर सात ग्रहों का कतारबद्ध होना इस घटना के घटित होने का मूल कारण है। उनमें से, शनि और केतु, दोनों में मारक बोध रहा, विस्तारवादी बृहस्पति ने इसमें बढ़ा दिया, और जानलेना प्लूटा इसे बहुत बड़ा मामला बना दिया। चूंकि महामारी का कोई भी प्रामाणिक ज्योतिषीय संकेतक उपलब्ध नहीं था, इसलिए इसका पूर्वानुमान नहीं हो सकता था, लेकिन भारी संख्या में मौतों का काफी हद तक पूर्वानुमान हो गया था। भारत के लिए बड़ी राहत यह है कि महामारी के अमेरिका और यूरोप को बुरी तरह प्रभावित करने के बावजूद, इसका प्रचंड आवेग यहां पर समतल होता नजर आता है। क्योंकि, शनि और बृहस्पति अब मकर राशि से गुजर रहे हैं, जोकि एक देश के रूप में भारत की परिचायक राशि है, दोनों ग्रह प्लूटो से दूर होते जा रहे हैं। जनवरी अंत तक शनि और बृहस्पति दोनों खतरनाक प्लूटो से दस डिग्री से ज्यादा की दूरी पर होंगे, जो महामारी प्रभाव को कम होते जाने का संकेतक है। फिर भी हम 11 फरवरी की नवचांद तालिका में मकर राशि में इस समय सात ग्रहों के एक साथ होने के मद्देनजर, जो कि भावी गंभीर समस्याओं का संकेतक है, लापरवाह होना बर्दाश्त नहीं कर सकते। नई चांद तालिका का असर सामान्यतया एक माह तक सीमित होता है। फिर भी, राहत की बात यह है कि प्लूटो अन्य 6 ग्रहों से बहुत पीछे रहेगा।

इन सभी ग्रहीय बदलावों के साथ संयोगमात्र है टीकों का विकास होना, जिसके कारण महामारी पर रोक लगनी चाहिए। इसलिए आशा है कि स्थिति मार्च 2021 के बाद नियंत्रण में आ जानी चाहिए। महामारी के अलावा, देश अन्य मामलों में भी चुनौतीपूर्ण दौर का सामना करता हुआ नजर आता है। बृहस्पति एवं शनि का वृश्चिक राशि में एक साथ होने पर ध्यान देने की आवश्यकता है। महान म्यूटेशन के रूप में बताई गई यह परिघटना आमतौर पर राजनीतिक एवं सामाजिक आयामों के संदर्भ में बड़े बदलावों का संकेतक है।

यह विशेष संयोग गहन सामाजिक उलटफेर का इशारा करता है, जो अक्सर आंतरिक टकरावों, विद्रोहों, सत्ता संघर्षों, सार्वजनिक प्रदर्शनों, एवं आर्थिक मंदी की ओर ले जाएगा। बृहस्पति एवं शनि 21 नवंबर, 2020 से एक साथ बने हुए हैं, जो 21 दिसंबर को बिलकुल सटीक हो गया। फिर दोनों भारत के स्वतंत्रता तालिका में चंद्रमा एवं बुध के विपरीत अवस्था में आ गए। स्वतंत्रता तालिका में चौथे घर का स्वामी चंद्रमा आम तौर पर कृषि, भूमिक एवं संपत्ति का परिचायक है। चंद्रमा के विरुद्ध शनि की स्थिति लोगों के असंतोष एवं सरकार के खिलाफ अविश्वास को इंगित करता है। इसके अलावा, चूकि स्वतंत्रता तालिका में प्रगतिरत शनि सूर्य के साथ है। शनि का बुध के विपरीत होना सरकार का और प्रदर्शनकारी लोगों का अड़ियल रवैय्या रखना दर्शाता है। बृहस्पति का बुध के विपरीत होने का अर्थ सोच में टकराव हो सकता है। साथ ही, नीतिगत फेरबदल सामान्यतया लोगों का गुस्सा भड़का सकता है। आश्चर्य नहीं कि न तो प्रदर्शनकारी किसान और न ही सरकार झुकते नजर आते हैं। युवा आक्रोश को भी खारिज नहीं किया जा सकता। बौद्धिक समुदाय भी ग्रहण मुद्रा में होगा। व्यापार और वाणिज्य अपेक्षानुसार आगे नहीं बढ़ेगा।

आइए अब देश के जीवन क्रम पर प्रभाव से संबंधित अन्य ज्योतिष संकेतकों पर नजर डालते हैं। पहले गौरतलब यह है कि प्रगतिरत मंगल स्वतंत्रता तालिका में शनि के साथ है। यह देश की सीमाओं के अलावा भीतर भी गंभीर सुरक्षा चिंताओं का पूर्वसंकेत करता है। हमारे किसी नेता का जीवन भी खतरे में पड़ सकता है। नववर्ष तालिका में, वीनस तीसरे घर में केतु के साथ है, जो शैतान वरुण के विपरीत मुद्रा में भी है। यह दर्शाता है कि यातायात सेक्टर के अपनी बुरी हालत से जल्द बाहर आने की उम्मीद नहीं है। महिलाओं की सुरक्षा चिंता का विषय बनेगी। देश भी वित्तीय स्थिति अच्छी स्थिति में होने की उम्मीद नहीं है।

मकर में सौर प्रवेश के समय बनी कुंडली में पांच ग्रह मकर राशि में उपस्थित है- सूर्य, चंद्रमा, शनि, बृहस्पति एवं बुध, और ये सारे प्रचंड मंगल के विपरीत मुद्रा में हैं। जो टकराव का और तीव्र करेगा। साथ ही, आतंकवादी हमला, सांप्रदायिक दंगा होने और वित्तीय संकट होने की संभावना है। 26 मई, 2021 को सूर्य ग्रहण होना है जो निर्धारित राशि में हो रहा है। इसे ग्रहण तालिका के चौथे घर में शनि की उपस्थिति के साथ जोड़कर अध्ययन किया जाए (जो कि यूरेनस और मंगल के विपरीत मुद्रा में है) तो यह भूकंप और तूफान के कारण भारी जानी नुकसान होने की संभावना का संकेतक है। मकर राशि में आज्ञाकारी बृहस्पति की उपस्थिति हालांकि क्षति को न्यूनतम कर सकती है।